तापमान अधिकतम :23°C न्यूनतम: 07°C

सेंसेक्स 75,311.06 निफ्टी 22,795.90

सोना 89,140 चांदी 100,500

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, शनिवार 22 फरवरी 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 195 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ फाल्गुन पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2081 23 शाबान 1446 हिजरी

नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




## गुजराती काश पटेल बने अमेरिकी एजेंसी एफबीआई के डायरेक्टर

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



## कोहली ने की कैच पकड़ने में अजहर के रिकॉर्ड की बराबरी

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

### उत्तराखंड में नया भू-कानून बजट सत्र में हुआ पारित

# नया भू-कानून राज्य में भू सुधार के लिए प्रयास : धामी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ राज्य की भूमि को भू माफियाओं से बचाने और दुरुपयोग रोकने की कोशिश

■ राज्य में अलग-अलग जिलों की परिस्थितियां भी भिन्न-भिन्न प्रकार की हैं

**देहरादून।** उत्तराखंड विधानसभा के बजट सत्र में शुक्रवार को नया भू-कानून बिल पास कर दिया गया है।

नए भू-कानून पर चर्चा के दौरान शुक्रवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सदन को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की भौगोलिक परिस्थितियों और डेमोग्राफिक स्थिति, अवैध कब्जों और भू माफियाओं पर अंकुश की आवश्यकता को देखते हुए सशक्त भू कानून लाया जा रहा है। राज्य में लाए जा रहे नए भू कानून को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि ये भू कानून एक प्रकार से भू सुधार है और भू प्रबंधन है। ये कोई अंत नहीं है, बल्कि ये शुरुआत है। हम लोकतांत्रिक मूल्यों पर विश्वास रखने वाले लोग हैं। प्रदेश के बाहर के लोगों द्वारा विभिन्न उद्योगों के नाम पर और स्थानीय लोगों को रोजगार देने के नाम पर अन्य प्रयोजनों के लिए जमीन का उपयोग किया जा रहा था। अब सशक्त भू कानून के बाद ऐसे लोगों को सफलता नहीं मिल पाएगी। राज्य बनने के बाद औद्योगिक निवेश और विकास के लिए पैकेज भी दिया गया, जिसके तहत उद्योगों का विकास हुआ इसलिए हम ये भी चाहते हैं कि औद्योगिक विकास भी न रुके और साथ ही राज्य की भूमि का सदुपयोग भी हो। इसके लिए भू-कानून में भू प्रबंधन का ध्यान रखा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में 3461.77 एकड़ वन भूमि को कब्जा हटाने का काम हुआ है। राज्य के -शेष पृष्ठ दो पर

# 2029 तक यूपी बनेगा एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था: सीएम योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान सपा सदस्य रागिनी के एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री का दावा



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दावा किया है कि वर्ष 2029 तक उत्तर प्रदेश एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के अपने लक्ष्य को हासिल कर लेगा।

श्री योगी ने विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान सपा सदस्य रागिनी सोनकर के एक सवाल के जवाब में कहा कि उत्तर प्रदेश देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है। उन्होंने कहा कि जब उनकी सरकार आई थी, तब राज्य की अर्थव्यवस्था 12 लाख करोड़ रुपये थी, जो इस वित्तीय वर्ष के अंत तक 27.5 लाख करोड़ रुपये हो जाएगी। प्रदेश सरकार 2029 तक उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि जो लोग भारत को विकसित राष्ट्र नहीं मानते, वे उत्तर प्रदेश की आर्थिक वृद्धि पर भी सवाल उठाते हैं, भारत आज दुनिया की एक बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में आगे बढ़ रहा है।

## एक करोड़ की ड्रग्स के साथ लेडी डॉन जोया अरेस्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने गैंगस्टर हाशिम बाबा की तीसरी पत्नी जोया खान को 270 ग्राम ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया, जिसकी कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में करीब एक करोड़ रुपये है। जोया को पुलिस ने 20 फरवरी को नॉर्थ ईस्ट दिल्ली के वेलकम इलाके से गिरफ्तार किया। जोया खान का नाम लंबे समय से पुलिस की निगरानी लिस्ट में था, लेकिन वह हर बार बच निकलती थी। 33 साल की जोया को अपने पति के गैंग को संभालने और कानून से बचने में माहिर माना जाता था। पुलिस को लंबे वक्त से शक था कि वह अपराधों में शामिल है, लेकिन पुख्ता सबूत न मिलने के कारण अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई थी। इस बार दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने उसे रंगे हाथों पकड़ लिया। हाशिम बाबा पर हत्या उगाही और हथियार तस्करी के दर्जनों मामले दर्ज हैं।

## नई दिल्ली स्टेशन पर भगदड़ के वीडियो हटाने के निर्देश

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर 15 फरवरी को हुई भगदड़ में 18 लोगों की मौत हो गई थी। मामले में अब तक जांच रिपोर्ट नहीं आई है, लेकिन रेलवे ने एक फरमान जरूर जारी किया है। एक रिपोर्ट के अनुसार रेल मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स को नोटिस जारी कर 288 वीडियोज लिंक हटाने का निर्देश दिया है। मंत्रालय ने 17 फरवरी को यह नोटिस भेजा था और एक्स को 36 घंटे में घटना से जुड़े सभी वीडियो लिंक हटाने का निर्देश दिया था।

## सोनिया गांधी को मिली अस्पताल से छुट्टी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष तथा पार्टी की राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी को एक दिन तक डॉक्टरों की देख रेख में रखने के बाद शुक्रवार को यहां गंगाराम अस्पताल से छुट्टी मिल गई। श्रीमती गांधी को गुरुवार सुबह पेट दर्द के बाद यहां सर गंगा राम अस्पताल से नियमित चेकिंग के लिए ले जाया गया, जहां पेट से जुड़ी समस्या के कारण उन्हें भर्ती कराया गया। सूत्रों के अनुसार श्रीमती गांधी की गुरुवार सुबह नियमित जांच की गई, लेकिन पेट में मामूली संक्रमण होने के कारण डॉक्टरों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कर दिया और शुक्रवार सुबह छुट्टी दे दी गई।

## सज्जन कुमार की सजा पर फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** दिल्ली में 1984 सिख विरोधी दंगा मामले में कोर्ट ने कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार के खिलाफ सजा पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। पीड़ित पक्ष ने सज्जन कुमार के लिए मौत की सजा की मांग की है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 12 फरवरी को सज्जन कुमार को दोषी ठहराया था। उन पर 1984 में दंगों के दौरान सरस्वती विहार में जसवंत सिंह और उसके बेटे तरुणदीप सिंह की हत्या का दोषी पाया।

# विकसित भारत के लिए सर्वश्रेष्ठ नेतृत्व जरूरी

## पीएम ने भारत मंडपम में 'सोल' लीडरशिप कॉन्क्लेव के पहले संस्करण का किया उद्घाटन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**कहा राष्ट्र निर्माण के लिए नागरिकों का विकास जरूरी है, व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि 21वीं सदी के 'विकसित भारत' के लिए देश के हर सेक्टर में, हर वर्टिकल में, जीवन के हर पहलू में दिन-रात काम करने के लिए उत्तम से उत्तम नेतृत्व की जरूरत है, जो वैश्विक सोच और स्थानीय विकास के विचार पर चले। पीएम मोदी ने शुक्रवार को यहां भारत मंडपम में स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप (सोल) लीडरशिप कॉन्क्लेव के पहले संस्करण का उद्घाटन किया। उनके साथ भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे भी मौजूद थे।

पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि कुछ आयोजन ऐसे होते हैं, तो हृदय के बहुत करीब होते हैं और आज का ये कार्यक्रम सोल लीडरशिप कॉन्क्लेव भी ऐसा ही आयोजन है। राष्ट्र निर्माण के लिए नागरिकों का विकास जरूरी है, व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण। उन्होंने कहा कि यदि जन से जगत तक किसी भी ऊंचाई को प्राप्त करना है, तो आरंभ जन से ही शुरू होता है। हर क्षेत्र में बेहतरीन लीडर्स का विकास बहुत जरूरी है और समय की मांग है। इसलिए सोल की स्थापना 'विकसित भारत' की विकास यात्रा में एक बहुत महत्वपूर्ण और बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद भारत को गुलामी से बाहर निकालकर भारत को परिवर्तित करना चाहते थे और उनका विश्वास था कि अगर सौ लीडर उनके पास हों, तो वह भारत को आजादी ही नहीं, बल्कि दुनिया का नंबर वन देश बना सकते हैं। इसी मंत्र को लेकर हम सबको आगे बढ़ना है। आज हर भारतीय, 21वीं सदी के 'विकसित भारत' के लिए दिन-रात काम कर रहा है। ऐसे में 140 करोड़ के देश में भी हर सेक्टर में, हर वर्टिकल में, जीवन के हर पहलू में हमें उत्तम से उत्तम लीडरशिप की जरूरत है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के लिए हमारी लड़ाई से बेहतर साझा उद्देश्य का कोई उदाहरण नहीं हो सकता, आज हमें स्वतंत्रता की भावना को पुनर्जीवित करना होगा और इससे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना होगा, यदि आप स्वयं को विकसित करते हैं, तो आप व्यक्तिगत सफलता का अनुभव कर सकते हैं। यदि आप एक टीम विकसित करते हैं, तो आपका संगठन विकास का अनुभव कर सकता है और यदि आप नेताओं को विकसित करते हैं, तो आपका संगठन बहुत तेजगति से प्रभावी विकास कर सकता है।



## भागलपुर से किसान सम्मान निधि का वितरण करेंगे मोदी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को कहा कि बिहार के भागलपुर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त जारी कर 22000 करोड़ रुपये की राशि का वितरण करेंगे। श्री चौहान ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी देते हुए बताया कि भागलपुर में 24 फरवरी को देशव्यापी किसान सम्मान समारोह आयोजित होगा। प्रधानमंत्री मोदी मुख्य अतिथि होंगे। श्री चौहान ने कहा कि किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त में 22,000 करोड़ रुपये से अधिक राशि किसानों को सीधे उनके बैंक खाते में भेजी जाएगी।

# सुप्रीम कोर्ट ने अब्बास अंसारी मामले में आदेश वापस लिया

शाह टाइम्स ब्यूरो

**पुलिस से पूछा- क्या उनके खिलाफ कोई जांच लंबित है**



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को अपना एक आदेश वापस ले लिया, जिसमें पुलिस से गैंगस्टर एक्ट के तहत एक मामले में विधायक अब्बास अंसारी के खिलाफ जांच 10 दिनों के भीतर पूरी करने को कहा गया था।

कोर्ट ने इसकी बजाय यह जानना चाहा कि क्या उनके खिलाफ कोई जांच लंबित है? जस्टिस सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने मामले की अगली सुनवाई 6 मार्च को तय की। आदेश वापस लेने का वाकया तब हुआ, जब अब्बास अंसारी की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि जांच पूरी हो चुकी है और यूपी गैंगस्टर एक्ट के तहत दर्ज मामले में आरोपपत्र दाखिल किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि राज्य ने मामले में गलत हलफनामा दाखिल किया है और अब्बास अंसारी के खिलाफ कुछ भी लंबित नहीं है। यूपी सरकार की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज ने कहा कि उन्हें मामले पर और स्पष्टीकरण की जरूरत है। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश पुलिस को गैंगस्टर अधिनियम के तहत विधायक अब्बास अंसारी के खिलाफ एक मामले में 10 दिनों के अंदर जांच पूरी करने का निर्देश दिया था।

## छत्तीसगढ़ को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने नागरिक पूर्ति निगम (एनएएन) घोटाले में पूर्व महाधिवक्ता सतीश चंद्र वर्मा की अग्रिम जमानत की मांग वाली उनकी याचिका पर शुक्रवार को छत्तीसगढ़ सरकार को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने छत्तीसगढ़ सरकार के अधिवक्ता का यह बयान दर्ज किया कि अदालत के अगले आदेश तक उनके खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी।

# दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता एक्शन मोड में, लिए 5 बड़े फैसले

**नई दिल्ली।** दिल्ली में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के एक दिन बाद रेखा गुप्ता ने पूर्व सीएम आतिशी और उनके मंत्रियों के पर्सनल स्टाफ को हटा दिया है।



इसके अलावा आतिशी सरकार ने जिन अधिकारियों के कर्मचारियों को दूसरी जगह -शेष पृष्ठ दो पर

1. आतिशी व पूर्व मंत्रियों का पर्सनल स्टाफ हटाया
2. मोहल्ला क्लीनिकों की होगी जांच
3. दिल्ली में लागू होगी आयुष्मान भारत योजना
4. कैग की रिपोर्ट होगी पेश
5. महिलाओं के लिए फ्री बस सेवा जारी रहेगी

**अरविंदर लवली प्रोटेम स्पीकर होंगे**

# ईडी ने बीबीसी इंडिया पर 3.44 करोड़ का लगाया जुर्माना

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ एफडीआई नियमों के उल्लंघन का आरोप

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) नियमों का उल्लंघन करने के आरोप में बीबीसी वर्ल्ड सर्विस इंडिया पर 3.44 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। ईडी ने इसके तीन डायरेक्टर्स पर भी 1.14 करोड़ रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया है। यह आदेश भारतीय विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत दिया गया।

एक रिपोर्ट के अनुसार, बीबीसी वर्ल्ड सर्विस इंडिया, 100 प्रतिशत एफडीआई वाली कंपनी है। बीबीसी डिजिटल न्यूज मीडिया है, लेकिन कंपनी ने एफडीआई को 100 प्रतिशत बनाए रखा। जबकि सरकार द्वारा 2019 में जारी आदेश के तहत डिजिटल मीडिया में एफडीआई की सीमा 26 प्रतिशत निर्धारित की गई थी, जिसे कंपनी ने नजरअंदाज किया। ईडी ने 4 अगस्त 2023 को बीबीसी वर्ल्ड सर्विस इंडिया, इसके तीन डायरेक्टर और वित्त प्रमुख को एक शो-काज नोटिस जारी किया था। बीबीसी वर्ल्ड सर्विस इंडिया पर कुल जुर्माना 3 करोड़ 44 लाख 48 हजार 850 रुपये का लगाया गया है। इसके अलावा, फेमा 1999 के प्रावधानों के उल्लंघन के लिए 15 अक्टूबर 2021 के बाद हर दिन के लिए 5,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है, दिल्ली के केजी मार्ग स्थित इस इमारत में बीबीसी का ऑफिस है। यहीं पांचवें और छठे फ्लोर पर आईटी ने रेड की थी।

## भारत-पाक सीजफायर बनाए रखने पर सहमत

**जम्मू।** भारत और पाकिस्तान ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के चक्कन-दा-बाग क्रॉसिंग प्वाइंट पर आयोजित ब्रिगेडियर-स्तरीय फ्लैग मीटिंग में सीमा पर शांति के लिए नए सिरे से संघर्ष विराम समझौते का सम्मान करने पर सहमत हुए हैं।

आधिकारिक सूत्रों ने यहां बताया कि हाल ही में सीमा तनाव के मद्देनजर शुक्रवार सुबह भारत और पाकिस्तान के बीच ब्रिगेडियर- स्तरीय फ्लैग मीटिंग हुई। उन्होंने कहा कि बैठक बहुत सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई और एक घंटे से अधिक समय तक चली। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष सीमा पर शांतिपूर्ण माहौल के लिए 25 फरवरी, 2021 को नए सिरे से किए गए संघर्ष विराम समझौते का सम्मान करने पर सहमत हुए हैं। इस वर्ष पाकिस्तान की ओर से संघर्ष विराम का कई बार उल्लंघन हुआ है।


حج عمرہ و زیارات

IATA बिस्मिल्लाह टूर एण्ड ट्रैवल्स (दधेड़ू वाले) CERTIFIED ISO 9001:2015 COMPANY

हज, उमराह, ज़ियारत

25 अप्रैल 2025 उमरा टूर RS. 75,000/- 20 दिन

फुल रमजान उमरा पैकेज RS.1,20,000/-

मक्का होटल : 650 मीटर जोरत मानसिया और हुसैन मोद्दा सीमीलर

मदीना होटल: 800 मीटर पी०सी० अल मदीना और अल फिरदौस सीमीलर

डाइरेक्ट फ्लाइट

होटल में रहना, खाना व ज़ियारत

मज़ीद जानकारी व बुकिंग के लिए राब्ता करें।

हाजी आलम – 9756508234

एयर टिकट, टूरिस्ट एण्ड बिजनेस वीज़ा के लिए सम्पर्क करें।

मुजफ्फरनगर ऑफिस: निकट सरवट गेट चौराहा, लताफत अली खान मार्किट, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर 0131-2644200, 7017145399, 8534039577

दिल्ली ऑफिस: 1-एफ, बिल्डिंग सेकण्ड फ्लोर, भरत नगर, न्यू फ्रैन्डस कॉलोनी, नई दिल्ली-110025 011-41251668, 9821106157

E-mail:bismillah786@gmail.com

www.bismillahtourandtravel.com info@bismillahtourandtravels.com


# हमारे आंतरिक मामलों में विदेशी दखल चिंताजनक

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ भारतीय चुनाव में यूएस फंडिंग वाले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के बयान पर बोला विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारतीय चुनाव में अमेरिकी फंडिंग को लेकर बयान दिया है। इसे लेकर विदेश मंत्रालय ने जवाब दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हमें अमेरिकी प्रशासन द्वारा कुछ यूएस गतिविधियों और फंडिंग के बारे में जानकारी दी गई।

यह बेहद परेशान करने वाली है। भारत के आंतरिक मामलों में विदेशी दखल चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग और एजेंसियां इस मामले की जांच कर रही हैं। इस समय सार्वजनिक टिप्पणी करना जल्दबाजी होगी। अधिकारी इस पर गौर कर रहे हैं और उम्मीद है कि हम बाद में इस पर अपडेट दे पाएंगे। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा था कि हमें भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए 2.1 करोड़ डालर देने की क्या जरूरत है? मुझे लगता है कि वे (बाइडन सरकार) चाहते थे कि चुनाव में किसी और को चुना जाए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि इस बारे में कि क्या सार्क पर चर्चा हुई या नहीं। जब विदेश मंत्री ने मस्कट में बांग्लादेश के विदेश सलाहकार से मुलाकात की थी, तब यह मामला बांग्लादेश की ओर से विदेश मामलों की बैठक में उठाया गया था। दक्षिण एशिया में हर कोई जानता है कि कौन सा देश और कौन सी गतिविधियां सार्क को बाधित करने के लिए जिम्मेदार हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि बांग्लादेश को आतंकवाद को सामान्य नहीं बनाना चाहिए।

## चीन के साथ संबंधों में महत्वपूर्ण प्रगति: एस.जयशंकर



**जोहान्सबर्ग/नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शुक्रवार को चीन के विदेश मंत्री वांग ई से मुलाकात करके सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति का प्रबंधन, कैलाश मानसरोवर यात्रा, उड़ान कनेक्टिविटी और यात्रा सुविधाओं के बारे में चर्चा की। विदेश मंत्रालय के अनुसार डा. जयशंकर ने जी-20 विदेश मंत्री बैठक से इतर हुई इस बैठक में अपने आरंभिक वक्तव्य में कहा कि मुझे खुशी है कि हम शुक्रवार को जोहान्सबर्ग में जी-20 विदेश मंत्रियों की बैठक से इतर मिल सकते हैं। इस तरह की सभाओं ने हमारी बातचीत के लिए एक अवसर प्रदान किया है, तब भी जब हमारे संबंध एक कठिन चरण से गुजर रहे थे। हमें यह भी स्वीकार करना चाहिए कि ध्रुवीकृत वैश्विक स्थिति में, हमारे दोनों देशों ने एक संस्था के रूप में जी 20 को संरक्षित और संरक्षित करने के लिए कड़ी मेहनत की है।

# दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

## दूध लेकर लौटते समय हुआ हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नहटौर मार्ग स्थित प्रयास चौकी के पास दो बाइक सवारों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में एक बाइक सवार की दुखद मृत्यु हो गई। मृतक दूध लेकर वापस लौट रहा था।

जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला नई सराय निवासी 40 वर्षीय जफर पुत्र कमर आलम की पशु अस्पताल के पास दूध की दुकान है। बताया जाता है कि गुरुवार रात 8 बजे वह बाइक से दूध लेकर वापस अपनी दुकान पर लौट रहे थे। जब वह प्रयास चौकी के पास पहुंचे तो उनकी बाइक को सामने से आ रहे एक अन्य बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना जबरदस्त था की बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने जफर आलम को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां से उनकी हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। सभासद पति सलमान अहमद ने बताया कि बिजनौर ले जाते समय रास्ते में जफर की मृत्यु हो गई।

# छात्राओं ने सफाई अभियान चलाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** एसबीडी महाविद्यालय की एन एस एस की दोनों इकाईयों के संयुक्त तत्वाधान में सात दिवसीय शिविर का आयोजन ग्राम सुहागपुर में किया।

तृतीय दिवस स्वच्छता अभियान के रूप में आयोजित किया गया। स्वयंसेवी छात्राओ ने ग्राम में स्थित शिव मन्दिर के प्रांगण में स्वच्छता की साथ ही शिविर स्थल को भी स्वच्छ एवं चूना डालकर परिसर को आकर्षक बनाया। द्वितीय सत्र में महाविद्यालय की असि.प्रो. कु. ऋतु देवी ने एक्टिविटी के माध्यम से छात्राओं को अंग्रेजी भाषा के नवीन-नवीन शब्दों का ज्ञान रचनात्मक ढंग से कराया। जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सेदारी की। एनएसएस शिविर का संचालन




एवं निर्देशन एनएसएस अधिकारी श्रीमती नीलम पाल एवं डा. अर्चना कुन्तल के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में स्वयंसेवी छात्राओं में कु. काव्या शर्मा, अंजली सैनी, जयश्री, संध्या, आरजू, यामिनी, हिमानी, अर्शिल, फातमा एवं शैली आदि का विशेष योगदान रहा।

## एक नजर

### हादसे में बाइक सवार घायल



**कासमपुर गढ़ी।** ग्राम कटारमल से कल्लूवाला रिश्तेदारी में जा रहे एक युवक की बाइक ग्राम कल्लूवाला के पास कार से टकराने से वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कासमपुर गढ़ी ले जाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर रैफर कर दिया गया है । ग्राम कटारमल निवासी हरीश सिंह (20 वर्ष) पुत्र सुरेन्द्र सिंह बाइक से कल्लूवाला सेंटर जा रहा था कि कल्लूवाला के पास अचानक साइड से आ रही कार से उसकी बाइक टकरा गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कासमपुर गढ़ी में भर्ती कराया गया। जहां हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर रैफर कर दिया गया है।

### स्वच्छ वसंत कार्यक्रम के तहत पौधारोपण



**नगीना।** नगर पालिका परिषद नगीना व आईटीसी मिशन सुनहरा कल के सहयोग से अधिशाषी अधिकारी संदीप सक्सेना और एसएफआई धीरज वर्मा के निर्देश पर वार्ड नं. 07 स्थित लालसराय ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में प्रधानाचार्य चंद्रशेखर और स्कूल के बच्चो द्वारा स्वच्छ वसंत कर्यक्रम के तहत पौधारोपण किया गया। उनके द्वारा यह सन्देश दिया गया कि ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाएं, जिससे अपने वातावरण को प्रदूषित होने से बचाया जा सके ताकि हम बीमारियों से बच सकें। हमारा नगीना साफ स्वच्छ, सुन्दर हो और स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में नगर पालिका परिषद नगीना को नंबर वन स्थान पर लाने के लिए सभी अपना सहयोग दें। कार्यक्रम के दौरान ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य चंद्रशेखर, आईटीसी से अर्बन कोर्डिनेटर रजनीश लाम्बा, सफाई नायक धीरज राय और उनके सहयोगी लोकेन्द्र मौजूद रहे।

### अधिवक्ता संशोधन बिल की निंदा



**किरतपुर।** सरकार द्वारा अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 को पारित करके समस्त अधिवक्ताओं के संवैधानिक व मौलिक अधिकारों का हनन किया गया है।पूर्व अध्यक्ष बार एसोसिएशन एडवोकेट रवि मेहरा ने कहा कि जहाँ संविधान द्वारा देश के हर व्यक्ति को अपनी बात रखने का अधिकार दिया गया है। वहीं धारा 35 ए में अधिवक्ताओं और उनके अधिकारों को छीनने का काम किया है। हम अधिवक्ता पूरे तरीके से सरकार के इस फैसले का विरोध करते है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा कदम कदम पर अधिवक्तों को कमजोर करने का काम किया जा रहा है। धारा 35 ए में ऐसे बहुत से प्रावधान लागू किए गए हैं, जिसमे अधिवक्ताओं द्वारा धरना या हड़ताल की जाएगी तो उसमें जुर्माना किया जाएगा। ऐसे गलत कानून लागू करके सरकार की मंशा अधिवक्ताओं के खिलाफ साफ नजर आ रही है। उन्होंने कहा इस तरह के कानून की पुरजोर निन्दा करते हैं।

### सेवानिवृत्त एसडीएम शैलेन्द्र सिंह का निधन



**नगीना।** नगीना में एसडीएम रहे शैलेन्द्र कुमार सिंह का हृदय गति रुक जाने के कारण आकस्मिक निधन हो गया है। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने नगीना की आवाम का दिल जीत लिया थां इसलिए उनके निधन का समाचार मिलते ही यहां शोक की लहर दौड़ गई। रिटायर्ड एसडीएम शैलेंद्र कुमार सिंह हर दिल अजीज व मधुर भाषी प्रतिभा के धनी थे। लखनऊ, मुरादाबाद, बिजनौर, प्रतापगढ़ जिलों में एसडीएम के पद पर कार्य कर चुके शैलेंद्र सिंह 31 मार्च 2024 में बिजनौर से एसडीएम के पद से सेवानिवृत हुए थे। उन्होंने सियाणा में भी तहसीलदार के पद पर कार्य किया। उनके अच्छे स्वभाव के कारण उनसे मिलने वाले लोग उनकी सादगी और अच्छाइयों के कायल हो जाते थे। उन्होंने अपना स्थाई निवास बुलंदशहर में ही बनाया था और रिटायरमेंट के बाद भी वह ओएसडी बुलंदशहर खुर्जा विकास प्राधिकरण में तैनात थे। बृहस्पतिवार को उनका निधन हृदय गति रुकने के कारण हो गया। उनके साथ कार्य कर चुके व उनसे मिल चुके लोगों में शोक की लहर दौड़ गई है।

### मयूर डेयरी पावर उत्पाद के सेवन से पशु बीमार

**बिजनौर।** उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी प.चि.-सदर-बिजनौर डॉ. धनपाल सिंह सहगल ने समस्त क्षेत्र वासियों/पशुपालकों को सूचित करते हुए बताया कि मौहल्ला-जाटान, बिजनौर के कुछ पशुपालक के छह पशु मयूर डेयरी पावर उत्पाद का सेवन करने के पश्चात बीमार हो गये है तथा एक पशु की मृत्यु हो गयी है। जिसका पोस्टमार्टम कर सैम्पल जांच हेतु लैब भेजे गये है। उक्त उत्पाद संदेह जनक है। अत: समस्त क्षेत्र वासियों / पशुपालको स्थिति स्पष्ट होने तक उक्त उत्पाद के प्रयोग से बचने की सलाह दी जाती है।

## एक नजर

### रेखा गुप्ता के मुख्यमंत्री बनने पर हर्ष



**नजीबाबाद।** अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन जनपद बिजनौर के युवा जिलाध्यक्ष वासु अग्रवाल के आवास पर गंज इकाई की एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें श्रीमती रेखा गुप्ता को दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाये जाना, वैश्य समाज के लिए गौरव की बात है। संगठन के पदाधिकारियों द्वारा एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया गया। युवा जिलाध्यक्ष वासु अग्रवाल ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का महिला सशक्तिकरण को लेकर एक जीता जागता उदाहरण है। दिल्ली में श्रीमती रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाने के साथ ही समस्त गंज इकाई ने इस फैसले के लिए भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की प्रशंसा की एवं उनका धन्यवाद भी व्यक्त करते हुए श्रीमती रेखा गुप्ता को बधाई दी। साथ ही गंज इकाई एवं संगठन के युवा जिलाध्यक्ष वासु अग्रवाल द्वारा भारतीय जनता पार्टी के समक्ष एक मांग और रखी गई कि अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासमेल्लन के प्रदेश अध्यक्ष एवं लखनऊ उत्तर से विधायक डॉ. नीरज बोरा को उत्तर प्रदेश की कैबिनेट में जगह दी जाए। जिससे वैश्य समाज, भारतीय जनता पार्टी के साथ और मजबूती के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल सके। बैठक में युवा जिलाध्यक्ष वासु अग्रवाल, नगर अध्यक्ष संदीप माहेश्वरी, नगर उपाध्यक्ष महेश अग्रवाल, महामंत्री विशाल अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

### आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशिक्षण



**कासमपुर गढ़ी।** राखी मेमोरियल आईटीआई कालेज आसफाबाद चमन में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को दिये गये वंडर बाक्स का प्रशिक्षण के समापन पर हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें जन समुदाय के समक्ष निपुण लक्ष्यों एवं मूलभूत साक्षरता की आवश्यकता से अवगत कराया गया। बाल विकास परियोजना अधिकारी रीता देवी ने बताया कि नई शिक्षा नीति के अन्तर्गत प्री प्राइमरी कक्षाओं को संचालित करने का प्रावधान है। जिसमें तीन से छह वर्ष तक के बच्चों के मस्तिष्क का 90 प्रतिशत बोधिक विकास आंगनबाड़ी केंद्रों पर होता है। इसलिए आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों को पोषण, अनुमान कोशल, मौखिक भाषा, समस्या समाधान कौशल को बढ़ाने पर भी ध्यान दिया जाना आवश्यक है। इसी उद्देश्य को लेकर क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया तथा उसके समापन पर खंड शिक्षा अधिकारी अफजलगढ़ प्रेम सिंह राणा के निर्देशानुसार हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव का आयोजन किया गया । जिससे अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गये। कार्यक्रम के आयोजन में खंड शिक्षा अधिकारी प्रेम सिंह राणा एवं प्राथमिक अध्यापकों एआरपी पूनम देवी सहित क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का सहयोग रहा।

### किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा की बैठक

**हल्दौर।** गांव वधावा में विद्युत विभाग द्वारा बिजली के बिलों में चल रही गड़बड़ी को लेकर किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा की एक बैठक विकास उर्फ नूरी के निवास पर संपन्न हुई। विकास चौधरी ने कहा कि विद्युत विभाग द्वारा बिजली के बिलों में बहुत गड़बड़ी चल रही है। बार-बार शिकायत करने पर भी विद्युत विभाग द्वारा लापरवाही बरत रहे है। विकास चौधरी ने कहा कि विद्युत विभाग द्वारा लगाए गए मीटरों में गलत रीडिंग आने पर उपभोक्ताओं द्वारा शिकायत दर्ज कराकर चेक मीटर लगाने की बार-बार मांग की जाती है। लेकिन विद्युत विभाग द्वारा चेक मीटर नहीं लगाए जाते।

## सरकार किसानों को कर्ज के जाल में फंसाना चाहती है: बाबूराम तोमर

**बिजनौर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के वरिष्ठ नेता बाबूराम तोमर ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गन्ना मूल्य में कोई वृद्धि न किए जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि महंगे खाद, बीज और फर्टिलाइजर के उपयोग करने के बाद किसानों के सूखे गन्ने के खेत देखकर भी गन्ना मूल्य में कोई बढ़ोतरी न करने से सरकार की कार्यशैली पर कॉर्पोरेटस का दबाव साफ नजर आ रहा है। केंद्र सरकार का बजट हो या राज्य सरकार का बजट हो, कर्ज लेने की लोक लुभावन स्कीम जारी कर कर्ज का बोझ लादकर किसानों को भूमिहीन करने का एक षडयंत्र किया जा रहा है, जबकि देश का किसान अपनी फसलों के वाजिब दाम मांग रहे हैं लेकिन सरकार हमें कर्ज में फसाना चाहती है। देश की तरक्की का रास्ता खेत खलिहानों से होकर गुजरता है। शायद इस कथन को अब की सरकारें भूल चुकी हैं। हमें आने वाले समय में संघर्षों को और बढ़ाना होगा, अपने हक व अधिकार के लिए आंदोलन के रास्ते को और मजबूत करना पड़ेगा।

# जीन्स पर ब्रांडेंड कंपनियों के स्टिकर लगाकर बेचने का आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** उच्च अधिकारियों के आदेश पर पुलिस ने नकली जीन्स पर ब्रांडेड कंपनियों के स्टिकर लगाकर मार्केट में सप्लाई करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मौहम्मद सैफ पुत्र जुल्फिकार अली उर्फ जुल्लू निवासी कासमपुरगढ़ी के रूप में हुई है, जो कि ग्राम कासमपुर गढ़ी से अपना स्टोर चलाता है।

पुलिस ने कंपनी के प्रतिनिधि की तहरीर पर आरोपी युवक दुकानदार के खिलाफ कॉपी राइट एक्ट और धोखाधड़ी की धाराओं के तहत केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। बृहस्पतिवार को थानाध्यक्ष सुमित राठी ने जानकारी देते हुए बताया कि जारा लिवाइस जींस व यूएसपीए जींस कम्पनी के प्रतिनिधि नीरज कुमार निवासी वि.जे बिजनेस टावर प्लाट नम्बर ए6 आठवा तल सैक्टर 125 नोएडा 201301 उत्तर प्रदेश सहित उनके टीम में शामिल सदस्य मोहित बजाज, अभिनन्दन सिंह व भूपेन्द्र सिंह की शिकायत मिलने पर अफजलगढ़ थाना क्षेत्र के गांव कासमपुर गढ़ी में जाकर छापामारी की। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने स्टोर में पड़े सामान को जब्त कर लिया और इसके बाद कंपनी प्रबंधकों से जब्त किए सामान की जांच करवाई, तो मामले का खुलासा हुआ। इसके बाद जारा लिवाइस जींस व यूएसपीए जींस कम्पनी के प्रतिनिधि नीरज कुमार पुलिस टीम की मौजूदगी में कार्रवाई कर स्टोर में रखे सामान को जब्त करके अपने साथ ले गई। कंपनी के प्रतिनिधियों ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि जारा लिवाइस सहित अन्य कंपनी को पिछले लंबे समय से अफजलगढ़ थाना क्षेत्र के गांव कासमपुरगढ़ी से मिलने वाले ऑर्डरों में भारी कमी आ रही थी। वहीं इसको लेकर जब मार्केट में स्थित शोरूम में जाकर स्थिति का जायजा लिया, तो पता चला कि कोई व्यक्ति नकली कपड़ों पर जारा लिवा. इस जींस सहित अन्य कंपनी के स्टिकर लगाकर सप्लाई करके कंपनी को करोड़ों रुपये का चूना लगा रहा है।

इस मामले का असल खुलासा उस समय हुआ। जब कंपनी के अधिकारी ने ग्राहकों से मिलने वाली शिकायतों को लेकर लोगों से सीधा संवाद किया। जबकि ऐसी शिकायतें एक जगह से नहीं, बल्कि आसपास के दुकानदारों से भी मिली कि जारा लिवाइस सहित अन्य कंपनी के स्टिकर लगाकर नकली जीन्स बेची जा रही हैं।

पुलिस ने आरोपी युवक दुक. ानदार मौहम्मद सैफ पुत्र जुल्फिकार अली उर्फ जुल्लू निवासी कासमपुर गढ़ी थाना अफजलगढ़ से 180 जींस, लोवर 360 पीस, 120 पीस जींस सहित तीनों अलग-अलग कंपनी का माल बरामद किया।

उधर थानाध्यक्ष सुमित राठी ने बताया कि कंपनी प्रतिनिधि नीरज कुमार की तहरीर पर आरोपी दुक. ानदार मौहम्मद सैफ पुत्र जुल्फिकार अली उर्फ जुल्लू निवासी कासमपुर गढ़ी थाना अफजलगढ़ के खिलाफ कॉपी राइट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया। जींस और लोवर कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

इस अवसर पर गिरफ्तार करने वाली टीम में चौकी इंचार्ज यशपाल सिंह, हेड कांस्टेबल प्रशांत चौहान, हेड कांस्टेबल विपिन कुमार, हेड कांस्टेबल रवि कुमार तथा कांस्टेबल वरुण कुमार आदि उपस्थित रहे।

# मार्गों की स्ट्रीट लाइट सुचारु करने के आदेश

**कालागढ़।** विधानसभा अध्यक्ष ने मुख्य मार्ग पर स्ट्रीट लाइटों को तत्काल सुचारु रूप से जलने के आदेश दिए। कालागढ़ उपनिवेश के मुख्य मार्गों पर दीपावली पर्व के बाद से मुख्य मार्गों पर स्ट्रीट लाइटों का जलना बन्द हो गया था। जिसको लेकर पूर्व मण्डल अध्यक्ष योगेश कुमार सैनी ने ऋतु खण्डूड़ी भूषण विधायक एवं विधानसभा अध्यक्ष देहरादून को पत्र लिखकर अवगत कराया कि कालागढ़ उपनिवेश के मुख्य मार्गों पर स्ट्रीट लाइटों के न जलने के कारण सड़कों पर वन्य जीवों के आवागमन से कालोनी वासियों को जानमाल का खतरा बढ़ गया है। वहीं महाशिवरात्रि के अवसर पर कांवड़ियों द्वारा चिल्लरखाल, कालागढ़, रामनगर के रात्रि को विश्राम कालागढ़ उपनिवेश में करते हैं। सड़कों पर अंधेरा पसरा होने के कारण वन्य जीव एवं मानव संघर्ष अत्यधिक बढ़ जाता है। जिससे कांवड़ियों को जान माल की हानि होना खतरा अत्यधिक बढ़ जाता है। इसी के मद्देनजर विधायक कोटद्वार ने कार्यवाही करते हुए तत्काल अधिशासी अभियंता उत्तराखंड पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड कोटद्वार को पत्र लिखकर कालागढ़ उपनिवेश के मार्गों को स्ट्रीट लाइट सुचारु करने के आदेश दिए।

# स्वयंसेविकाओं ने लिया समाज के प्रति समर्पित रहने का संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** साहू जैन कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई ने गायत्री शक्तिपीठ तातारपुर लालू में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का अंतिम दिवस को संकल्प दिवस के रूप मे मनाया गया। जिसमें स्वयंसेविकाओं द्वारा राष्ट्रीय एकता और अखंडता को कायम रखने एवं समाज सेवा के प्रति समर्पित रहने का संकल्प लिया गया।

मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रो. बीएस तोमर ने स्वयंसेविकाओं को शुभकामनाएं देते हुए भविष्य के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी तथा शिविर के दौरान उनके द्वारा किए कार्यों की सराहना की। अतिथिगणों द्वारा दीप प्रज्वलन करने के बाद कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सरोज बाई ने विशेष शिविर की सातों दिन की आख्या प्रस्तुत की तथा अतिथिगणों का बुके देकर स्वागत किया।



तत्पश्चात स्वयंसेविका गंगा व संजना द्वारा गणेश वंदना नृत्य प्रस्तुत किया गया। इसके बाद अंजली राज, इतिक्षा व शिफा परवीन द्वारा सरस्वती वंदना तथा शगुन व मानवी द्वारा स्वागत गीत की प्रस्तुति दी गई। तनिशा, कशिश, निशु, दिवांशी, संजना तथा शिल्पी द्वारा समूह नृत्य, शालू रानी व निशा द्वारा नृत्य व अंजली राज द्वारा एकल नृत्य प्रस्तुत किया गया। हिमानी, शिवानी रानी, हिमांशी व आंचल द्वारा एक नाट्य प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर प्रतियोगिता में विजेताओं को प्रमाण पत्र दिए गए। मंच का संचालन प्रनिया अग्रवाल व निशा ने किया। अंत में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सरोज बाई ने सभी अतिथिगणों का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए स्वयंसेविकाओं को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर महाविद्यालय से प्रो. गौतम बैनर्जी, प्रो. हरविंदर, प्रो. मनीष कुमार गुप्ता, प्रो. परमिल कुमार, प्रो. अरुण देव जायसवाल, प्रो. रीना, डॉ. गुरप्रीत सिंह, प्रो. अनिल कुमार, डॉ. दीपक त्रिपाठी, डॉ. पवन कुमार, डॉ. अनिल कुमार राजपुत, डॉ. जयेश, डॉ. देवेन्द्र कुमार मौर्य, डॉ. प्रवीण सिंह, डॉ. अनुराग कुमार सिंह, डॉ. सूर्यकांत भारती, डॉ. आशुतोष त्रिपाठी, डॉ. विकास यादव, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. उमेश कुमार, डॉ. शिवम राय, डॉ. जाह्नवी, डॉ. नवीन, डॉ. अनिन्दिता बोस, डॉ. मोनिका सागर, डॉ. अनुराज तथा शिक्षणेत्तर कर्मचारियों में डॉ. राजपाल सिंह, कुलदीप सिंह, हृदय प्रकाश, विजय भारद्वाज, तुषार कुमार गुप्ता, श्रीमती मंजु पाल, बेगराज, संतोष कुमार, हरी सिंह सिंजाली, बेगराज सिंह, श्रीमती सुनीता आदि उपस्थित रहे।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**नया भू-कानून...**

इतिहास में पहली बार हुआ है कि वन भूमि पर इतना बड़ा कब्जे हटाने का अभियान चलाया है। सरकार ने पिछले दिनों अवैध कब्जे हटाने के अभियान में वन भूमि पर अवैध कब्जों को हटाने का काम किया था, जिससे इकोलॉजी और इकोनॉमी को संरक्षित करने का काम करेगा। देखा गया है कि तमाम लोगों ने जिस प्रयोजन के लिए जमीन खरीदी थी उसका उपयोग उस कार्यों के लिए नहीं किया गया है। राज्य में कृषि एवं औद्योगिक प्रयोजन के लिए भूमि क्रय की अनुमति 11 जनपदों में समाप्त कर दी गई है। केवल हरिद्वार और ऊधमसिंहनगर में कलेक्टर की बजाए सिर्फ राज्य सरकार के स्तर से ही निर्णय लिया जाएगा। और ये केवल किसी भी व्यक्ति के पक्ष में 12.5 एकड़ के लिए ही अनुमति दी जाएगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि राज्य में आवासीय प्रयोजन के लिए 250 वर्ग मीटर के लिए भी शपथ पत्र देना होगा, शपथ पत्र गलत पाए जाने पर उसको सरकार में निहित कर दिया जाएगा। गौरतलब है कि राज्य में हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर जनपद में औद्योगिक निवेश बड़ी मात्रा में है।

**दिल्ली सीएम....**

नियुक्त किया था उन्हें फौरन अपने मूल विभाग में रिपोर्ट करने को कहा गया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता शुक्रवार दोपहर सचिवालय पहुंची और मंत्रियों-अफसरों के साथ मीटिंग की। इसमें दिल्ली जल बोर्ड, पीडब्ल्यूडी और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को खास तौर पर बुलाया गया था। मीटिंग में खराब सड़कों, पानी और मोहल्ला क्लिनिक को मॉडिफाई करने पर चर्चा हुई। शपथ लेने के बाद रेखा गुप्ता ने पहली कैबिनेट मीटिंग में दिल्ली में आयुष्मान योजना लागू करने पर मुहर लगाई।

उन्होंने कहा कि 24 फरवरी से विधानसभा का सत्र बुलाया जाएगा, जो 27 फरवरी तक चलेगा। इसमें स्पीकर और डिप्टी स्पीकर पर फैसला हो सकता है। नए विधायक भी इसी दिन शपथ लेंगे। विधानसभा अध्यक्ष पद के उम्मीदवार विज. ेंद्र गुप्ता ने शुक्रवार को कहा कि अरविंदर सिंह लवली प्रोटेम स्पीकर होंगे। उन्होंने बताया कि सत्र में 25 फरवरी को कैग की सभी 14 पेंडिंग रिपोर्ट पेश होंगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि 'आप' सरकार की शराब नीति में गड़बड़ी से दिल्ली को 2026 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।

## पाकिस्तान में मिनी-बस नाले में गिरी, आठ लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब प्रांत में शुक्रवार तड़के एक खुले नाले में मिनीबस के गिरने से कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई ओर अन्य दो घायल हो गए। स्थानीय पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने स्थानीय मीडिया को बताया कि यह दुर्घटना पूर्वी पंजाब प्रांत के कसूर जिले में उस समय हुई, जब मिनीबस एक संगीत समूह के सदस्यों को लेकर एक विवाह समारोह से लौट रही थी और अनियंत्रित होकर सड़क से लुढ़ककर नाले में गिर गई। दुर्घटना की सूचना मिलने पर बचाव टीमें और पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को नजदीकी अस्पताल में भेजा गया। आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि अन्य दो को चोटें आई हैं। बचाव अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक रिपोर्ट से पता चला है कि वाहन चलाते समय चालक को अचानक से झपकी लग गई, जिसके कारण यह दुर्घटना हुई। पाक में सड़क दुर्घटनाएं एक चिंताजनक मुद्दा बन गई हैं, पिछले कुछ वर्षों में दुर्घटनाओं की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। लाप. रवाही से वाहन चलाना, सड़कों की खराब स्थिति और अपर्याप्त वाहन रखरखाव उच्च दुर्घटना दर के प्राथमिक कारणों में से हैं।

## गुजराती पटेल यूएस एजेंसी एफबीआई के डायरेक्टर

**वॉशिंगटन।** भारतीय मूल के कश्यप काश पटेल, अमेरिकी जांच एजेंसी फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) के डायरेक्टर बन गए है। अमेरिकी संसद के ऊपरी सदन सीनेट ने उनकी नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। गुरुवार को वोटिंग के दौरान उन्हें 51.49 के मामूली बहुमत से पद के लिए चुना गया। डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसदों के अलावा पटेल के विरोध में दो रिपब्लिकन सांसद सुसान कॉलिन्स और लिसा मर्कोव्स्की दोमात्र ने भी वोट किया।

**उत्तर रेलवे**

**ई-नीलामी**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग, (ए.सी.ओ) उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के द्वारा पार्किंग के कार्य हेतु ई-बोलियाँ दिनांक 10.03.2025 एवं पे एंड यूज शौचालय के कार्य हेतु ई-बोलियाँ दिनांक 11.03.2025 को IREPS के माध्यम से विभिन्न स्टेशनो पर www.ireps.gov.in पर आमंत्रित की जाती है, जिसकी विस्तृत जानकारी, नियम व शर्ते www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

594/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**ई-नीलामी**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग, (ए.सी.ओ.) उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के द्वारा बैटरी ऑपरेट व्हीकल, वाणिज्य विज्ञापन तथा नैमिषारण्य रेलवे स्टेशन पर रिटायरिंग रूम के ठेकों को संचालन एवं आवंटन हेतु ई-बोलियाँ website: www.ireps.gov.in पर दिनांक 10.03.2025 को आमंत्रित की गयी है, इनकी विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तें www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

583/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

काले इल्म व सिपली इल्म की काली तांत्रिक शक्तियों का चमत्कार सात घंटों में अपनी आंखों से देखें।

**पंडित जी शर्मा**
**9634608433**

जैसे:- नौकरी, व्यापार, कारोबार, पति-पत्नी में झगड़ा, लव मैरिज में अड़चन, शादी में रुकावट, प्यार में धोखा खाये प्रेमी व प्रेमिका एक बार अवश्य फोन करें। आपका बेटा-बेटी, पति-पत्नी किसी के वश में हो महावशीकरण करवाएं या तुड़वाएं, सौतन-दुश्मन को अपनी आंखों के सामने तड़पता देखें, घर में खून के छींटे या प्रेत आत्माओं का साया।

My Promise आपका प्यार टूटने नहीं दूंगा।
महावशीकरण व मुठकरनी के स्पेशलिस्ट

माताएं व बहनें घर बैठे गारंटीड समाधान करवाएं।
21 वर्षों से आपकी सेवा में

अजमेर शरीफ

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290

R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# अधिवक्ता संशोधन बिल के खिलाफ प्रदर्शन

## डीएम को सौंपा ज्ञापन, बिल की प्रतियां जलाई



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 के खिलाफ जिला बार एसोसिएशन बिजनौर के आह्वान पर अधिवक्ताओं आज काली पट्टी बांध कर प्रदर्शन कर महामहिम राष्ट्रपति को सम्बोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया तथा बिल की प्रतियां जलाई।

इससे पूर्व जिा बार एसोसिएशन की बैठक अध्यक्ष यशपाल सिंह एडवोकेट की अध्यक्षता व सचिव विशाल कुमार के संचालन में हुई। अधिवक्ताओं ने कहा कि भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 के प्रावधान अधिवक्ताआं के संवैधानिक व मौलिक अधिकारों के विपरीत है जो भविष्य में अधिवक्ताओं की एकता व अखण्डता को खंडित एवं दमन करने के आशय को प्रदर्शित करता है। अधिवक्ताओं ने प्रस्तावित संशोधन बिल की घोर निंदा करते हुए आज काली पट्टी बांध कर प्रदर्शन करते हुए बिल का विरोध किया तथा न्यायिक कार्यों से विरत रहे।

दोपहर 12 बजे अधिवक्ता नारेबाजी करते हुए अध्यक्ष यशपाल सिंह, उपाध्यक्ष मुनेश चाहल तथा सचिव विशाल अग्रवाल के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचे और प्रस्तावित बिल की प्रतियां जलाने के बाद महामहिम राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी जसजीत कौर को दिया। ज्ञापन में प्रस्तावित बिल को तुरंत वापस लिये जाने तथा अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट को तत्काल प्रभाव से लागू करने की मांग की गई है।


जिलाधिकारी को ज्ञापन देने तथा विरोध प्रदर्शन करने में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सचिव के अलावा रणजीत सिंह, जावेद, सईद, अंबिका राणा, ममतेश चौहान, पकंज विश्नोई, रजनीश आर्य, तल्हा मकरानी, करतार सिंह, अनिल चौधरी, पीताम्बर सिंह, नरेश पाल, नृपेन्द्र सिंह, आलोक पाल, आफताब अहमद, रिंकू, मनोज कुमार, अशोक पाल, परवेन्द्र चौहान, संजीव शर्मा, सौरभ चौधरी 'लवली', गंगाराम, ओमेन्द्र अग्रवाल, जिला रेवेन्यू बर अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र सिंह, सचिव हेमेन्द्र सिंह, घनश्याम सिंह, अरविंद कुमार, प्रांजल चौधरी, पवन शर्मा, कोमल सिंह, सुनील कुमार आदि अनेक अधिवक्ता शामिल रहे।

# ट्रैक्टर-ट्राली से टकराकर बाइक सवार की मौत

**किरतपुर।** घर से बाइक द्वारा गुनियापुर दवाई लेने जा रहे एक होमगार्ड की ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से मौत हो गई। होमगार्ड की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। ट्रैक्टर चालक ट्राली लेकर फरार हो गया। पुलिस ने मृतक का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिये बिजनौर भेज दिया।

शुक्रवार को गांव गुनियापुर निवासी सेवानिवृत्त होमगार्ड राज कुमार 62 वर्ष पुत्र बिशम्बर सिंह अपने घर से सुबह आठ बजे बाईक द्वारा दवाई लेने गांव भरेकी जा रहा था। जब वह गुनियापुर में पहुंचा तभी पीछे से आ रही ट्रैक्टर ट्राली ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने राजकुमार ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आ गया और उसने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया।

# बजट विकास को प्रगति देने वाला : प्रमोद चौहान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** 2025 - 26 के लिए उत्तर प्रदेश के बजट पर भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चौहान ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट उत्तर प्रदेश के सर्वांगीण विकास करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

उन्होंने कहा कि बजट में समाज के हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। बजट में जहां मेधावी छात्राओं के लिए स्कूटी देने का प्रावधान किया गया है। वहीं युवाओं को रोजगार करने के लिए ब्याज मुक्त लोन देने की घोषणा भी की गई है। विकास को दृष्टिगत करते हुए जहां एक ओर 58 नगर पालिकाओं को स्मार्ट सिटी बनाने की घोषणा की गई है, तो वहीं चार एक्सप्रेस वे बनाने की घोषणा भी की गई है। बजट में जहां राज्य कर्मचारियों का ध्यान रखा गया, तो वहीं साल में दो सिलेंडर मुफ्त देकर महिलाओं का भी ध्यान रखा गया है। बजट में 50 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान स्वास्थ्य व आरोग्य योजनाओं के लिए किया गया, जो लोगों की सेहत के प्रति उत्तर प्रदेश सरकार की जागरूकता को दर्शाता है। उन्होंने बजट को लोकहितकारी व प्रदेश के विकास को रफ्तार देने वाला बताया।

# युवक ने किया कलेक्ट्रेट में आत्मदाह का प्रयास

## परिवार व पुलिस से परेशान होकर उठाया कदम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अपने परिवार व पुलिस से नाराज एक युवक आज सुबह कलेक्ट्रेट परिसर में आत्मदाह करने पहुंच गया। उसने अपनी जैकेट पर पेट्रोल डालकर आग लगा ली, लेकिन वहां मौजूद लोगों ने तुरंत आग बुझा दी। घटना से कलेक्ट्रेट परिसर में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस युवक को पकड़ कर थाने ले गई।

समीपवर्ती ग्राम सालमाबाद निवासी विनीत कुमार (30 वर्ष) पुत्र ग्रीसचंद अपनी ताऊ-चाचा के परिवारों से नाराज है। विनीत का आरोप है कि उसके ताऊ-चाचा के परिवार के लोग आयेदिन उसके खिलाफ पुलिस में झूठी रिपोर्ट लिखाते रहते हैं। विनीत के अनुसार वह पुलिस को सच्चाई बताने की कोशिश करता है, लेकिन पुलिस उसकी बात नहीं सुनती। आये दिन की शिकायतों से वह परेशान हो गया है। विनीत आज सुबह कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचा, उसने एक बोतल में पेट्रोल ले रखा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विनीत ने अपनी पहनी हुई जैकेट पर पेट्रोल डाला और आग लगा ली। अभी उसने आग लगाई ही थी कि लोगों ने उसे पकड़ लिया और आनन-फानन में आग बुझा दी। आग से विनीत की जैकेट मामूली रूप से जल गई।

घटना से कलेक्ट्रेट परिसर में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और विनीत को पकड़ कर थाने ले गई। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

# एसडीएम कार्यालय पर अधिवक्ताओं का प्रदर्शन

## अधिवक्ता एक्ट में संशोधन की निंदा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** बार एसोसिएशन से जुड़े अधिवक्ताओं ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर उपजिलाधिकारी कार्यालय परिसर में प्रदर्शन किया। राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम कुंवर बहादुर सिंह को सौंपकर अधिवक्ता एक्ट में संशोधन किए जाने के प्रस्ताव की निंदा की।

एसडीएम कोर्ट परिसर में आयोजित प्रदर्शन के दौरान अधिवक्ता व उनके परिवार के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने, परिषदों में निर्वाचित सदस्यों के अतिरिक्त अन्य सदस्य समाहित न किए जाने, परिषदों के सदस्यो व उनके अस्तित्व पर सुझाए गये संशोधन तत्काल समाप्त करने, अधिवक्ताओं से लिए जा रहे स्टांप की राशि परिषद को वापिस करने, राज्य सरकार द्वारा विधिक स्टांप की बिक्री पर ली जा रही धनराशि अधिवक्ताओं के लिए कल्याणकारी योजनाओं पर खर्च करने, अधिवक्ताओं को दस लाख को मेडिकल क्लेम व मृत्यु पर दस लाख की बीमा राशि प्रदान किए जाने की मांग की।



ज्ञापन सौंपने वालों में अध्यक्ष भीम सिंह एडवोकेट, कुलदीप कुमार चौहान, ठाकुर सिंह, पुष्पराज सिंह, सुरेंद्र पाल सिंह, सुधीर कुमार, अरविंद कुमार, जितेंद्र कुमार, विपिन चौहान, अलताफ उमर, जावेद उमर, शहजाद परवेज आदि बड़ी संख्या में अधिवक्ता शामिल रहे।

## एक नजर

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**किरतपुर।** गांव असगरपुर में एक 28 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक नशे का आदी था। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। क्षेत्र के गांव असगरपुर निवासी दवकुश पुत्र सुक्खे आयु 28 वर्ष नशे का आदी था। वह लड़ाई-झगड़ा करता रहता था। शुक्रवार को भी वह मानसिक तनाव में था। उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

### हादसे में बाइक सवार किशोर घायल

**कोतवाली देहात।** जनपद संभल के थाना धनौरा क्षेत्र के ग्राम बिलाबटी निवासी धूम सिंह अपने पुत्र विकास कुमार व एक अन्य के साथ हरिद्वार से गंगाजल लेने बाइक से जा रहे थे। गुरुवार की मध्य रात्रि कोतवाली देहात-नहटौर मार्ग पर ग्राम महमूदपुर भावता के पास उनकी बाइक सामने से आ रही बाइक से टकरा गई । जिसमें बाइक पर सवार किशोर विकास कुमार घायल हो गया। घायल को पीएचसी कोतवाली देहात में भर्ती कराया गया। जहां से उपचार के बाद तीनों लोग अपने घर के लिए ही वापस हो गए। उधर नेशनल हाइवे पर ग्राम रोशनपुर प्रताप के पास शुक्रवार की अपराह्न लगभग साढे तीन बजे बाइक और कार की टक्कर हो गई। जिसमें बाइक सवार थाना बढ़ापुर क्षेत्र के ग्राम किशनपुर कुंडा निवासी दीपांशु घायल हो गया। घायल को हायर सेंटर रैफर कर दिया गया। पुलिस घटना के बाद कार को कार सवार समेत थाने में ले आयी हैं।

### आसपा जिला संयोजक का स्वागत



**नगीना।** नगर के मौहल्ला लाल सराय निवासी व नवनिर्वाचित आसपा के जिला संयोजक परवेज पाशी का उनके आवास पर कार्यकर्ताओं द्वारा फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। अपने स्वागत पर आसपा के बिजनौर जिला संयोजक परवेज पाशी ने कहा कि जनता की समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा। आमजन को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। आसपा के जिला संयोजक परवेज पाशी ने कार्यकर्ताओं से भी पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी के हितों की रक्षा की लड़ाई सदैव आसपा ने की है। इस मौके पर सय्यद आदिल, सेवित कुमार, मौहम्मद तय्यब, आशीष रवि, मजाहिर उर्फ गुड्डू सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

### 94 मत से जीतकर ग्राम प्रधान बनी सरोज

**कोतवाली देहात।** ब्लाक कोतवाली की ग्राम पंचायत भोगली में उपचुनाव सरोज ने अपने प्रतिद्वंदी कमलेश को 94 मत से हराया। ब्लाक कोतवाली की ग्राम पंचायत भोगली अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। जिसकी ग्राम प्रधान विमलेश देवी की कुछ माह पूर्व मौत हो गई थी। जिसके लिए बुधवार को उपचुनाव हुआ था। जिसकी मतगणना शुक्रवार सुबह ब्लाक कार्यालय परिसर में की गई। मतदान के दौरान कुल 1216 मत पड़े। जिसमें सरोज देवी 94 मतों से विजय हुई, उन्हें कुल 562 मत मिले। जबकि उसके सामने कमलेश देवी मैदान में थे, जिन्हें 468 मत मिले। चन्द्रकला को 121, अनीता को 62 व शशिबाला को कुल चार मत मिले जिसमें से 36 निरस्त हो गए। चुनाव अधिकारी खंड शिक्षा अधिकारी कोतवाली इंद्रपाल सिंह व सहायक चुनाव एडीओ कृषि डाक्टर विकास कुमार ने नवनिर्वाचित ग्राम प्रधान को प्रमाण पत्र सौंपा।

### तिरपाल से ढकी गई शराब की दुकान



**नांगल सोती।** फल्गुन की कांवड़ यात्रा के दौरान भी शराब, बीयर की दुकानों को तिरपाल से ढका गया है। फाल्गुन की कांवड़ यात्रा शुरू हो गई, जो 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व के दिन पूर्ण होगी। कांवड़ यात्रा के दौरान कांवड़ मार्गों पर खुली शराब, बीयर की दुकानों को उनके सामने तिरपाल डालकर ढक दिया गया है। इससे पहले श्रावण की कांवड़ यात्रा के दौरान भी शराब की दुकानों को इसी प्रकार तिरपाल डालकर ढक दिया गया था। यातायात प्लान के तहत सड़कों पर जगह-जगह जरूरी व्यवस्थायें की गई है। थानाध्यक्ष संजय यात्रा मार्गों पर जगह-जगह बनाये गये प्वाइंटस पर पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। रूट पर जहां आवश्यक है, वहां दिशा सूचक बोर्ड भी लगाये गये हैं। वे लगातार कांवड़ रूट का भ्रमण कर रहे हैं।

# मासूम जैद की नाले में डूब कर मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नाले में डूब कर डेढ़ वर्ष के मासूम बच्चे की मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया।



प्राप्त समाचार के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम पीथापुर उर्फ मंसूर सराय की एक महिला की शादी थाना कांठ के ग्राम नयागांव में साबिर के साथ हुई थी। साबिर तभी से अपने घर से अपनी ससुराल में ही आकर रहने लगा। ससुराल से कुछ दूरी पर रहकर साबिर किराए के मकान में रह रहा था। ससुराल के पास ही साबिर की पत्नी ने एक छोटी सी परचून की दुकान कर रखी है। उसी के सामने साबिर की ससुराल है। साबिर दिल्ली में रहकर मेहनत मजदूरी करता है। अपनी नानी के घर में मौहम्मद जैद उम्र करीब डेढ़ वर्ष खेलते समय घर के सामने ही नाले में गिर गया और मां को पता नहीं चला। कुछ देर बाद मां देखा कि उसका डेढ़ वर्ष का पुत्र दुकान पर नहीं आया, तो उसकी मां अपने पुत्र को तलाश करने लगी काफी तलाश करने के बाद भी जब जैद का पता नहीं चला, तो कुछ देर बाद मौहल्ले वालों की नजर नाले पर पड़ी। देखा कि मौहम्मद जैद उल्टा पड़ा हुआ है। मौहम्मद जैद को लेकर उसके परिजन नगर के तमाम डॉ. के पास गए, लेकिन सभी ने मौहम्मद जैद को मृत घोषित कर दिया। मौहम्मद जैद की मौत के बाद उसके परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं ग्राम वासियों में चर्चा का विषय बना हुआ है कि जब नालों की सफाई की गई थी। उस वक्त नालों पर ढके हुए पटरे हटा दिए गए थे, लेकिन उसके बाद कुछ जगहों पर पटरे नहीं रखे गए और जगह खुली रह गई। उसी में गिर के मौहम्मद जैद की मौत हो गई है।

# फिल्म अभिनेता अपहरण कांड में लवी और अर्जुन की जमानत याचिका निरस्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश मदनपाल सिंह ने फिल्म कलाकार मुश्ताक खान का फिरौती के लिए अपहरण करने के मामले में आरोपी लवी उर्फ सुशांत तथा अर्जुन कर्णवाल की जमानत याचिका पर्याप्त आधार न पाए हुए निरस्त कर दी है।

जिला शासकीय अधिवक्ता वरूण राजपूत के अनुसार फिल्मी कलाकार मुश्ताक खान का 20 नवम्बर को इवेंट के नाम पर अपहरण कर उससे फिरौती मांगी गई। अपहरण के बाद मुश्ताक खान को आरोपी सुशांत उर्फ लवी के मकान पर रखा गया और उससे लगभग दो लाख बीस हजार रूपये की वसूली की गई थी।

इसी गिरोह ने 2 दिसम्बर 2024 को हास्य कलाकार सुनील पाल का भी अपहरण कर उससे वसूली क गई। मुश्ताक खान के द्वारा अपहरण का मुकदमा थाना कोतवाली शहर में दर्ज किया गया था। सुनील पाल के अपहरण से प्राप्त रकम से आरोपियों ने ज्वैलरी खरीदी। सुनील पाल का मुकदमा मेरठ के लालकुर्ती थाने में दर्ज किया गया था। मामलों में पूर्व सभासद और गैंगस्टर सार्थक चौधारी उर्फ रिक्की, अजीम, सैफुद्दीन, शिवा, आकाश उर्फ गोला, अंकित पहाड़ी, सुशांत उर्फ रवि शुभम, शशांक और अर्जुन कर्णवाल के नाम प्रकाश में आए। इस मामले में जिला एवं सत्र न्यायाधीश मदनपाल सिंह ने अभियुक्तगण सुशांत उर्पु लवी निवासी नई बस्ती तथा अर्जुन कर्णवाल निवासी बुल्ला का चौराहा थाना कोतवाली शहर की जमानत याचिका मामला गंभीर पाते हुए निरस्त कर दिया।

# महिला ने ससुर के खाते से उड़ाए नौ लाख

## पुलिस ने महिला को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** एक महिला ने नेट बैंकिंग के जरिए अपने ससुर के खाते से नौ लाख रुपए उड़ा लिए। महिला को पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान कर दिया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम नरायनपुर उर्फ उधोवाला निवासी बुद्धदेव सिंह ने अपनी पुत्रवधू प्रीती देवी के विरुद्ध मुकदमा अपराध संख्या 02/2025 धारा 318(4), 316(2)/66सी) 66 डी के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप है कि उसने नेट बैंकिंग के माध्यम से ओटीपी लेकर उसके बैंक खाते से नौ लाख तीन हजार रुपये उड़ा लिए। गांव नरायनपुर उधोवाला के रहने वाले बुद्धदेव सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसकी पुत्रवधू प्रीती देवी विवाद के चलते अपने मायके में रहती है। पांच सितंबर 24 को प्रीति देवी उनके बेटे से मिलने ससुराल पहुंची। उस वक्त घर पर कोई मौजूद नहीं था आरोप है कि उसने चार्जिंग पर लगे हुए उनके फोन को उठा लिया। महिला ने उनके फोन से नेट बैंकिंग के माध्यम से ओटीपी हासिल कर लिया और पीएनबी बैंक के खाते से नौ लाख तीन हजार रुपये अपने खाते में ट्रांसफर कर लिए।

अब उसके खाते में केवल 1,857 रुपये शेष रह गए हैं। ससुर के साथ ठगी करने वाली अभियुक्ता को अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी धर्म सिंह मार्छाल के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार चतुर्वेदी के कुशल पर्यवेक्षण में शुक्रवार 21 फरवरी 2025 को उपरोक्त मुकदमें में वांछित अभियुक्ता प्रीति देवी उपरोक्त को ग्राम मानियावाला हाइवे पुल के पास नाबका रोड से गिरफ्तार किया गया। इस दौरान गिरफ्तारी में न्यायालय के आदेशों निर्देशों का पूर्णतः पालन किया गया।

अग्रिम विधिक कार्यवाही कर गिरफ्तार अभियुक्ता प्रीति देवी पुत्री सतपाल सिंह निवासी हाल पता ग्राम रायपुरी खुर्द, थाना कांठ, जिला मुरादाबाद को गिरफ्तार करने वाली टीम में महिला निरीक्षक शर्मिला शर्मा, क्षेत्राधिकारी कार्यालय सर्किल, कां. प्रशान्त कुमार, म.का. सुनीता थाना अफजलगढ़ द्वारा गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया।

# यूपीएससी टॉपर श्रुति शर्मा बनीं देवरिया सदर की एसडीएम

## स्टाफ ने पुष्पगुच्छ देकर किया अभिनंदन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** यूपीएससी वर्ष-2022 की टॉपर मूलरूप से बास्टा, बिजनौर निवासी सुश्री श्रुति शर्मा को जिलाधिकारी देवरिया सुश्री दिव्या मित्तल ने रूद्रपुर तहसील के संयुक्त मजिस्ट्रेट/उपजिला मजिस्ट्रेट से स्थानान्तरित करते हुए देवरिया सदर में संयुक्त मजिस्ट्रेट/ उपजिलाधिकारी सदर के रूप में तैनाती प्रदान की है।

सुश्री श्रुति शर्मा ने संयुक्त मजिस्ट्रेट/ उप जिलाधिकारी सदर के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया है। श्रुति शर्मा ने बताया कि गरीबों, वंजितों, मजलूमों को इंसाफ दिलाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जो निर्देश दिये जायेंगे, उनका पूर्ण निष्ठा के साथ अनुपालन सुनिश्चित कराया जायेगा। कार्यभार ग्रहण करने पर स्टाफ एवं अन्यों के पुष्पगुच्छ देकर उनका अभिनन्दन किया।

# महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली



## प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में सामूहिक पूजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** पंचवटी वाटिका कॉलोनी के शिव मंदिर में चल रहे सात दिवसीय मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत तीसरे दिन सामूहिक पूजन कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान कार्यक्रम स्थल भगवान भोलेनाथ माता पार्वती तथा भगवान कृष्ण एवं राधा रानी के पारंपरिक जयकारों से गूंज उठा।

23 फरवरी को मंदिर में मूर्तियों की स्थापना होगी तथा 24 फरवरी को मंदिर से पूरी कॉलोनी में महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली जाएगी। तीसरे दिन महोत्सव के प्रतिष्ठाचार्य पंडित विनोद भारद्वाज के संरक्षण में सामूहिक पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य यजमान प्रभात गुप्ता जोंटी एवं उनकी धर्मपत्नी गुंजन गुप्ता, अर्चीका गुप्ता, आद्विक गुप्ता चौहान आदि मौजूद रहे।

# 20 वर्ष बाद लापता पुत्र को देख छलकी आंखें

## 15 वर्ष की उम्र में नौकरी करने गया था पंजाब, दबंगों ने बना लिया था बंधक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** गांव बगदाद अंसार निवासी 20 साल पहले पंजाब में नौकरी करने गया था। नौकरी तो नहीं मिली लेकिन वहां कुछ लोगों के द्वारा ग्रामीण को बंधक बनाकर रखा गया। कई सालों तक बंधक बने रहने के बाद समिति पदाधिकारी को बंधक बनाने की जानकारी हुई तो उन्होंने ग्रामीण को बंधन मुक्त कराया। मीना के प्रयास के बाद युवक का फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो परिजनों को वायरल वीडियो के आधार पर युवक के जिंदा होने की जानकारी मिली। 20 वर्ष बाद युवक घर पहुंचा तो परिजनों की आंखों से आंसू छलक उठे।

बगदाद अंसार निवासी अब्दुल शकूर ने बताया कि उसका पुत्र नाजिम छह पुत्र पुत्रियों में सबसे बड़ा पुत्र है। 15 वर्ष की अवस्था में पंजाब नौकरी करने गया था। एक महीने लुधियाना की एक फैक्ट्री में नौकरी की। बाद में नाजिम का पता नहीं लगा। काफी प्रयास के बाद भी नाजिम का कोई सुराग नहीं लगा। परिजनों के द्वारा बिजनौर तथा पंजाब में नाजिम के गायब होने की सूचना दर्ज कराई गई। कई वर्ष की खाक छानने के बाद भी जब नाजिम का सुराग नहीं लगा तो परिजनों ने अनहोनी की आशंका मानते हुए घर बैठ गए। चार दिन पहले सोशल मीडिया पर वायरल फोटो देखा तो वह दंग रह गए। बाबा रतन देव समिति अमृतसर पंजाब की ओर से सूचना आई थी कि नाजिम नाम का व्यक्ति पिछले डेढ़ साल से उनके आश्रम में है। नाजिम की पहचान के बाद परिजनों ने संबंधित समिति के पदाधिकारियों से संपर्क किया। संबंधित समिति के पदाधिकारी का मोबाइल नंबर भी लिखा हुआ था।



मोबाइल पर फोन से संपर्क करने के बाद वह दो दिन पहले अमृतसर पंजाब संबंधित समिति आश्रम में पहुंचे। वहां पर संस्था के पदाधिकारियों से वार्ता की। वहां उन्होंने नाजिम को पहचान लिया। नाजिम उन्हें देखकर भावुक हो गया। नाजिम के मिलने पर उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

पिता अब्दुल शकूर और अन्य परिजनों का कहना है कि अब वह नाजिम को कभी नौकरी करने के लिए बाहर नहीं जाने देंगे। वह घर पर ही काम करेंगे क्योंकि उनके परिवार में चाऊमीन, बर्गर आदि का ठेला लगाया जाता है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# ट्रैक्टर-ट्राली से गिर कर कांवरती की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ट्रैक्टर ट्राली से गंगाजल लेने हरिद्वार जा रहे कांवरती की ट्रैक्टर से गिरने के दौरान ट्राली के पहिए के नीचे आने से मौत हो गई। कांवरती अमरोहा क्षेत्र का था।

जानकारी के अनुसार जिला अमरोहा के थाना रजबपुर के गांव लंबिया के श्रद्धालु ट्रैक्टर ट्राली से हरिद्वार गंगाजल लेने जा रहे थे। गांव लंबिया का 24 वर्षीय युवक लवकुश शर्मा पुत्र अशोक कुमार शर्मा भी ट्रैक्टर ट्राली से गंगाजल लेने जा रहा था। बताया जाता है कि मंगलवार की रात करीब नौ बजे नहटौर के नूरपुर मार्ग स्थित गांव खंडसाल के पास लवकुश ट्राली से ट्रैक्टर पर बैठने के लिए जा रहा था। इसी दौरान वह ट्रैक्टर और ट्राली के बीच सड़क पर गिर गया और ट्राली के पहिए के नीचे आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को नहटौर सीएचसी में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर



उसे जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया। उसके साथी उसे उपचार के लिए मुरादाबाद ले जाने लगे। रास्ते में उसकी मौत हो गई। मृतक युवक के मित्र विवेक कुमार ने बताया कि उपचार को ले जाते समय मौत हो गई है। कोतवाल धीरज सिंह ने बताया कि घायल युवक को उसके साथी उपचार के लिए मुरादाबाद ले गए थे। मौत होने की जानकारी नहीं है।

# तीन दिवसीय इनफॉरमेशन कार्यक्रम

## प्रयोगात्मक रूप से भी जानकारी दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालागढ़।** कार्बेट वन्य जीव प्रशिक्षण केंद्र कालागढ़ में वन आरक्षियों को कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के निर्देशन में वैज्ञानिक डॉ. नीलम रावत, इंजीनियर एसी फॉरेस्ट, इकोलॉजी क्लाइमेट चेंज और पॉलिसी डिवीजन उत्तराखंड स्पेस एप्लीकेशन सेंटर देहरादून के द्वारा कालागढ़ में प्रशिक्षु वन आरक्षियों को आरएस, जीआईएस, क्यूजीआरएस का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में कालागढ़ झिरना अजनाला के प्रतिभागियों ने भाग लिया।

प्रशिक्षण के दौरान डॉ. नीलम रावत एवं उनकी टीम के सदस्यों शशांक पुरोहित अनुभव मौर्य प्रीतम सिंह आदि ने जीपीआरएस के माध्यम से विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। कंप्यूटर के माध्यम से प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षण से संबंधित प्रयोगात्मक




रूप से भी जानकारी दी गई। प्रशिक्षण से पूर्व बिंदरपाल कार्बेट वन्य जीव प्रशिक्षण केंद्र कालागढ़ ने प्रतिभागियों का परिचय कराया। प्रशिक्षण के दौरान इंदर सिंह बिष्ट वन क्षेत्राधिकार, महेश चंद जोशी कार्बेट वन्य जीव प्रशिक्षण केंद्र कालागढ़ एवं समाज स्टाफ ने प्रतिभागियों का प्रतिभाग किया। वही डॉ. एलएन ठकुराल साइंटिस्ट ए नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी रुड़की के नेतृत्व में महाराष्ट्र के 45 अभियंता प्रशिक्षु दल को कार्बेट वन्य जीव प्रशिक्षण केंद्र कालागढ़ एवं एमपी बिजल्वाण, सेवानिवृत्ति वन क्षेत्र द्वारा कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के अंतर्गत जल संरक्षण प्रबंधन विषय पर प्रस्तुतिकरण दिया गया। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में जल संरक्षण हेतु किये जा रहे प्रयासों की जानकारी दी गई।

इस अवसर पर कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक ने भ्रमण दल का आभार व्यक्त किया।

# सपा जिला अध्यक्ष जाकिर ने बजट की गिनाई कमियां

## युवाओं को नहीं होगा कोई फायदा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सपा जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने योगी सरकार के बजट की कमियां गिनाते हुए कहा कि इससे युवाओं को कोई फायदा नहीं होगा। उन्होंने बजट को किसान विरोधी बताते हुए कहा कि सरकार की नीयत में खोट है।

सपा के जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन उत्तर प्रदेश राज्य सरकार द्वारा पेश किए गए बजट 2024-2025 को मात्र एक लुभावना और दिखावा करने वाला बजट बताते हुए कहा कि इस बजट से किसानों, छात्रों, महिलाओं, बीमारों व गरीबों को कोई विशेष लाभ मिलने वाला नहीं है। युवाओं को ब्याज मुक्त लोन इस लिए देने की घोषणा की गई है कि युवाओं को लोन के माध्यम से रोजगार देने के नाम पर सरकार अपनी नाकामी पर



पर्दा डालना चाहती है। क्योंकि सरकार युवाओं को नौकरी तो दे ही नहीं सकती है, अच्छी स्वास्थ सेवाएं दे नहीं सकती। आज पेश किए गए बजट से आम जनता को कोई राहत नहीं मिल सकती है। इस बजट की जितनी भी निंदा की जाये कम है। यह बजट मात्र प्रदेश की जनता का खून चूसने वाला और लुभवना एवं दिखावा करने वाला बजट ही साबित होगा।

# मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम

## रोगों के बारे में दी विस्तार से जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम द्वारा वृहद मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का गुरुवार को आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. आशीष कुमार ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर डॉ. नितिन ने मानसिक रोगों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में आयोजित वृहद मान. सिक स्वास्थ्य कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ नितिन ने कहा सरकार द्वारा मानसिक रोगों से पीड़ित मरीजों को उनकी बीमारी खत्म करने के लिए ब्लॉक स्तर पर एक गोष्ठी आयोजित करके मानसिक रोगों के बारे में जानकारी देकर उन्हें बीमारी से बचाने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया हैं। साथ ही उन्होंने बताया सिजोफ्रेनिया एक ऐसा रोग है जो मनुष्य के विचार



अनुभूति एवं व्यवहार पर गंभीर असर करता है। इसमें मरीज के लिए वास्तविक एवं काल्पनिक अनुभवों में फर्क करना कठिन हो जाता है। मरीज के लिए तार्किक रूप से सोचना सामान्य भावनाओं को व्यक्त करना एवं समाज में उचित व्यवहार करना कठिन हो जाता है। मरीज के कामकाज के तरीके एवं एकाग्रता दोनों पर असर पड़ता है। सिजोफ्रे. निया का वर्णन प्राचीन चिकित्सा एवं आयुर्वेदिक ग्रंथों में से भी है भारत में 1 से 3 करोड लोग इस बीमारी से पीड़ित है। साथ ही उन्होंने बताया कि इस बीमारी के कारण बिना उचित कारण अक्सर ऑफिस के कार्य में अनुपस्थित होना, कभी-कभी जेब में बहुत सा धन पाया जाना, घर की वस्तु चुराने में बेचने की आदत होना। घर पर अक्सर चोट या मार खाकर आना। व्यक्ति के वाहन का अक्सर दुर्घटनाग्रस्त होना,जेब खर्च की ज्यादा मांग करना। अक्सर जिद पूरी न होने पर घर से भागने या मरने की धमकी देना। हाथों से काम करते समय कंपन्न होना। तनाव मुद्रा में घर से बाहर जाना और कुछ समय बाद तनाव रहित होकर लौट आना। साथ ही उन्होंने मिर्गी की बीमारी पर बताया कि मिर्गी लाइलाज बीमारी नहीं है। सतत् एवं उचित इलाज अनुभवी चिकित्सक की देखरेख में यदि हो तो यह रोग पूर्णतया से ठीक हो जाता है। इस रोग के मरीजों का निम्न प्रकार ध्यान रखना चाहिए मांसपेशियों में मरोड़, आवाज कम होना। सोने की शक्ति मंद हो जाना। सुन्न महसूस करना। बोलने या समझने में दिक्कत होना। भय, चिंता या दहशत महसूस करना। ब्लैक आउट या मेमोरी लॉस होना। कुछ समय के लिए कुछ भी याद ना रहना।

अचानक खड़े-खड़े गिर आदि के लक्षण पाए जाने पर जिला मुख्यालय पर सीधा संपर्क करके जो बीमारी से ग्रस्त है, उसे वहां दाखिल कर दे। वहां उसे उपचार दिया जाएगा।

कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. आशीष कुमार ने आर्य ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर फार्मासिस्ट, बीपीएम, सीएचओ संगिनी, आशा आदि उपस्थित रहे।

# मदरसा साजदा मेमोरियल स्कूल में वार्षिक परिणाम समारोह

## बच्चों को आकर्षक पुरस्कार देकर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** मदरसा साजदा मेमोरियल स्कूल मुगलूशाह में वार्षिक परिणाम 24-25 घोषित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुफ्ती फजलुर रहमान के बयान से किया गया। उन्होंने कहा कि जो बच्चे कठिन परिश्रम करते हैं। वहीं बच्चे ही अपना लक्ष्य आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। मां-बाप को नसीहत करते हुए मुफ्ती ने कहा कि वह बच्चे को वक्त पर स्कूल भेजे बिना जरूरत छुट्टी न कराए स्कूल के प्रबंधक कारी मुजीबुर्रहमान एवं उप प्रबंधक मास्टर लुकमान कुरैशी ने स्कूल की सभी कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल तथा आकर्षक पुरस्कार देकर सभी बच्चों



को सम्मानित किया।

मेधावी छात्र-छात्राएं सीरत फातिमा, मौहम्मद अयान, मौहम्मद रिहान, सबीहा, नाहिद, मन्नत, हमजा, नौरीन, माहिरा शाहिद, माहिरा रिजवान, इनायत, राजिक, माहिर, शुमायला, जैद जावेद आदि मौजूद रहे। तथा मुख्य अतिथि हाजी मौहम्मद अय्यूब, अब्दुल सत्तार मुंसफ, कांग्रेस नेता अमजद सिद्दीकी, मौलाना शाहबाज नदवी साहब, मौलाना हसीन, मौलाना अयान, हाफिज फैजान महीगीर आदि मौजूद रहे।

स्कूल के सभी बच्चों का परिणाम देखकर स्कूल के प्रबंधक कारी मुजीबुर्रहमान ने खुशी का इजहार जाहिर करते हुए स्कूल के सभी अध्यापक, मास्टर लुकमान कुरैशी, कारी मौहम्मद अबुजर कासमी, कारी सुलेमान, मास्टर वसीम, मास्टर हमजा को मुबारकबाद दी। इसके साथ-साथ 20 फरवरी 2025 से नए सत्र 25-26 के लिए स्कूल में नए दाखिले शुरू होने की जानकारी भी दी।

# आंगनबाड़ियों व नोडल शिक्षकों की दो दिवसीय कार्यशाला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** समग्र शिक्षा अभियान के तहत ब्लॉक संसाधन संसाधन केंद्र पर आंनबाड़ियों व शिक्षकों की दो दिवसीय कार्यशाला गुरूवार को संपन्न हुई। जिसमें प्री प्राईमरी शिक्षा के अंतर्गत 3 वर्ष से 6 वर्ष तक के बच्चों को निपुण बनाने के लिए प्रशिक्षण दिया गया है।

गुरूवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र पर शासन के निर्देशानुसार आंगनबाड़ियों व नोडल शिक्षकों को वंडर बाक्स के माध्यम से 3 वर्ष से 6 वर्ष तक के बच्चों को निपुण बनाने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। वंडर बाक्स में 18 प्रकार की सामग्री में खिलौने आदि के तहत बच्चों को अक्षर ज्ञान की पहचान आदि कराने की जानकारी दी गई। खेल खिलौने के तहत बच्चों को ज्ञान कराने पर जोर दिया गया।

ट्रेनर विनय कुमार लक्की व अब्दुला सिद्दीकी ने बताया कि कुल 116 आंगनबाड़ी व 116 नोडल शिक्षकों को यह प्रशिक्षण दिया जाना है। प्रशिक्षण के प्रथम चरण में 50 आंगनबाड़ी व 50 नोडल शिक्षकों को दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया है। दूसरा चरण शुक्रवार से शुरू होगा।

# पानपदास गुरु गद्दी की भूमि बचाने के लिए संत महात्मा गंभीर

## कार्रवाई न होने पर पदयात्रा निकाल कर लखनऊ जाएंगे साधु संत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** परमहंस बाबा पानपदास महाराज के गुरुद्वारे में संतो और महात्माओं की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में ट्रस्ट से जुड़ी भूमि बचाने के लिए विचार विमर्श किया गया। सामूहिक निर्णय लिया गया है कि यदि प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने धामपुर कोतवाली में दर्ज कराई गई रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही नहीं की तो गुरुद्वारा से संबंधित संत और महात्मा एक बार फिर पदयात्रा निकालकर लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलेंगे।

पंचायत में मेरठ से आए सनातन हिंदू वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष संजय नाथ ने कहा कि इससे पहले भी धामपुर के इस गुरुद्वारे से संबंधित संत और महात्मा मुख्यमंत्री से लखनऊ पहुंचकर मिलने के लिए पदयात्रा प्रारंभ कर चुके थे, लेकिन धामपुर तहसील मुख्यालय के वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने उस समय यह आश्वासन दिया था कि संबंधित आरोपियों के खिलाफ



नामजद रिपोर्ट दर्ज की जाएगी और उनके विरुद्ध कार्यवाही भी अमल में लाई जाएगी अधिकारियों के इस आश्वासन के बाद पदयात्रा स्थगित कर दी गई थी।

1932 में बनाए गए दस्तूरे अमल के विरुद्ध अथवा विपरीत कार्य करने वालों को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने बताया कि 2017 में कुछ लोगों के द्वारा गठित कर लिए गए ट्रस्ट के संबंध में जिला जज ने भी जो निर्णय सुनाया है, उसकी जितनी प्रशंसा की जाए कम होगी। पूरन दास ने बताया कि इस पंचायत में शामिल प्रमुख संतों और महात्माओं में गुरुद्वारा और गद्दी के कार्यकारी महंत स्वामी बुद्ध दास जी महाराज, बालक नाथ, सुनील नाथ, योगी कमलनाथ, संत नाथ, रवि नाथ, राजेश दास, विजेंद्रनाथ, निर्मल गिरी, राम आत्मानंद, करम नाथ, छत्रपाल, रणवीर दास, राजगढ़ आश्रम से आए स्वामी नारायण दास तथा दिल्ली आश्रम का प्रतिनिधित्व करने वाले स्वामी जय रामदास आदि लगभग 100 से अधिक संत महात्मा शामिल रहे।

# सभी कावंरती शिविरों का आज से होगा शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर के जाने-माने समाजसेवी प्रजापति कावंरती शिविर अध्यक्ष राजपाल सिंह प्रजा. पति ने एक प्रेस वार्ता में बताया कि इस वर्ष फाल्गुन की महाशिवरात्रि का पावन पर्व 26 फरवरी को मनाया जाएगा।

स्योहारा नगर में जगह-जगह कावंरती शिविरों का आयोजन किया जायेगा। सभी शिविरों का शुभारंभ 22 फरवरी को होने जा रहा है। हरिद्वार से शिव भक्त बरेली से आगे तक पैदल कांवड़ यात्रा करते हुए अपने अपने स्थान पर भगवान शिव को जल अभिषेक करते हैं। भगवान शिव के भक्तों की सेवा करके मन को बहुत आनंद आता है। राजपाल प्रजापति ने बताया कि आज उनकी मुलाकात भिण्ड जिले से कांवड़ लेकर आ रहे शिव भक्तों से हुई। उन्होंने बताया कि सभी भोले 18 फरवरी को हरिद्वार से जल लेकर भोले के जयकारों के साथ पैदल यात्रा करते हुए 25 फरवरी तक मध्य प्रदेश भिंड जिले के अपने-अपने गांव में पहुंचकर भगवान शिव को जल चढ़ाएंगे।

# चालकों व परिचालकों की गुंडागर्दी के चलते परिवहन विभाग को हो रहा लाखों का नुकसान

## किरतपुर शहर छोड़कर बाइपास को जा रही है रोडवेज बसें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** एक ओर जहां एनएच 119 को फोर्लेन बनने से नगर वासियों व पूरे क्षेत्र वासियों में खुशी का माहौल पैदा हुआ और राहत की सांस ली थी। वहीं अब किरतपुर वासियों के लिए सफर करना बड़ा मुश्किल हो गया। रोडवेज बस चालकों व परिचालकों की वजह से अवैध रूप से किरतपुर बाईपास से बसों को ले जाया जा रहा है, जिससे परिवहन विभाग को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। जबकि सभी डिपो की बसों में किरतपुर का टिकट मौजूद है।

प्राप्त समाचार के अनुसार एनएच 119 के फोर्लेन बनते ही नगर व क्षेत्र के यात्री दिल्ली, बिजनौर, नजीबाबाद, कोटद्वार जाने वालों के



लिए आफत सी आ गई है। इस रोड पर आने वाले किरतपुर व क्षेत्र के निवासी यात्रियों को अगर अपने घर पहुंचना है तो अब उनको सवारी के लिए सोचना पड़ता है कि कौन सी बस किरतपुर जाएगी या कौन सी बाईपास जाएगी। जबकि पहले ऐसा नहीं होता था। बिना किसी सोच के किसी भी समय किरतपुर वासियों को अपने घर आने में कोई भी परेशानी नहीं होती थी। अब रोडवेज बस चालकों व परिचालकों का हाल यह है कि किरतपुर का नाम सुनते है उनको दूर से ही मना कर दिया जाता है। कि यह बस किरतपुर नहीं जाएगी। जिस कारण किरतपुर वासियों को कई कई घंटे बसों का इंतजार करना करना पड़ता है। या फिर फोन कर के अपने अपने घरों से वाहन मंगवाकर तब कही घर पहुंचते है। रोड वेज बस चालकों व परिचालकों की इस गुंडागर्दी से परिवहन विभाग को एक माह में लाखों का नुकसान झेलना पड़ रहा है। इस बाबत बिजनौर एआरएम को फोन कर जानकारी ली गई तो बात नहीं हो सकी।

# एनएसएस के सात दिवसीय शिविर का समापन

## विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** रमा जैन कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह ग्राम खैरुल्लापुर के पंचायत भवन में किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. भावना अरोड़ा के निर्देशन में विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि हिमालय कुमार प्रबंधक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, विशेष अतिथि डॉ. राखी आनंद अग्रवाल एवं ग्राम प्रधान श्रीमती इंदिरा चौधरी, महाविद्यालय के निदेशक डॉ. के सिमट पाल, प्राचार्य डॉ. मंडल त्यागी के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वल कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर शिविर की छात्रा माला वेब सीरीज प्रेगनेंसी द्वारा मां सरस्वती वंदना पर



नृत्य प्रस्तुत किया गया। शिविर की छात्राओं ने स्वागत गीत के माध्यम से अतिथियों का स्वागत किया। वहीं हरियाणवी नितिन के माध्यम से प्रियंका, पूनम, सुषमा व सना आदि ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के निदेशक डॉ. केसी मतपाल ने छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना उद्देश्यों के विषय में जानकारी दे कर चरित्र निर्माण करने के लिए प्रेरित किया। वहीं प्राचार्य डॉ. मुद्रा त्यागी ने छात्राओं को अपने जीवन में राष्ट्रीय सेवा योजना के आदर्श वाक्य में नई पहल आपको अपने जीवन में चरित्राष्ट्र करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. भावना अरोरा ने किया।

कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक स्वच्छता का महत्व के माध्यम से स्वयं सेविकाओं ने स्वच्छता अपनाने का संदेश दिया। शिविर में छात्र प्रियांशी, मानसी, अंशिका, माला, शिरीन में शिविर के अपने अनुभव को सांझा किया।

**कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, नजीबाबाद ( बिजनौर )**

अधिसूचना अन्तर्गत धारा-147 (2) यू.पी. म्यु एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि नुसरत पत्नी नौशाद अहमद मौहल्ला पठानपुरा तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर में नगर पालिका परिषद के कर सम्बंधी अभिलेखों/अनुसूची में अंकित सम्पति में अमरेश राठी पत्नी राजपाल सिंह राठी नजीबाबाद जिला बिजनौर के नाम के बजाये अपना नाम अंकित किये जाने हेतु रजिस्ट्रीशुदा बैनामे सहित आवेदन-पत्र दिया है।

अत: प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

विवरण सम्पत्ति 339 मौहल्ला सन्तोमालन नगर व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर।

**अधिशासी अधिकारी**

## एक नजर

### खिलाड़ी को किया सम्मानित



**नजीबाबाद।** स्टैब्स ग्राउंड में एनसीसी क्लब की ओर से चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट में शानदार बल्लेबाजी करने वाले सुशांत कुमार को युवा पत्रकार शाही अराफात सैफी ने ट्रॉफी व नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान युवा पत्रकार शाही अराफात ने कहा कि इंसान के लिए रात में नींद और जीवित रहने के लिए भोजन जरूरी है। उसी प्रकार से जीवन में खेल, क्रिकेट और जिम भी बहुत जरूरी है। हमें खेलों को भी अपने जीवन में महत्व देना चाहिए, खेलों से शरीर का मानसिक व शारीरिक विकास होता है। उन्होंने क्रिकेट के छठे दिन मैंन ऑफ दा मैच रहे प्लेयर सुशांत कुमार का हौसला बढ़ाते हुए उन्हें सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। पत्रकार शाही अराफात ने टूर्नामेंट की सराहना करते हुए आयोजकों और खिलाड़ियों को बधाई दी।

### अधिवक्ता संशोधन बिल का विरोध



**चांदपुर देहात।** सीनियर बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 का विरोध करते हुए एसडीएम नितिन तेवतिया को प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। अधिवक्ताओं ने बिल को लेकर गंभीर चिंता जताई है। उनका कहना है कि सरकार द्वारा तैयार किया गया यह बिल अधिवक्ताओं के संवैधानिक और मौलिक अधिकारों का हनन करता है। साथ ही यह विधि व्यवसाय की स्वतंत्रता और बार काउंसिल की स्वायत्तता को भी प्रभावित करता है। सीनियर बार एसोसिएशन चांदपुर के अधिवक्ताओं ने हाथ में काली पट्टी बांध कर अधिवक्ता संशोधन बिल का पुरजोर विरोध करते हुए इसे तत्काल वापस लेने की मांग की है। इस अवसर पर सीनियर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सतीश चन्द त्यागी, महासचिव महेन्द्र सिंह तोमर, सुरेन्द्र सिंह, अवनीश कुमार आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

### गांव में लगाई चौपाल

**नजीबाबाद।** ग्राम पंचायत दहिरपुर में आज ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल द्वारा सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करने हेतु ग्राम दहिरपुर में एक चौपाल लगवाई। जिसमें सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण अतुल कुमार, पंचायत सचिव गुलजार अहमद, पंचायत सहायक व दो कंप्यूटर ऑपरेटर उपस्थित रहे। जिन्होंने मौके पर ही लगभग 150 लाभार्थियों के नाम नोट किए। जो विभिन्न कारणों से पेंशन आदि सरकारी योजनाएं न मिलने से अत्यधिक परेशानी का सामना कर रहे थे। ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने बताया कि सरकार की प्राथमिकता है कि ग्रामिणों को ग्राम स्तर पर ही उनकी समस्याएं सुलझाने हेतु अवसर प्रदान किया जाए। इसी के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी सरकार की नीतियों का अनुपालन करते हुए ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने ग्राम में चौपाल लगाकर विभिन्न समस्याओं को सुना व कुछ समस्याएं तुरंत निस्तारित कराई व शेष हेतु अधिकारियों को कार्य करने हेतु निर्देशित किया। चौपाल में ग्राम प्रधान राशिद, निखिल, शमशाद मियां, नफीस अहमद अन्य कई ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### उपचार के दौरान युवक की मौत

**अफजलगढ़।** बीती चौदह फरवरी को देर शाम कालागढ़ मार्ग पर स्थित गुरूद्वारे के समीप दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई थी। जिसमें एक बाइक पर सवार अफजलगढ़ नगर के मौहल्ला नेजो सराय निवासी रफीक अहमद व दूसरी बाइक पर सवार कोमल (25 वर्ष) पुत्र रतन सिंह निवासी ग्राम अनवारपुर चंडिका गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिसमें दोनों को गंभीर अवस्था के चलते अफजलगढ़ सीएचसी से हायर सेंटर रैफर कर दिया गया था। जिसके चलते परिजनों ने कोमल को काशीपुर के एक निजि अस्पताल में भर्ती कराया था, जंहा सप्ताह भर बाद बीती रात कोमल की मौत हो गई। सूचना पर ग्राम में शोक की लहर दौड़ पड़ी। मृतक मजदूरी कर परिवार का पालन कर रहा था। जिसके दो छोटे बच्चे हैं। वहीं थानाध्यक्ष सुमित राठी का कहना है कि तहरीर प्राप्त होने पर जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

### पौटा के ग्राम प्रधान बने देवदत्त रघुवंशी

**राजा का ताजपुर।** क्षेत्र की ग्राम पंचायत पौटा में ग्राम प्रधानी के उपचुनाव में देवदत्त रघुवंशी 159 वोटों से जीत हासिल कि है। ब्लाक परिसर में सुबह नौ बजे मतगणना शुरू हुई। देवदत्त रघुवंशी मृतक ग्राम प्रधान अर्जुन सिंह के पुत्र हैं। देवदत्त रघुवंशी को 743 मत मिले व कपिल कुमार को 584 मत प्राप्त हुए। 29 वोट कैंसिल हुए। देवदत्त रघुवंशी की जीत होने से उनके समर्थकों में खुशी की लहर है। उनके समर्थकों ने देवदत्त रघुवंशी के गले में फूलमाला डाल कर गरम जोशी के साथ स्वागत किया गया। चुनाव जीतने के बाद नव नवनिर्वाचित ग्राम प्रधान ने सभी का शुक्रिया अदा किया। ग्राम प्रधान अर्जुन सिंह के मरने के बाद ग्राम प्रधानी की सीट खाली हुई थी। इस ग्राम प्रधानी के चुनाव में समर्थकों में कहीं खुशी, तो कहीं गम दिखाई दिया।

### साइबर क्राइम की जानकारी दी



**धामपुर।** एसबीडी महाविद्यालय के एनएसएस के सुहागपुर आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज पर दोनों ईकाईयों के तत्वाधान में चतुर्थ दिवस पर साइबर क्राइम से बचाव के उपाय एवं जागरूकता थीम पर मनाया गया। प्रथम सत्र में छात्राओं ने योगाभ्यास किया, जिसमें स्वंयसेवी छात्रा विशाखा व काव्या शर्मा का योगदान रहा। द्वितीय सत्र में महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग को डा. पूनम रानी द्वारा साइबर काइम विषय पर छात्राओं को जानकारी दी गयी। बताया साइबर क्राइम से बचने का एक मात्र उपाय जागरूकता ही है। उन्होंने बताया साइबर क्राइम होने पर 1090 नम्बर पर तुंरत शिकायत करें और सहायता प्राप्त करें। बौद्धिक सत्र के उपरान्त स्वंयसेवी छात्राये गाँव में सर्वे हेतु गयी। उन्होंने ग्रामीणों को साइबर क्राइम के बारे में आवश्यक जानकारियों दी और बताया किस प्रकार से इससे बचा जा सकता है। उन्होंने बताया अनजाने लिंक को शेयर न करे, वीडियों कालिंग पर ट्रेप कर ब्लेकमेलिंग, अवांछनीय काल कर ओटीपी मांग कर वित्तीय नुकसान किया जा सकता है। सम्पूर्ण कार्यक्रम कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती नीलम पाल व डा. अल्पना सिंह के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। छात्राओं में विशाखा, आलिया, प्रीति, उजमा, काव्या, रश्मि, अलफिजा, फरहा, मुस्कान, हिमानी, जयश्री आदि ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

## कुकर्म के बाद हत्या के मामले में उस्मान को आजीवन कारावास

### पचास हजार के अर्थदण्ड की सजा भी सुनाई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रामअवतार यादव ने युवक की कुकर्म के बाद हत्या करने के मामले में उस्मान को आजीवन कारावास एवं 50 हजार रुपए अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता जितेन्द्र राजपूत एवं पंकज विश्नोई एड. के अनुसार कोतवाली शहर थानान्तर्गत मौहल्ला बुखारा बक्शीवाला निवासी बाबूदीन पुत्र अब्दुल वहीद का 25 वर्षीय पुत्र 18 नवम्बर, 2022 को अपने घर से बाजार गया था, लेकिन देर रात्रि तक वापस नहीं आया। बाबूदीन मध्यप्रदेश में फेरी बेचने का कार्य करता था। घर पर उसकी पत्नी व बेटी थी। उन्होंने कई माह मोनिस की तलाश की, लेकिन उसका पता नहीं चला। मौहल्ले वालों ने बताया कि मोनिस को मौहल्ले के ही उस्मान पुत्र कमालू के साथ रात्रि में 11 बजे देखा गया था। 19 नवम्बर 2022 को जब बाबूदीन की पत्नी तलाश कर रही थी तब उसे मोनिस की लाश बख्शीवाला रोड बुखारा स्थित कब्रिस्तान में पड़ी मिली। मोनिस का गला काटकर निर्मम हत्या की गई थी। उसकी पेंट उतारकर कुकर्म का भी प्रयास किया गया। इस मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रामअवतार यादव ने अभियुक्त उस्मान को मोनिस की हत्या का दोषी पाकर भारतीय दण्ड संहिता की धारा 302 के तहत आजीवन कारावास एवं 50 हजार रुपए अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। अर्थदण्ड की धनराशि जमा होने पर उसमें से आधी धनराशि मृतक मोनिस के पिता बाबूदीन को दिलाए जाने के आदेश दिए है।

### किसान संगठन एकता ने सौंपा ज्ञापन

**नजीबाबाद।** भारतीय किसान संगठन एकता ने कांवड़ यात्रा के दौरान सब्जी तथा आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति सुचारू रखने के संबंध में एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। किसान संगठन के मंडल प्रभारी फुरकान अहमद खां, मंडल सचिव फैजान अंसारी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल एसडीएम विजय शंकर से मिला। किसानों की ओर से कांवड़ यात्रा के दौरान हरी सब्जी लेकर आने वाले वाहनों के साथ आवश्यक वस्तुओं के वाहनों को गंतव्य तक सुचारू रूप से पहुंचने की व्यवस्था की मांग की। किसानों ने आदर्श नगर पुलिस चौकी के निकट स्थित एक होटल क्षेत्र में जल निकासी बाधित होने के संबंध में भी कार्रवाई की मांग की। प्रतिनिधि मंडल में नीरज कश्यप, अरुण चौधरी, मौ. उस्मान, जाहिद हुसैन, साकिब, नफीस अहमद शामिल रहे।

## कांग्रेस नेता मुबश्शिर जमा खान पर फायर झोंका

### आरोपी का पुलिस ने किया चालान

शाह टाइम्स संवाददाता

**किरतपुर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुबश्शिर जमा खान पर बीती रात्रि एक युवक ने फायर झोंक दिया। यह तो उनकी किस्मत अच्छी थी कि गोली उन्हें नहीं लगी। वे बाल बाल बच गए। गोली चलाने वाला युवक कोई और नहीं बल्कि उनका सगा भतीजा मुस्य्यब जमा खान था। पुलिस ने मुस्य्यब का संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। मामला खानदानी प्रॉपर्टी से संबंधित बताया जा रहा है।

युवा कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन मुदस्सिर जमा खान ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उनके पिता रात्रि लगभग नौ बजे अपनी बैठक में रोजाना कि तरह बैठे थे। उनके साथ उनके दो मिलने वाले भी बैठक में बैठे थे तभी अचानक मुस्य्यब जमा खान व उनके पिता को जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। गनीमत यह रही कि गोली उन्हें नहीं लगी और वह बाल-बाल बच गए। घटना के तुरंत बाद मुस्य्यब फरार हो गया।

घटना की जानकारी मिलते ही दर्जनों लोगों की भीड़ उनकी कोठी पर लग गई। पुलिस को दी गई तहरीर में मुस्य्यब जमा खान को नामजद किया गया है। दूसरी ओर घटना के बाद में मुस्य्यब जमा खान अपनी ओर से तहरीर देने के लिए थाने पहुंचा परंतु पुलिस ने उसे वहीं बैठा लिया और बड़ी हवेली रवाना कर दिया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त 315 बोर का तमंचा मय एक खोखा बरामद किया। मालूम हो कि आरोपी युवक ने पूर्व में नगर के वरिष्ठ समाजसेवी मौहम्मद साईम राजा के ऊपर भी जानलेवा हमले की नियत से फायर झोंका था और किरतपुर थाने में कई अभियोग आरोपी के खिलाफ पंजीकृत है।

## तबीयत खराब होने पर कांवरती को सीएचसी में भर्ती कराया



**नहटौर।** शिवाला कलां क्षेत्र के ग्राम सरथल के करीब 30 लोग ट्रैक्टर ट्राली से हरिद्वार से कांवड़ लेने जा रहे थे। शुक्रवार को करीब छह बजे नहटौर क्षेत्र में ट्राली में बैठे 45 वर्षीय कांवरती हुकम सिंह पुत्र बुद्धू सिंह को सांस लेने में दिक्कत आने पर तबीयत खराब हो गई। हुकम सिंह को नहटौर सीएचसी में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रैफर किया गया। दूसरी ओर नहटौर कोतवाली देहात मार्ग पर आक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के पास दो बाइकों की आमने सामने की भिड़ंत होने पर एक बाइक पर सवार गांव नरगदी गंधु निवासी 30 वर्षीय सदाकत पुत्र शराफत व गांव खोसपुरा निवासी 20 वर्षीय मौहम्मद आमिर पुत्र इकरामुद्दीन व दूसरी बाइक पर ग्राम माहूनंगली निवासी 26 वर्षीय सहदेव पुत्र राजवीर सिंह घायल हो गए। घायलों को पुलिस ने सीएचसी में भर्ती कराया गया। सदाकत व सहदेव की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रैफर किया गया है।

## नारायणवाला में संक्रमण का खतरा

### दबंगों ने बंद कर दी पानी की निकासी

शाह टाइम्स संवाददाता

**अफजलगढ़।** उत्तर प्रदेश सरकार प्रत्येक ग्राम पंचायत को स्वच्छ और साफ बनाने के हर संभव प्रयास कर रही है। परंतु ब्लॉक अफजलगढ़ (कासमपुर गढ़ी) कार्यालय से मात्र तीन किलोमीटर की दूरी पर ग्राम नारायणवाला, थाना रेहड़ इन दोनों संक्रमण के खतरे के साये में जी रहा है। यहां के निवासी ग्रामीणों ने ग्राम के दबंगों द्वारा रोजमर्रा के निकलने वाले पानी को बंद करने को लेकर उपजिलाधिकारी धामपुर को पत्र लिखकर पानी निकासी की गुहार लगाई है। उधर ग्रामीणों का आरोप है कि संख्या में कम होने के कारण अल्पसंख्यक समुदाय के परिवारों को प्रताड़ित कर ग्राम के कुछ दबंग व्यक्ति पलायन के लिए मजबूर कर रहे हैं।

जफर हुसैन पुत्र हबीब अहमद, हिरासत हुसैन पुत्र शराफत हुसैन, नफीस अहमद पुत्र अब्दुल सलाम, जमशेदपुर मौहम्मद जान अरबाज पुत्र शाकिर हुसैन निवासी ग्राम नारायणवाला थाना रेहड़ ब्लॉक अफजलगढ़ के ग्रामीणों ने अपने ही ग्राम के अशोक पुत्र बेनी चौहान, बन्द्रपाल सिंह पुत्र घसीटा, नरेन्द्र सिंह पुत्र घसीटा व सुरेन्द्र कुमार पुत्र घसीटा व हरीश कुमार पुत्र नरेन्द्र सिंह व सोमपाल सिंह पुत्र जोगराज व चन्द्रपाल सिंह खागी पुत्र नत्थू सिंह व रवि कुमार पुत्र चन्द्रपाल सिंह पर आरोप लगाते हुए बताया कि उपरोक्त जो कि सभी निहायत ही दबंग, गुण्डे बदमाश किस्म के झगडालू व्यक्ति है। जिन्होने अपनी दबंगई व गुण्डा गर्दी के बल पर उनके घरो के रोजमर्रा के पानी को बन्द कर दिया है। जबकि सभी पीड़ितों के घरो का रोजमर्रार का पानी पूर्वजो के जमाने से अरसा दराज लगभग 90-100 सालो से नाली के होते हुये आगे जाता था। लेकिन उपरोक्त लोगों ने अपनी दबंगई व गुण्डा गर्दी के बल पर सभी का पानी रोक दिया है और पानी पीड़ित परिवारों के रास्ते में भर रहा है जिससे आने जाने में भारी परेशानी हो रही है साथ ही रास्ता ने तालाब की शक्ल अख्तियार कर ली है उक्त गन्दे पानी से भंयकर बदबू आने के कारण बीमारी फैलने की पूर्ण सम्भावना बनी हुई है। तथा रास्ते में पानी भरे होने से छोटे-छोटे बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे है। जिससे बच्चों का भविष्य अन्धकार मय हो रहा है और उक्त रास्ते में पानी भरा होने से भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है तथा पीड़ितों के मकान और घरों को भारी नुकसान पहुंच रहा है। इस कारण उनके आवास कभी भी धराशाई हो सकते हैं। पीड़ित परिवारों ने दर-दर भटकने के बाद उपजिलाधिकारी धामपुर को पत्र लिखकर न्याय की गुहार लगाई है।



## हादसे में चाचा-भतीजे की मौत

### ओवरटेक करने के चक्कर में दो बाइक बस से टकराई

शाह टाइम्स संवाददाता

**स्याऊ।** जनपद बिजनौर के चांदपुर में रोडवेज बस और बाइक की भिड़क में बाइक सवार दो व्यक्तियों की मौत हो गई। दोनों ही वाहन नूरपुर की ओर से चांदपुर आ रहे थे। हादसा इतना भयानक था कि दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार चांदपुर में नूरपुर रोड पर भगवत पब्लिक स्कूल के पास नूरपुर की ओर से आ रहे बाइक और रोड वेज बस की भयंकर टक्कर से चाचा और भतीजा दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक विपिन कुमार पुत्र लज्जाराम निवासी ग्राम रफत पूरी फतेहाबाद मनकपुरी बिजनौर के रूप में हुई।

वहीं दूसरे की पहचान कोशिंदर पुत्र पप्पू सिंह ग्राम मनकपुरी, थाना हीमपुर दीपा के रूप में हुई। स्थानीय लोगों ने बताया कि रोडवेज बस और बाइक दोनों नूरपुर की ओर से आ रहे थे। जब रोडवेज बस भगवान पब्लिक स्कूल के पास पहुंची, तो पीछे से आ रही बाइक ने रोडवेज को ओवरटेक करने की कोशिश की। लेकिन सफल नहीं हो सके। वह बस की चपेट में आकर नीचे आ गए। जिससे दोनों व्यक्तियों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा सुबह करीब 9:30 बजे के समय का है।

सूचना मिलते ही हलका इंचार्ज उप निरीक्षक मुकेश सिंह ने दोनों की मौत की पुष्टि की है और शव को पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया। प्रारंभिक कार्यवाही में पुलिस जुट गई है।

## दहेजलोभियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**स्योहारा।** शुगर मिल भूड़ कालोनी की हाल निवासी महिला की तहरीर पर पति सहित तीन लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया हे।

प्राप्त समाचार के अनुसार श्रद्धा शर्मा पुत्री विपिन कौशिक हाल निवासी शुगर मिल भूड़ कालोनी स्योहारा ने अरोप लगाया की उसकी शादी नौ दिसंबर 21 को रजत शर्मा पुत्र प्रमोद शर्मा निवासी साई कॉलोनी गेझा रोड, भंगेल सेक्टर नंबर 110 फेस- टू नोएडा थाना भंगेल के साथ हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार सम्पन्न हुई थी। श्रद्धा के माता, पिता ने शादी में अपनी हैसियत के अनुसार काफी दान दहेज दिया था। परंतु श्रद्धा के ससुराल वाले पती रजत शर्मा, ससुर प्रमोद शर्मा, सास पुष्पा शर्मा खुश नहीं थे और शादी के समय से ही अतिरिक्त दहेज में पांच लाख रुपये नकद और एक कार की मांग करते थे। जब श्रद्धा ने अतिरिक्त दहेज की मांग को पूरी करने में अस्मर्थता जताती, तो ससुराल वालों ने श्रद्धा को गंदी-गंदी गालियां देकर मारपीट करते और कई-कई दिन तक रोटी व कपड़ों से तंग रखते थे। श्रद्धा का ससुर उसके साथ अभद्र व्यवहार करता था और उस पर बुरी नजर रखता था। श्रद्धा ने अपने ससुर कि शिकायत अपने पति व सास से की, तो दोनों ने कहा कि एक तो तू हमारी दहेज की मांग पूरी नहीं कर रही और झूठे इल्जाम लगाती है। उल्टा श्रद्धा को घर से निकाल दिया और कहा कि जब तक तू हमारी दहेज कि मांग पूरी नहीं करायेगी, तब तक इस घर में नही आना। श्रद्धा बामुश्किल अपने माता, पिता के घर आयी और सारा मामला बताया। पुलिस ने महिला की तहरीर पर संबंधित धाराओं में मुक. दमा दर्ज कर लिया है।

## मौसम विभाग में चयनित चारों छात्र सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

**बिजनौर।** माडर्न एरा पब्लिक स्कूल के 11वीं कक्षा के छात्र आरव चौधरी, आयत नाज, मोनेन्दर सिंह एवं 9वीं कक्षा के छात्र मौहम्मद साद ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित 'नेशनल मेटिरियोलाजिकल ओलंपियाड' में उत्तर प्रदेश राज्य में सीनियर वर्ग में क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं जूनियर वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपनी-अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया है। यह ओलंपियाड भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (IMD), भू-विज्ञान मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा नयी दिल्ली में आयोजित किया गया था। इंडियन मेटिरियोलॉजिकल डिपार्टमेंट, केंद्र सरकार की ओर से नेशनल मेटिरियोलॉजिकल ओलंपियाड का आयोजन भारत मंडप में किया गया था। इस गरिमामय अवसर के मुख्य अतिथि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी थे।

इस अवसर पर विश्व मौसम विभाग की अध्यक्षा सेलेस्टे साउल भी मौजूद रही। इसमें भारत के सभी मान्यता प्राप्त सरकारी व प्राइवेट स्कूल के 8, 9 व 11वीं के लाखों छात्रों ने भाग लिया था। इस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश से हर क्लास से सिर्फ तीन छात्रों का नेशनल लेवल ओलंपियाड में चयनित किया गया। मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल के चार बच्चों ने उत्तर प्रदेश का प्रति. निधित्व दिल्ली में आयोजित नेशनल लेवल पर किया। मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल के सभी छात्रों एवं शिक्षक को भारत सरकार की तरफ से उत्तर प्रदेश भवन में रुकने की व्यवस्था की गई। भारतीय मौसम विभाग के डायरेक्टर जनरल मैनेजर डॉ. मृत्युंजय महापात्रा (साइक्लोन मैन ऑफ इंडिया) ने मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल के चारों विद्यार्थियों टॉपर्स ट्रॉफी एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय की डायरेक्टर प्रिंसिपल डॉ. सीमा विश्वास जी ने आज दिनांक 19.02.2025 को विद्यालय की प्रातःकालीन सभा में सभी छात्रों एवं शिक्षक शिव प्रकाश ओझा को सम्मानित करते हुए बधाई दी। उन्होंने कहा कि सभी छात्रों ने अपनी मेहनत और लगन से यह सफलता प्राप्त की है। मेहनत का रंग सुनहरा होता है और यह छात्र इसकी जीती-जागती मिसाल हैं।

डायरेक्टर प्रिंसिपल डॉ. सीमा विश्वास ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि हर व्यक्ति के भीतर अद्भुत गुण और संभावनाएं छिपी होती हैं। आवश्यकता उन्हें पहचानने, निखारने और लक्ष्य की ओर केंद्रित होकर कार्य करने की। उन्होंने कहा कि इन छात्रों की उपलब्धियां अन्य छात्रों को भी प्रेरित करेंगी।

## एक नजर

### पत्रकारों का स्वास्थ्य बीमा कराने व आयुष्मान कार्ड बनाने की मांग

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश एसोशिएशन ऑफ जर्नलिस्ट जनपद बिजनौर की मासिक बैठक में संगठन के आगामी कार्यक्रमों सहित अनेक महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में पत्रकारों का स्वास्थ्य बीमा सुनिश्चित करने, पत्रकारों के लिए आयुष्मान कार्ड जारी करने, जनपदीय टोल प्लाजा पर पत्रकारों को टोल माफी करने, प्रदेश में पत्रकार एवं पत्रकार परिवार सुरक्षा कानून लागू करने, पत्रकारों पर फर्जी मुकदमे की निष्पक्ष जांच एवं उनकी रोकथाम हेतु नियमावली बनाने तथा संगठन के आगामी कार्यक्रमों एवं संगठन के विस्तार की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। संगठन के संरक्षक वरिष्ठ पत्रकार ज्योतिलाल शर्मा की अध्यक्षता एवं जिलाध्यक्ष पुखराज सिंह मलिक के संचालन में सम्पन्न मासिक बैठक में जिला महामंत्री रामनाथ सिंह, जिला कोषाध्यक्ष मुकुल पाल, जिला उपाध्यक्ष वीरेन्द्र अग्रवाल, उज्जवल शर्मा, बाबूराम आर्य, नरेंद्र सिंह, मोहम्मद लतीफ, अभिषेक ठाकुर आदि कई पत्रकारों ने अपने विचार रखे।

### खेल स्पर्धाओं में चोपडा हाउस का दबदबा

**बिजनौर।** विवेक विश्वविद्यालय की खेल प्रतियोगिता स्पर्धा 2025 में तीसरे दिन वॉलीबाल, खो-खो, कबड्डी, शतरंज एवं बैडमिंटन के मुकबाले खेले गये। वॉलीबाल का फाइनल मुकाबला चोपड़ा हॉउस और मैरीकॉम हाउस के बीच खेला गया। इस रोमांचक मैच में चोपड़ा हाउस ने मैरीकॉम हाउस को 21-19, 19-21, 15-13 अंकों से हराकर स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। खो-खो का फाइनल मुकाबला चोपड़ा हॉउस और भाकर हाउस को 2 अंकों से हराकर प्रतियोगिता जीत ली। कबड्डी का फाइनल मुकाबला बिन्द्रा हाउस और चोपड़ा हाउस के बीच खेला गया, जिसमें बिन्द्रा हाउस ने चोपड़ा हाउस को 4 अंकों से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। शतरंज प्रतियोगिता में चोपड़ा हाउस के सुमित ने गोल्ड मेडल व मैरीकाम हाउस के ही महजद ने ब्रॉन्ज मेडल पर कब्जा किया। बैडमिंटन बालक व बालिका वर्ग के एकल मुकाबले में सिंधाु हाउस एवं बिन्द्रा हाउस ने फाइनल में अपनी जगह निश्चित की। वहीं बालक युगल वर्ग में भी सिंधु हाउस एवं बिन्द्रा हाउस मने फाइनल में पहुंच गये हैं। क्रिकेट का सेमीफाइनल मुकाबला, मैरीकॉम हाउस और राठौर हाउस के बीच खेला गया, जिसमें राठौर हाउस में मैरीकॉम हाउस को 4 रनों से हराकर फाइनल में अपनी जगह बना ली।

### दिव्यांगों को कृत्रिम अंग वितरित



**रायपुर सादात।** कस्बा नूरपुर में दिव्यांग एकता गठबंधन के नेतृत्व में एवं दिव्यांग सेवा संगठन के बैनर तले तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष फुरकान अहमद तथा अध्यक्ष रियासत राजा के नेतृत्व में एक शिविर लगाया गया। शिविर में जरूरतमंद दिव्यांगजनों को कृत्रिम उपकरण का वितरण किया गया। इस मौके पर दिव्यांग संगठन के अनेक नेता मौजूद रहे। दिव्यांग सहारा के नेता अकरम अंसारी तथा अमन पार्टी के नेता फुरकान अहमद आदि दिव्यांग नेताओं ने संकल्प लिया कि हम दिव्यांगजनों की समस्याओं को गंभीरता से लेंगे और उनके उत्थान के लिए संगठित होकर उन्हें मजबूती प्रदान करने का हर संभव प्रयास करेंगे। दिव्यांग नेताओं का कहना था कि सरकार ने विकलांग शब्द हटाकर उन्हें दिव्यांग का नाम देकर उनका मान बढ़ाया है। लेकिन हम चाहते हैं जो दिव्यांगजन पात्रता की श्रेणी में आते हैं। उनको पेंशन दिलाई जाए और आवासहीन दिव्यांगों को आवास उपलब्ध कराया जाए, जो उनकी समस्याएं हैं। उनका समय से निराकरण हो। दिव्यांग सहारा इसके लिए हर संभव प्रयास करेगा। अकरम अंसारी ने कहा दिव्यांगजनों की अहमियत तभी बढ़ेगी जब दिव्यांग संगठन एक प्लेटफार्म पर आकर अपनी आवाज बुलंद करेंगे।

### सपा का पीडीए चर्चा कार्यक्रम



**शेरकोट।** नगर में आयोजित पीडीए चर्चा कार्यक्रम में बोलते हुए पूर्व विधायक नईमुल हसन ने कहा कि सरकार ने अपनी कमियों को छिपाने के लिए जनता को पाकिस्तान व बांग्लादेश में उलझा रखा है। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार में बेरोजगारी बढ़ी है। किसान, व्यापारी परेशान है। लेकिन सत्ता के नशे में चूर सरकार को जनता की कोई फिक्र नहीं है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपने-अपने क्षेत्रों और बूथों को मजबूत करने तथा 2027 के चुनाव में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने के लिए काम करने का आह्वान किया। शेख कमरुल इस्लाम ने कहा कि प्रदेश की जनविरोधी सरकार से लड़ने के लिए पीडीए ही आपकी ताकत है। सपा सरकार ने बच्चों को लैपटॉप, मजदूरों को साइकिल, लड़कियों के पढ़ने व शादी के अनुदान देने का काम किया। आज भाजपा बेरोजगारी को छोड़ पाकिस्तान और बांग्लादेश में देश के लोगों को उलझा रही है। इस मौके पर बरक्ततुल्ला अब्बासी, पूर्व चेयरमैन महमूद कस्सार, शेख इस्माईल, बब्बन राइन, शेख नईम, आसिफ आदि ने भी अपने विचार रखे।

### स्वयंसेवकों ने बनाए पौष्टिक व्यंजन



**धामपुर।** आरएसएम कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (छात्र इकाई) के सात दिवसीय विशेष शिविर का चतुर्थ दिवस ग्राम सैदपुर वीरु उर्फ पीपला में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रवि धनकड़ के नेतृत्व में माय भारत के लिए युवा एवं डिजिटल साक्षरता हेतु युवा विषय वस्तु को ध्यान में रखते हुए सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा एवं साइबर सुरक्षा और हमारे कर्तव्य थीम पर आधारित रहा। विद्यालय परिसर में लगे पौधों के थलों की निराई कर सिंचाई की गई। प्रतिदिन मेन्यू की भांति स्वयंसेवकों द्वारा दक्षिण भारत का पौष्टिक व्यंजन उपमा तैयार किया गया। जिसे सभी स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक गृहण किया। डॉ. अमित सिंह द्वारा स्वयंसेवकों को जीवन में प्रसन्न रहने का मूलमंत्र, आत्मविकास वृद्धि का उपाय और पब्लिक स्पीकिंग की शिक्षा दी। उन्होंने बताया कि भटकते हुए मन में हम जीवन में कभी अच्छी प्रस्तुति नहीं दे सकते। इसलिए हमें सदैव सकारात्मक विचारों को सोचने की आदत डालनी होगी। डॉ. राजेश कटियार ने बताया आज की दुनिया में सड़क और परिवहन प्रत्येक मानवीय जीवन का एक अभिन्न अंग बन गया है। हर व्यक्ति किसी न किसी रूप में एक सड़क उपयोगकर्ता है। वर्तमान परिवहन प्रणाली ने दूरियों को कम कर दिया है लेकिन इसने दूसरी ओर जीवन के जोखिम को बढ़ा दिया है। इसलिए सभी जनमानस को सड़क के नियमों ओर चेतावनी चिन्हों का पालन करना चाहिए। संध्याकाल में सभी स्वयंसेवकों ने अपना शारीरिक एवं विकास हेतु विभिन्न प्रकार के खेलों में प्रतिभाग किया एवं रात्रिभोज के उपरांत स्वयसेवकों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। शिविर में डॉ. सुमेधा चौहान,डॉ. सीमा सिंह, डॉ. रविन्द्र भारद्वाज, डॉ. अमित गिरि, डॉ. अनिल कुमार, डॉ. मधुसूदन आदि उपस्थित रहे। स्वयंसेवक ललतेश यादव, राजकुमार, लवी मंसूरी, यश राघव, प्रीत चौहान, प्रशांत आदि स्वयंसेवकों का योगदान सराहनीय योगदान रहा।



सम्भल-अधिवक्ता एक्ट में संशोधन के विरोध में पैदल मार्च करते अधिवक्ता।

# अधिवक्ताओं की स्वतंत्रता छीनना चाहती है सरकार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल/बबराला।** अधिवक्ता अधिनियम (संशोधन) बिल के प्रस्तावित संशोधनों को दर्ज कर लागू करने के विरोध में अधिवक्ताओं का रोष फूट पड़ा। गुस्साये अधिवक्ताओं ने विरोध किया और अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन किया और काली पटटी बांधकर पैदल मार्च किया जबकि प्रशासनिक अधिकारियों को राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा गया।

उत्तर प्रदेश बार कौन्सिल के आहवान पर अधिवक्ता केन्द्र सरकार द्वारा एडवोकेट अमेंडमेंट एक्ट को पूरे संशोधनों के साथ लागू करने के विरोध सड़कों पर आ गए। अधिवक्ताओं ने पूरे संशोधनों के साथ लागू किए जा रहे एडवेकेटअमेंडमेंट एक्ट का विरोध किया। जिला बार एसोसिएशन सम्भल के अधिवक्ताओं ने काली पटटी बांधी और तहसील तक पैदल मार्च कर विराध प्रर्दशन किया। वकीलों ने अध्यक्ष मौहम्मद इस्लाम के नेतृत्व में उजलिाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर अरीफ आलम, नईम कुरैशी, मौ. शाहनवाज, डा. फळीम अख्तर, पुनित बाबू, अजय कुमार, याहिया खान, मौ. कामिल, कपिल चन्द्रा, अब्दर्रहमान, सचिनपाल, कमलेश रानी, चौ. वसीम, अमर सिंह, मुर्तजा, इफ्तेखार आलम, मौहममद नवाज, संसार सिंहसै. फरहत अली, सै. रफत अली, मौ. अकरम, चौ. मजारूल इस्लाम, नेहा गुप्ता, आदि मौजूद रहे। संचालन मौहम्मद उमर अल्वी एड. ने किया। कर उप जिलाधिकारी आनन्द कटारिया को 6 सूत्रीय ज्ञापन राष्ट्रपति के नाम सौंपा।बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर केन्द्र सरकार द्वारा प्रस्तावित 'अधिवक्ता संशोधन बिल 2025' का कड़ा विरोध करते हुए कहा कि सरकार अधिवक्ताओं के संवैधानिक अधिकारों को समाप्त करने और उनकी आवाज दबाने का प्रयास है। बिल के तहत अधिवक्ताओं को हड़ताल या कार्य बहिष्कार

**○संशोधनों के विरोध में सड़कों पर आए वकीलों ने सौंपे ज्ञापन**

करने से रोका जा रहा है, जो कि भारतीय संविधान के 'अनुच्छेद 19' (वाक् एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता) और 'अनुच्छेद 21' (जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता) का उल्लंघन है। बिल की धारा 35 ए के अनुसार, अधिवक्ताओं के किसी भी संघ या सदस्य को अदालत के कार्य का बहिष्कार, हड़ताल या विरत रहने का प्रस्ताव करने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। यह प्रावधान लोकतांत्रिक व्यवस्था में हड़ताल के अधिकार को छीनने का प्रयास है। बिल की धारा 35 के तहत अधिवक्ताओं पर तीन लाख रुपये का जुर्माना लगाने का प्रावधान है, जो कि पक्षपातपूर्ण है। इससे अधिवक्ताओं पर अनावश्यक दबाव बनेगा और उनकी कार्य स्वतंत्रता प्रभावित होगी। साथ ही, शिकायत पर पचास हजार रुपये का जुर्माना लगाने का प्रावधान भी है, लेकिन अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए कोई उपाय नहीं है। बिल के माध्यम से विदेशी फर्मों और विदेश में काम करने वाले अधिवक्ताओं को भारतीय अदालतों में काम करने की अनुमति दी जाएगी, जिससे भारतीय अधिवक्ताओं के अधिकारों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। बार एसोसिएशन ने राष्ट्रपति महामहिम से केन्द्र सरकार को निर्देश दिया जाए कि अधिवद्रा संशोधन बिल 2025 को तत्काल निरस्त करने के आदेश देने की मांग की। इस अवसर पर डा. अमित कुमार उठवाल, रवि चौधरी, अशोक कुमार, मदन पाल सिंह, सत्यपाल सिंह, नीरज गुप्ता, सुभाष त्यागी, फजल हक, प्रदीप सिंह, प्रमेन्द्र सिंह, मुनेश शर्मा, अली सादिक, राजीव भटनागर, विनय गोयल, नरेन्द्र सिंह, मो. नईम, सत्यवीर शर्मा, रामरहीस यादव, अफजाल अहमद, मनोज कुमार, सचिन चौहान, अजेन्द्रपाल सिंह, रामकिशन सिंह, नीतू सिंह, मोहम्मद याकूब, अनीस अहमद' आदि उपस्थित थे। शुक्रवार को गुन्नौर तहसील परिसर में बार अध्यक्ष कैलाश यादव की अध्यक्षता में अधिवक्ताओं ने बैठक कर अधिवक्ता अधिनियम संशोधन बिल के विरोध में काली पटटी बांधकर न्यायिक कार्यो से विरत रहेंगे। जबकि ज्ञापन सोंपकर कहा कि भारत संघ के सभी अधिवक्ता साथियों तथा बार काउंसलिंग आफ उत्तर प्रदेश प्रयागराज एवं बार काउंसिल आफ इंडिया के दिशा निर्देशों को अनुमोदित करते हैं, क्योंकि अधिवक्ता संशोधन अधिनियम में जो संशोधन दर्ज किए जाने प्रस्तावित है। वह अधिवक्ता की गरिमा, स्वायत्त व स्वतंत्रता के विपरीत हैं। अब तो सरकार द्वारा अधिवक्ताओं को अपनी कठपुतली बनाकर प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से अधिवक्ता समूह को खत्म कर बर्बाद करने का षडयंत्र रचने का चक्र चलाया जाने लगा है। केंद्र सरकार द्वारा रेगुलेशन बनाने की जो बात कही गई है। उसे तुरंत समाप्त किया जाए। साथ ही किसी प्रकार के संशोधन की आवश्यकता न होने के कारण हम अधिवक्ता एडवोकेट्स अमेंडमेंट बिल 2025 के पूरे संशोधन को निरस्त करते हैं। इसको तुरंत वापस लिया जाए नहीं तो पूरे देश में इस लड़ाई को लड़ने की रणनीति बनाने को बाध्य होंगे। इस दौरान बार अध्यक्ष कैलाश यादव, महासचिव हरिओम यादव, वीरेश यादव, भूदेव, मनोज यादव, चिंताहरण सिंह, प्रदीप गुप्ता, अम्बरीश, राजीव, शोएव, खेमपाल, ब्रह्मराज, अशोक, चन्द्रभान आदि रहे।

छह मामलों में अभी विवेचना जारी, सांसद के व्हाटसएप्प की जुटाई जा रही जानकारी

# 12 मुकदमों में से छह में पुलिस ने दाखिल किए आरोप पत्र

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** विगत वर्ष नवम्बर माह में हुई हिंसक वारदात में दर्ज किए गए मुकदमों के पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में पेश कर दिया गया है। समय पूर्व दाखिल किए गए आरोप पत्रों की पुलिस अधीक्षक ने जानकारी दी है।



24 नवम्बर 24 को शाही जामा मस्जिद में कोर्ट कमिश्नर द्वारा दूसरी बार मौका मुआयना करने के दौरान फैली भ्रंति से हिंसा भड़क गयी थी। गोलीबारी और आगजनी में दर्जनों पुलिस कर्मी और एक उपजिलाधिकारी समेत कई लोग घायल हो गए थे,जबकि पांच की मौत हो गयी थी। इनमें से एक ने कोई कार्यवाही नहीं की थी जबकि चार के पोस्टमार्टम कराने के बाद अज्ञात के खिलाफ हत्या के मुकदमें दर्ज किए गए थे। दो माह और 21 दिन पहले हुई हिसंक वारदात में दर्ज अलग-अलग मुकदमों में नखासा और कोतवाली पुलिस आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र तैयार करने में जुटी हुई थी। चार्जशीट दाखिल करने का समय 24 फरवरी को पूरा हो रहा था, लेकिन कोतवाली और नखासा पुलिस ने समय पूर्व छह मुकदमों में आरोप पत्र गुरूवार को न्यायालय में प्रेषित कर दिया है। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक के के विश्नोई ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट 0ट चन्दौसी के न्यायालय में दाखिल किए गए आरोप पत्रों की जानकारी देते हए बताया कि 24 नवम्बर 24 को जामा मस्जिद में हुए सर्वे के दौरान भड़की हिंसा में चार की मौत हो गयी थी। जबकि जमकर पथराव और फायिरंग व आगजनी में डेढ़ दर्जन से अधिक पुलिस कर्मीव प्रशासनिक अधिकारी ईंट लगने से घायल हुए थे। पुलिस की और से 37 को नामजद किया गया था जबकि 3750 अज्ञात के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज की गयी थी। इनमें से अब तक पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए 79 को अदालत से जेल भेजा जा चुका है। पुलिस की ओर से छह मामलो में आरोप पत्र न्यायालय में प्रषित कर दिएग है। बाकी मुकदमों में विवेचना अभी जारी है। जल्द ही सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क के खिलाफ भी आरोप पत्र अदालत में दाखल किया जायेगा।एसपी ने बताया कि हिंसा के 87 दिन बाद अदालत में पेश किए गए आरोप पत्रों में शहर कोतवाली से चार औरनखासा कोतवाली से एक तथा एक मुकदमा मुरादाबाद जनपद के थाना पाकबड़ा में दर्ज हुआ था उसे यहां स्थानांतरित किया गया है। इन सभी बारह मुकदमों में छह में आरोप पत्र दाखिल किये गए हैं। एसपी ने बताया कि पहला आरोप पत्र उपनिरीक्षक शाह फैसल की और से दाखिल किया गया हैं जिसमें उनकी निजी बुलेट बाइक और सरकारी वाहन को जलाने का आरोप था। सी सी टी वी कैमरों और अन्य स्तरों से संकलित किए गए साक्ष्यों के आधार पर 23 के खिलाफ अभियोग दर्ज किया गया थज्ञ। इन सभी के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में पेश कर दिया गया है जबकि दूसरा मामला नखासा कोतवाली के संजीव कुमार का है। जो पुलिस अधीक्षक के पीआरओ है। इनमें एक आरोपी छत से फायर कर रहा था। उसको बल मिल रहा था। इसमें पीआरओ घायल हुए थे।इस मामले में 25 के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया था। जिसमें से सभी आरोपियों काा चालान किया गया। इसका आरोप पत्र अदालत में पेश कर दिया गया। तीसरे मुकदमा शहर कोतवाली सम्भल में दर्ज हुआ था। इनमें प्रभारी निरीक्षक की और से घटना की जानकारी दी गई थी। इनमें से मौके से पकड़े गए 21 आरोपी नामज़द है। जबकि 53 के खिलाफ आरोप भेजा गया है। चौथे मामले में घटना वाले दिन उपजिलाधिकारी उमेश यादव ने दर्ज कराया था। जिसमें 37 को गिरफ्तार किया गया और अदालत से उन्हे जेल भेज दिया।पांचवे मुकदमें में पुलिस उपाधीक्षक अनुज चौधरी के पांव में गोली लगने से घायल हुअए थे।इसमें 38 के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भिजवाया गया। इतना ही नही जामा मस्जिद के पास से पुलिस का टियर स्मोक और रबड़ बुलेट लूटा गया। इस मामले में 39 को जेल भेजने के बाद आरोप पत्र प्रेषित किया गया है। 6 मामलो में अब तक 80 को गिरफ्तार किया जा चुका है। एसपी ने बताया कि 123 लोगों के नाम प्रकाश में आए। इन्हे सी सी टीवी कैमरे से पहचाना गया था जबकि पकड़ गए लोगों ने बताया था कि उन्हे बुलाया गया थ। उनके कहने पर भीड़ में शामिल होकर पथराव और फायरिंग की गई थी। कॉल डिटेल आदि निकालकर नाम पते कर 159 लोगों को नामज़द किया था। इनमें से 80 को गिरफ्तार किया गयर। अभी 70 की गिरफ्तारी बची हुई है। पुलिस अधीक्षक के के विश्नोई ने पत्रकारों को बताया कि विदेशो में बने हथियार जांच के दौरान पाये गए थे। पुलिस सी सी टी वी ओर पोस्टर के माध्यम से उनकी तलाश कर रही है। कुछ के नाम पुलिस को पता चले हैं जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। एसपी ने बताया कि सांसद के खिलाफ भी आरोप पत्र दायर होगा। पुलिस अभी उसकी लगातार विवेचना कर रही है। साक्ष पूरे होने के बाद ही कार्रवाई को पूरा किया जायेगा। उन्होने बताया कि छह मुकदमें अभी बचे हैं। उनमें भी जल्द कार्यवाही को पूरा कर आरोप पत्र प्रेषित किया जायेगा। उन्होने बताया कि सांसद के व्हाटसएप्प की जुटायी जा रही है। उसके आते ही आरोप पत्र अदालत में दायर होगा।

**○एसपी ने पत्रकारों को दी आरोप पत्रों की जानकारी**



बबराला।-अधिवक्ता अमेंडमेंट एक्ट के विरोध में गुन्नौर में प्रर्दशन करते अधिवक्ता।

# साक्ष्य के अभाव में महिला आरोपी हुई रिहा

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** करीब ढाइ माह से अधिक समय से जेल में निरूद्ध हिंसा के आरोप में जेल भेजी गई महिला आरोपी को साक्ष्य के अभाव में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश पर जेल से रिहा कर दिया गया, लेकिन इससे पूर्व आरोपी महिला के जमानत आवेदन को निरस्त कर दिया गया था।

24 नवम्बर 24 को जामा मस्जिद में दोबारा सर्वे कराने के दौरान भड़की हिंसा के दौरान नखासा कोतवाली पुलिस ने फरहाना और रूकय्या को गिरफ्तार किया गया था। अदालत ने उन्हे जेल भेज दिया था। हिंसा की आरोपी महिला फरहाना के जमानत आवेदन को जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत से सात फरवरी को निरस्त कर दिया गया था। जमातन आरवेदन अदालत से खारिज होने के बाद महिला के परिजनों की ओर से पुलिस उपमहानिरीक्षक व एडीजी से मिलकर उनके निर्दोष होने की जानकारी देकर दोबारा विवेचना कराने की मांग की थी। पुनः करायी गई विवेचना में फरहाना के खिलाफ पुलिस को कोई सबूत नहीं मिल सके। इसकी रिपोर्ट पुलिस की और से मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में दाखिल की गई। अधिवक्ता ज़की अनवर ने बताया कि महिला आरोपी फराहाना के खिलाफ पुलिस को कोई साक्ष्य नहीं मिलने पर अदालत में पेश की गई रिपोर्ट के बाद उनको रिहा करने के आदेश दिए गए था। जिन्हे मुरादाबाद जेल से रिहा कर दिया गया है।

**○अदालत से जमानत प्रार्थना पत्र हो चुका था निरस्त, ढाई माह से अधिक समय से जेल में रही निरुद्ध**

# त्योहारों पर नहीं डालें कोई नई परम्परा

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** महाशिवरात्रि और होली व रमज़ान आदि पर्व एकता व भाईचारे के साथ सम्पन्न कराने को पुलिस-प्रशासन की कवायद तेज हो गयी है। साम्प्रदायिक सौहार्द के साथ त्यौहार मनाने को आयोजित पीस कमेटी की बैठक में नई परम्परा नहीं डालने पर ज़ोर दिया।

तहसील सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक ने थाना क्षेत्रों से पहुंचे धर्मगुरुओं एवं सम्भ्रांत व्यक्तियों से वार्ता की। जबकि आगामी त्यौहार (महाशिवरात्रि, रमजान, होली) को सौहार्दपूर्ण वातावरण में शांतिपूर्वक मनाये जाने तथा कोई भी नई परंपरा के नहीं डालने के साथ किसी तरह की अफ़वाह पर ध्यान नहीं देने पर ज़ोर दिया। बैठक में किसी घटना के होने की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को दिये जाने एवं पुलिस-प्रशासन का सहयोग करने की भी अपील की गई। बैठक में व्यापारी वर्ग व समिति के सदस्यों के अलावा शहर के गणमान्य लोग और अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी श्रीश चंद , उपजिलाधिकारी वंदना मिश्रा के अलावा पुलिस उपाधीक्षक अनुज चौधरी तथा जनपद के पुलिस उपाधीक्षक आदि भी मौजूद रहे।

**○डीएम एसपी ने ली पीस कमेटी की बैठक अफवाहों पर ध्यान नहीं देने पर दिया ज़ोर**




सम्भल-तहसील सभागार में पीस कमेटी की बैठक को सम्बोधित करते जिलाधिकारी।

# शौचालय जाने के बहाने नवविवाहिता ससुराल से गायब

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** सदर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी युवक की शादी चार माह पहले असमोली थाना क्षेत्र निवासी एक युवती के साथ हुई थी।बुधवार को घर पर युवक की मां, बहन और नवविवाहिता घर पर थी। देर शाम नवविवाहिता घर के दरवाजे पर खड़ी थी। नवविवाहिता को दरवाजे पर खड़ा देखकर युवक की मां ने टोका। जिसके बाद नवविवाहिता घर में स्थित शौचालय चली गई। जब काफी देर तक नवविवाहिता शौचालय से बाहर नहीं निकली। तब युवक की मां ने शौचालय के बाहर खड़े होकर नवविवाहिता को आवाज लगाई। जवाब नहीं मिलने पर जब युवक की मां ने दरवाजा खोला। देखा तो शौचालय से नवविवाहिता गायब थी। कमरे में जाकर देखा तो बीस हजार की नकदी व जेवर भी गायब थे। सूचना मिलने पर घर पहुंचकर युवक ने नवविवाहिता की आसपास व ससुराल में फोन कर नवविवाहिता के होने की पूछताछ की। लेकिन ससुराल वालों ने मना कर दिया। जिसके बाद युवक गुरुवार की रात तक नवविवाहिता को इधर उधर ढूंढता रहा। शुक्रवार को तहरीर देकर युवक ने पुलिस से नवविवाहिता को बरामद कराने की मांग की है।

**○बीस हज़ार की नकदी व जेवर साथ ले जाने का लगाया आरोप**

# रेखा गुप्ता के मुख्यमंत्री बनने पर समिति सदस्यों ने जताया हर्ष

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** मां गंगा जन कल्याण समिति के सदस्यों ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के बनने पर हर्ष जताया और एक दूसरे को मिष्ठान का वितरण किया।

राजघाट गंगाघाट पर आयोजित बैठक में समिति के सदस्यों ने दिल्ली की मुख्यमंत्री की बागडोर रेखा गुप्ता को सौंपे जाने पर खशुी जतायी। समिति के सदस्यों ने कहा कि हम सबके लिए बड़ी उपलब्धि है कि दिल्ली में भाजपा की सरकार बनी है। भाजपा ने रेखा गुप्ता को दिल्ली की मुख्यमंत्री बनायी है। इस दौरान विजय वार्ष्णेय, मुनीश वार्ष्णेय, अनिल गुप्ता, डिम्पल वार्ष्णेय, रूप किशोर, राधेश्याम आदि मौजूद रहे।

# 22 फरवरी को मेला लगाकर युवाओं को दिया जाएगा रोज़गार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** प्रदेश के युवाओं को रोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर भारत अभियान को सफल बनाए को जिला सेवायोजन एवं ग्रीन गार्डन स्कूल भवानीपुर के संयुक्त तत्वाधान से एक दिवसीय रोजगार मेला ग्रीन गार्डन स्कूल भवानीपुर में लगाया जायेगा।

जिला सेवायोजन अधिकारी जुबैर अहमद ने बताया कि ब्लॉक पंवासा के प्रांगण में शनिवार 22 फरवरी को रोजगार मेला लगाया जाना प्रस्तावित है। रोजगार मेला प्रातः 10:30 बजे से 3:00 तक रहेगा। जिसमें इंडियन सिक्योरिटी फोर्स, एल.आई.सी.,शिवशक्ति एग्रीटेक नवभारत फर्टिलाइजर्स, सोल्यूशन, इत्यादि कंपनियां प्रतिभाग कर रही हैं। उपरोकत सभी कंपनियां डेस्क जॉब, सेल्स एग्जीक्यूटिव, सिक्योरिटी गार्ड, बीमा सलाहकार एवं अन्य कंपनी पदों के रूप में भर्ती करेंगी।




सम्भल-मौहल्ला पंजू सराय में बाल विवाह रोकथाम को जागरूक करते

# बाल विवाह सामाजिक बुराई, इसे रोकना ज़रूरी

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** शुक्रवार को एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रन के प्रोजेक्ट मैनेजर गौरीशंकर चौधारी की संयुक्त टीम द्वारा जिलाधिकारी डा. राजेंद पेंसिया निर्देशन में ,बाल विवाह बाल श्रम एवं बाल तस्करी के खिलाफ विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें पंजू सराय के आस पास होटलों दुकानों पर बाल श्रम मुक्ति अभियान चलाया गया जहां पर बाल मजदूरी में संलिप्त नाबालिग बच्चों को स्कूल भेजनें के बिषय में उनके परिजनों को समझाया गया तथा साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी इस अभियान के तहत दी गई आम जनमानस को टोल फी नंबर 1098, 112, के महत्व के बारे में बताया गया। गौरीशंकर चौधरी ने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई और कानून का उल्लंघन है, जो बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य और विकास में बाधा है। उनके सपनों को साकार होने से रोकता है। इसलिए समाज में किसी भी बालिका का बाल विवाह न हो यह हम सबकी जिम्मेदारी है। इस अभियान में प्रयत्न संस्था के फील्ड कोआर्डिनेटर फरज़ंद अली वारसी, एवं सिराज अहमद मौजूद रहे।

## प्रदेश सरकार का बजट केवल कागज़ों तक सीमित

**सम्भल।** आजाद अधिकार सेना पार्टी के प्रदेश महासचिव खिजर गौस उर्फ गौस भैया ने उत्तर प्रदेश सरकार के बजट पर तंज कस्ते हुए कहा बजट केवल पन्नों पर पास किया गया है पहले की तरह इस बार भी बजट सपनों जैसा है प्रदेश में बेरोजगारी चरम सीमा पर है प्रदेश में वहीं स्वास्थ्य केंद्र बदहाल पड़े हैं प्रदेश में शिक्षा को कोई बढ़ावा देने वाला बजट नहीं है शिक्षा अतिरिक्त महंगी, महंगाई पहले की तरह डबल चरम सीमा पर है सरकार लंबे समय से सत्ता प्राप्त करें उत्तर प्रदेश में बैठी है लेकिन महंगाई कंट्रोल करने पर सरकार का कोई ध्यान नहीं रेलवे से लेकर घरेलू खाद्य पदार्थ, उत्तर प्रदेश में बिजली यूनिट अतिरिक्त महंगा है तथा ट्रांसपोर्ट तक अतिरिक्त महंगाई की स्थिति से जूझ रही है गरीब आम जनमानस का जीना दूभर है

## छात्रवृत्ति को आवेदन 24 तक

**सम्भल।** राज्य सरकार द्वारा अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र/छात्राओं को प्री-मैट्रिक कक्षा 09-10, पोस्ट मैट्रिक कक्षा 11-12 तथा अदरदैन इण्टरमीडिएट योजनाओं द्वारा संचालित किया जा रहा है। जिसके तहत अल्पसंख्यक वर्ग के प्री-मैट्रिक आवेदन-पत्र 24 फरवरी, 2025 तिथि निर्धारित की है।

# कल्कि त्रिनेत्र के लिए दो करोड़ की धनराशि मंज़ूर

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** कल्कि त्रिनेत्र समिति की बैठक में शहर की सुरक्षा और आसामाजिक तत्वों पर पैनी निगाह रखने को विस्तार से चर्चा की। जबकि समिति के सदस्यों से चर्चा करते हुए प्रमुख चौराहों पर सी सी टी वी कैमरे लगाने के सुझाव दिये। तहसील सभागार में आयोजित बैठक मे नगर की अवस्थित एवं विस्तार वार्ड की संख्या तथा क्षेत्रफल जनसंख्या एवं परिवारों की संख्या के साथ सम्भल क्षेत्र के अन्तर्गत संवेदनशील/अतिसंवेदनशील स्थान को लेकर चर्चा की। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सम्भल डा. मणि भूषण तिवारी ने बताया कि सम्भल में 300 सीसीटीवी कैमरे, 08 पी.टी.जेड , 20 ए. एन. पी. आर कैमरे के नेटवर्क हेतु 10 वर्क स्टेशन तथा एक कंट्रोल रूम की स्थापना की जाएगी। बैठक में नगर क्षेत्र में क्रियाशील सीसीटीवी कैमरों की स्थिति तथा सम्भल नगर क्षेत्र की संवेदनशीलता के दृष्टिगत अन्य पक्षों पर भी चर्चा की गयी। बैठक में समिति के छत्रपाल सिंह ने क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था ठीक होने के साथ गाँव एवं शहर को मिलाने वाले मार्गों पर सीसीटीवी कैमरों लगाये जाने व पुलिस चौकी भी स्थापित होने का सुझाव दिया जबकि संजय सांख्यधर ने संवेदनशील स्थानों पर हाई रेजोल्यूशन कैमरे तथा एएमसी सीएमसी को लेकर भी सुझाव दिया तथा अन्य सदस्यों द्वारा महाशिवरात्रि पर संवेदनशील क्षेत्रों में पेट्रोलिंग, गर्ल्स कॉलेज के आसपास एवं यातायात चौराहा पर सीसीटीवी कैमरे लगाने मुख्य मार्गों जहां पर गाड़ियों का आना-जाना रहता है तथा नाकों और प्रमुख चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने का सुझाव दिया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनपद में 24 नवंबर को हुयी घटना को सुलझाने में सीसीटीवी कैमरों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने बताया कि सम्भल कल्कि त्रिनेत्र समिति का प्रमुख उद्देश्य जनसामान्य की सुरक्षा करना है। यह जनपद को सुरक्षित बनाने के लिए महत्वपूर्ण अभियान है। जनपद के एंट्री प्वाइंट पर भी कैमरे लगाए जाएंगे तथा मेले एवं त्योहारों पर लगने वाले मेले में असामाजिक तत्वों द्वारा चेन छिनेती, छेड़खानी आदि की घटनाओं से सीसीटीवी कैमरे लगाने से सुरक्षा हो सकेगी, सीसीटीवी कैमरे सिक्योरिटी गार्ड का कार्य करेंगे। उन्होंने बताया कि यह जनपद को सुरक्षित बनाने के लिए महत्वपूर्ण अभियान है। उन्होंने कहा कि हर घर कैमरा अभियान के अन्तर्गत कमेटी के सदस्य भी अपने यहाँ सीसीटीवी कैमरे लगवाने और लोगों को भी जागरूक करने को कहा। एडीएम प्रदीप वर्मा ने कहा कि सम्भल कल्कि त्रिनेत्र समिति पंजीकृत है तथा समिति का खाता भी खुला हुआ है तथा खाते का संचालन उप जिलाधिकारी सम्भल तथा अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सम्भल के द्वारा किया जाएगा। इस समिति के खाते में कोई भी व्यक्ति दान कर सम्भल की सुरक्षा में अपना योगदान कर सकता है। सीसीटीवी कैमरे के लिए एक कंट्रोल रूम अपर पुलिस अधीक्षक सम्भल के यहाँ पर रहेगा तथा एक अन्य कंट्रोल रूम भी तहसील के पास ही बनाया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि इसके अंतर्गत 15 वें वित्त आयोग के अन्तर्गत 2 करोड़ की धनराशि इसके लिए स्वीकृत कर दी गयी है। जिलाधिाकारी ने कहा कि हर कैमरे के साथ वुआइस रिकॉर्डर भी होगा। प्रतिष्ठान भी अपने आस पास सीसीटीवी कैमरे लगाने में सहयोग करें। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक श्रीश्चन्द, उप जिलाधिकारी वंदना मिश्रा, उप जिलाधिकारी चंदौसी निधिपटेल, उप जिलाधिकारी गुन्नौर आनंद कटारिया, क्षेत्राधिकारी अनुज चौधरी, क्षेत्राधिकारी गुन्नौर दीपक तिवारी आदि मौजूद रहे।

**○कल्कि त्रिनेत्र समिति की बैठक में की गई चर्चा**

★शाह टाइम्स★
खबरे छुपाता नही, छापता है।

# समाचार एक नज़र में

## रेलवे स्टेशन पर लोको रनिंग स्टाफ ने किया जोरदार प्रदर्शन

**मुरादाबाद।** किलोमीटर भत्ता दर में वृद्धि की मांग को लेकर रेलवे रनिंग स्टाफ ने मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर जोरदार प्रदर्शन कर रेल मंत्रालय के खिलाफ अपना विरोध जाहिर किया है और अपनी मांगों के शीघ्र समाधान कराए जाने की मांग को उठाया है। रेल कर्मचारियों ने साफ चेता.



वनी दी है कि यदि उनकी मांगों की ओर ध्यान नहीं दिया गया तो यह धरना प्रदर्शन आंदोलन के रूप में बदल जाएगा। बता दे कि शुक्रवार को मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन और ऑल इंडिया गाड्र्स काउंसिल के बैनर तले 36 घंटे का भूख हड़ताल एवं शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन किया गया। यह प्रदर्शन रेलवे रनिंग स्टाफ के किलोमीटर भत्ता दर में 25% की वृद्धि की मांग को लेकर किया गया, जिसे रेल मंत्रालय ने अस्वीकार कर दिया था। इसी के विरोध में रेलवे रनिंग स्टाफ ने मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर धरना प्रदर्शन कर अपना विरोध जाहिर किया है।

## चकबंदी लेखपाल संघ के जिलाध्यक्ष रवि पवार व जिला महामंत्री बने अंकुर पवार

**मुरादाबाद।** चकबंदी लेखपाल संघ का द्विवार्षिक अधिवेशन चौमुखा पुल स्थित पुरानी तहसील में किया गया। अधिवेशन में रवि पंवार को लगातार तीसरी बार निर्विरोध जिला अध्यक्ष चुना गया और अंकुर पंवार को भी निर्विरोध जिला महामंत्री चुना गया। इस अधिवेशन में चकबंदी लेखपाल




संघ के प्रदेश अध्यक्ष आलोक यादव व राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के मंडल अध्यक्ष आसिफ हसन व आईटीआई मुरादाबाद के जिलाध्यक्ष पुष्पेंद्र कुमार व जनपद अमरोहा से पधारे पूर्व जिला अध्यक्ष अवधेश कुमार शर्मा व जनपद संभल के पूर्व जिलाध्यक्ष राजीव पाठक व जिला संभल के पूर्व महामंत्री भूपेंद्र चौहान व जनपद के सभी चकबंदी लेखपाल सम्मिलित रहे।

## टिमिट में 'यूनियन बजट 2025 : इनसाइट्स एंड इम्पैक्ट' पर प्रतियोगिता का आयोजन




**मुरादाबाद।** टिमिट के सभागार में ''यूनियन बजट 2025 : इनसाइट्स एंड इम्पैक्ट - एन एनालिटिकल कॉम्पटीशन'' विषय पर एक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जाने-माने चार्टर्ड अकाउंटेंट सीए रचिश सिंघानिया ने बतौर मुख्य अतिथि व कार्यक्रम निर्णायक कि भूमिका निभाई। कार्यक्रम के दौरान सीए रचिश सिंघानिया ने केंद्रीय बजट 2025 के विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की। उन्होंने बजट की संरचना, नीतिगत प्रावधानों, आर्थिक प्रभावों, और भारतीय अर्थव्यवस्था में संभावित बदलावों पर गहराई से प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों को बजट विश्लेषण की रणनीतियाँ समझाते हुए बताया कि किस प्रकार एक विश्लेषणात्मक दृष्टिकोण अपनाकर वित्तीय निर्णयों का प्रभावी मूल्यांकन किया जा सकता है। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्रों को वित्तीय जागरूकता, बजट विश्लेषण की कला, और नीति निर्धारण की प्रक्रिया से अवगत कराना था। इस कार्यक्रम में टिमिट के वाणिज्य विभाग के छात्र-छात्राओं ने 200 संख्या में शामिल हुए और उन्होंने अपने विचारों एवं प्रश्नों के माध्यम से बजट पर गहन चर्चा की। उक्त कार्यक्रम विजेता टीम के नाम इस प्रकार - वेदात गोयल, अस्मित बशिष्ठ, शादवी रहैजा एवं उन्नती शर्मा रहे। विजयी छात्रों सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की सफलता पर टिमिट के डीन, प्रो. विपिन जैन ने छात्रों को बधाई दी और इस ज्ञानवर्धक सत्र के सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति एवं सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम छात्रों को वित्तीय व व्यावहारिक दृष्टिकोण प्रदान करने के साथ-साथ वित्तीय मामलों में उनकी समझ को भी विकसित करने में सहायक सिद्ध होता है।

## कवियित्री पूजा राणा को पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने किया सम्मानित

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश साहित्य सभा के दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन साहित्य-संकल्प में जिला संयोजिका व उत्तर प्रदेश साहित्य सभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य कवियित्री पूजा राणा को लगातार हिंदी के क्षेत्र मे कार्य करने तथा मुरादाबाद में होने वाले उत्तर प्रदेश साहित्य सभा के कार्यक्रमों को पूर्व उप मुख्यमंत्री ने सराहा तथा पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉक्टर



दिनेश शर्मा, वरिष्ठ कवि डॉ विष्णु सक्सेना, डॉ सर्वेश अस्थाना ने स्मृति चिन्ह, मानपत्र देकर कवियित्री पूजा राणा को सम्मानित किया। पूजा राणा विगत 2 वर्षो से निरंतर मुरादाबाद के जिला कारागार और बाल संप्रेषण गृह में कैदियों को नि:शुल्क संगीत सिखाने का कार्य करती हैं। इस अवसर पर देश के बड़े-बड़े नामचीन कवि गिरधर खरे, कवि सुभम श्रीवास्तव ,सोनरूपा विशाल,गजेंद्र प्रियांशु आदि उपस्थित रहे द्यपूजा राणा की इस उन्नति को देखकर उनके परिवार बहुत खुश है,, इसमें पूजा राणा कहती है कि जैसे एक सफल पुरुष के पीछे महिला का हाथ होता है वैसे ही मेरी सफलता के पीछे मेरे पति संदीप कुमार राणा जी का हाथ है।

# दुकानें बंद कर व्यापारियों ने जताया विरोध, किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शुक्रवार को महानगर के व्यापारियों ने दुकानों को बंद कर नगर निगम कार्यालय पर प्रदर्शन कर अपना विरोध जाहिर किया। नगर निगम द्वारा दुकानों के किराए में वृद्धि और बुध बाजार स्थित एक बेकरी की दुकान को अचानक सील किए जाने के विरोध में व्यापारियों में भारी रोष व्याप्त है।





व्यापारियों ने अपना विरोध जाहिर करते हुए शुक्रवार को अपने प्रतिष्ठानों को बंद रखा और नगर निगम कार्यालय पर पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन कर अपनी बात को रखा। लेकिन नगर निगम कार्यालय पर पहुंचने के बाद भी कोई समाधान न होने पर व्यापारियों का गुस्सा कम नहीं हुआ उसके बाद व्यापारियों ने बुध बाजार रोड को जाम कर अपने गुस्से का इजहार किया, मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारी और प्रशासनिक अधिकारियों ने किसी तरह व्यापारियों को समझा बुझाकर व्यापारियों के गुस्से को शांत कराया। बता देब की बुध बाजार, कोर्ट रोड, जीएमडी रोड, टाउन हॉल और हैलेट रोड के व्यापारियों ने नगर निगम की कार्रवाई को तानाशाही करार देते हुए जोरदार प्रदर्शन किया, और अपनी दुकानों को बंद रखा।

नाराज व्यापारियों ने नगर निगम कार्यालय पर पहुंचकर अपर नगर आयुक्त अजीत कुमार सिंह से मुलाकात की,लेकिन कोई समाधान न निकलने पर उन्होंने बुध बाजार रोड को जाम कर दिया। व्यापारियों ने नगर निगम के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए अपनी समस्याओं का शीघ्र समाधान कराए जाने की मांग उठाई है।

## व्यापारियों के समर्थन में शिवसेना ने किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** व्यापारियों के समर्थन में शुक्रवार को शिवसेना ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए व्यापारियों के खिलाफ हो रहे उत्पीड़न के विरोध में अपनी आवाज को उठाया है। नगर निगम द्वारा आकस्मिक



व्यापारियों पर अधिकतम किराया और नामांकन शुल्क बढ़ाने एवं बुध बाजार स्थित प्रकाश बेकरी सील करने को लेकर व्यापारियों के उत्पीड़न के संबंध में शिवसेना ने नगर निगम के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करते हुए व्यापारियों की समस्याओं का शीघ्र समाधान कराए जाने की मांग को उठाया है।प्रदर्शन की सूचना पर सिटी मजिस्ट्रेट किंशुक श्रीवास्तव व सीओ कोतवाली सुनीता दहिया मौके पर पहुंची, जहां शिवसेना ने दोनों अधिकारियों को जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन भी सौंपा। इस दौरान शिवसेना के जिला प्रमुख वीरेंद्र अरोड़ा ने कहा की नगर निगम ने व्यापारियों को किराए पर दी हुई, लगभग 420 दुकानों पर व्यापारियों के किराए की रकम कई गुना बढ़ा दी और नामांतरण शुल्क भी बढ़ा दिए और बुध बाजार स्थित प्रकाश बेकरी को भी सील कर दिया गया है। व्यापारियों के उत्पीड़न को शिवसेना बर्दाश्त नहीं करेगी।

यदि व्यापारियों की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो शिवसेना को आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

## पूर्व की भांति रोडवेज बसों के संचालन की मांग

### मण्डलायुक्त से मिला रोडवेज कर्मचारी संघ का प्रतिनिधि मंडल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ मुरादाबाद क्षेत्र के प्रतिनिधि मंडल के द्वारा आयुक्त मंडल म से भेंट की तथा जनपद मुरादाबाद शहर में स्थापित कटघर बस स्टेशन से भी पूर्व की भांति परिवहन निगम की बसों का संचालन कराए जाने का अनुरोध किया गया। उन्होंने मंडल आयुक्त को अवगत कराया की रोडवेज बसों का संचालन दूसरे स्थान से होने के कारण रोडवेज को घाटा हो रहा है जबकि हनुमान मूर्ति पंडित नगला कोहिनूर चौराहा मार्ग से प्राइवेट वाहन निरंतर संचालित हो रही हैं। उक्त मार्ग केवल परिवहन निगम की बसों के लिए प्रतिबंधित है, जिसके कारण आम जन मानस को अत्यंत कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है तथा परिवहन निगम को वित्तीय



हानि उठानी पड़ रही है, से संबंधित पत्र महोदय को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया स साथ ही भारतीय मजदूर संघ की वर्ष 2025 की डायरी को भेंट की गई। संघ की तरफ से चंद्रभान सिंह क्षेत्रीय अध्यक्ष, अरुण कुमार सिंह क्षेत्रीय मंत्री, सत्यवीर सिंह क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं रविन्द्र सिंह क्षेत्रीय लेखा परीक्षक उपस्थित रहे।

## कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में एडवांस साइंस लैब का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, विकासखंड कुंदरकी डींगरपुर में एक महत्वपूर्ण एडवांस साइंस लैब का भव्य उद्घाटन किया गया। इस गौरवशाली अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार के साथ त्रिलोकी नाथ खण्ड शिक्षा अधिकारी कुंदरकी , फ्रांस से आए पार्टेज कार्यक्रम के प्रति. निधि एलिसा एवं एना की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए संस्था के ब्म्व सुधीर भटनागर , अन्नू झा, कुमारी रूपिका ठाकुर और मुरादाबाद कर्यक्रम समन्वयक लौतीका जैकब और कस्तूरबा आवासीय विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। यह अत्याधुनिक प्रयोगशाला युवा शिक्षार्थियों में जिज्ञासा, नवाचार और वैज्ञानिक उत्कृष्टता को प्रज्वलित करेगी, जिससे एक उज्जवल भविष्य का मार्ग प्रशस्त



होगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुरादाबाद ने लैब का विस्तार से निरीक्षण किया और अत्याधुनिक सुविधाओं की सराहना की। उन्होंने विशेष रूप से वर्चुअल रियलिटी (टपतजनंस त्मंसपजल) तकनीक को देखा, यह तकनीक छात्रों की सीखने की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी, रोचक और इंटरैक्टिव बनाएगी। विद्यालय के बच्चों ने रंगारंग संस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जो शिक्षा और संस्कृति के सुंदर समन्वय का प्रत्यक्ष उदाहरण थे। उनकी प्रस्तुतियों ने सभी अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया और उनकी प्रतिभा को सराहा गया। कार्यक्रम के समापन पर सार्ड सी० ई ० ओ ० सुधीर भटनागर जी ने विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दृष्टि को वास्तविकता बनाने के लिए छात्रों, शिक्षकों और भागीदारों को बहुत-बहुत आभार।

## स्टार्ट-इसरो प्रोग्राम में टीएमयू की ऊंची उड़ान, 325 स्टुडेंट्स ट्रेंड

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के इसरो नोडल सेंटर से ऑनलाइन मोड में चले स्टार्ट-इसरो कार्यक्रम में 325 स्टुडेंट्स का दूसरा बैच भी प्रशिक्षित हो गया है। आईआईआरएस की ओर से इन्हें जल्द ही प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी का यह प्रशिक्षण कोर्स भारतीय सुदूर संवेदन संस्थान-आईआईआरएस, इसरो देहरादून की ओर से संचालित है। यह प्रशिक्षण इसरो के करीब दो दर्जन अनुभवी वैज्ञानिकों ने ऑनलाइन दिया। टीएमयू के एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन कहते हैं, इसरो के स्पेस साइंस एंड टेक्नोलॉजी अवेयरनेस ट्रेनिंग- स्टार्ट प्रोग्राम की ओर से ई-क्लासेज के जरिए टीएमयू वैज्ञानिक अनुसंधान और अन्वेषण के प्रति संजीदा है। हम अपने स्टुडेंट्स को ज्ञान-विज्ञान के संग-संग प्रौद्योगिकी के नए क्षेत्रों में प्रशिक्षित करने के प्रति संकल्पित हैं। कॉलेज ऑफ कम्प्यूटिंग साइन्सेज एंड इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी-सीसीएसआईटी के लेक्चर थिएटर-2 में आईआईआरएस आउटरीच प्रशिक्षण कार्यक्रम को लेकर प्रोग्राम कोर्डिनेटर एवम् एफओई के डीन प्रो. राकेश कुमार द्विवेदी ने कहा, स्टार्ट-इसरो सरीखा प्रोग्राम युवा मस्तिष्कों को पोषित करने और उन्हें अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करता है। प्रो. द्विवेदी ने कहा, अंतरिक्ष अन्वेषण में भारत का भविष्य आप जैसे युवा दिमागों के हाथों में है। सहायक समन्वयक डॉ. हिना हाशमी ने कहा, यह प्रशिक्षण छात्रों की कड़ी मेहनत और समर्पण का प्रतिफल है। डॉ. हाशमी ने कहा, टीएमयू छात्रों को सीखने और नवाचार को प्रेरित करने वाले मंच प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उल्लेखनीय है, इसरो के मानक के अनुरूप टीएमयू में सभी अत्याधुनिक सुविधाएं- स्मार्ट लेक्चर हॉल्स, वातानुकूलित ऑडिटोरियम, हाई स्पीड इंटरनेट आदि उपलब्ध हैं।




## राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत प्रशिक्षण का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** उपनिदेशक पंचायत मंडल के निर्देशन में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत कार्बन



न्यूट्रल पंचायत एवं स्वयं की आय विषय पर आधारित एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन पंचायत में आयोजित किया गयाद्य कार्यक्रम का शुभारंभ उपनिदेशक पंचायत अभय कुमार यादव व उपस्थित ग्राम प्रधान एवं ग्राम सचिवों के द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गयाद्य कार्यक्रम में संबोधित करते हुए उपनिदेशक पंचायत ने कार्बन उत्सर्जन से होने वाली ग्लोबल वार्मिंग के प्रभाव पर चर्चा करते हुए गांव को कार्बन न्यूट्रल पंचायत के रूप में विकसित करने के लिए जानकारी दीद्य कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्रदान करते हुए डॉक्टर नवनीत शेखर सिंह ने ग्राम प्रधानों और ग्राम सचिवों को गांव में कार्बन के उत्सर्जन को कम करने व पंचायत स्तर पर कार्बन उत्सर्जन को अवशोषित करने वाले प्रक्रिया को अपनाने पर जोर दिया और सौर एवं स्वच्छ तथा हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने का आवाहन किया द्य सत्येंद्र कुमार शर्मा ने गांव पंचायत को अपने आय के स्रोत बढ़ाने तथा ग्राम पंचायत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ग्राम में स्वरोजगार के अवसर बढ़ाने व ग्राम पंचायत को अपने स्तर पर गांव के अंदर विभिन्न कार्य करने और गांव के पंचायत की आय बढ़ाने के लिए बाजार हॉट आदि का ठेका देना पशुपालन मछली पालन को बढ़ावा देना आदि विषयों पर चर्चा की। इस अवसर पर अब्दुल कादिर, संजय कुमार, बंटी कुमार, ईशांत शर्मा,आवरण अग्रवाल, प्रीति रानी अमित कुमार मनोज कुमार ने निर्धारित सत्रों के अनुसार प्रशिक्षण प्रदान किया।

## सेवा कोचिंग सेंटर की ओर से बोर्ड परीक्षा प्रोत्साहन कार्यक्रम का भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स, संवाददाता**

**भोजपुर।** शुक्रवार को ग्राम पंचायत पीपलसाना में संचालित सेवा कोचिंग सेंटर की ओर से बोर्ड परीक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया केंद्र के संचालक अब्दुल हसन ने बताया कि सेवा कोचिंग सेंटर पिछले एक दशक से अपनी सेवाएं लगातार दे रहा है सेवा कोचिंग सेंटर में पीपलसाना संबंधित ग्राम पंचायत से बोर्ड परीक्षार्थी भारी मात्रा में अध्ययन करने आते हैं क्षेत्र का विश्वास बने हुए इस केंद्र पर प्रतिवर्ष बोर्ड परीक्षा में सत प्रतिशत परिणाम रहता है इसी के कारण सेवा कोचिंग सेंटर ब्लॉक भगतपुर क्षेत्र में लगातार प्रगति एवं प्रसिद्धि बटोर रहा सेवा कोचिंग सेंटर के संस्थापक अब्दुल हसन ने आगे बताया कि आज इस कार्यक्रम के माध्यम से बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र-छात्राओं को क्षेत्र के प्रशिक्षित अध्यापकों द्वारा प्रोत्साहन करने का प्रयास किया जाएगा आपने बताया कि देखा जाता है कि कुछ छात्र पूरे वर्ष अच्छी तरह अध्ययन करने के पश्चात भी परीक्षा में हतोत्साहित हो जाते हैं




जिसको देखते हुए इस प्रोत्साहन कार्यक्रम का इस वर्ष से आरंभ किया गया है और उम्मीद जताई जाती है कि इसी प्रकार हर वर्ष सेवा कोचिंग सेंटर ही नहीं बल्कि क्षेत्र के सभी बोर्ड परीक्षार्थियों को इस आयोजन में आमंत्रित कर प्रोत्साहन का भरसक प्रयास किया जाएगा क्षेत्रीय प्रशिक्षित अध्यापको एवं सेवा कोचिंग सेंटर के संच. ालक द्वारा छात्र-छात्राओं को बोर्ड परीक्षा संबंधित छोटे-छोटे सभी बिंदुओं पर चर्चा की गई अध्यापको द्वारा बताया गया कि किसी भी तरह हतोत्साहित नहीं होना चाहिए एवं पूर्ण विश्वास के साथ परीक्षा पूर्ण कर हर्षोल्लास के साथ वापसी करे जिससे आगे चलकर आप कामयाब हो और कोचिंग सेंटर के साथ-साथ अपने मां-बाप और क्षेत्र का नाम रोशन करें।

**हेतु संदर्शित करने की सूचना**
**( साधारण प्रारूप )**
**न्यायालय ए०सी०एम० द्वितीय, महोदय, जनपद-मुरादाबाद।**
**वाद सं.:**-T202413540122880
**धारा**-116 उ0प्र0 रा0 संहिता
ग्राम सिहोरा गोविन्द बाहर चुंगी तहसील व जिला मुरादाबाद।
**तारीख पेशी:** 27.02.2025
**श्यामलाल आदि बनाम कुंवर सैन आदि**

1. कुंवर सैन पुत्र श्री रज्जा निवासी ग्वारऊ तहसील बिलारी जिला मुरादाबाद, 2. चन्द्रवती पत्नी श्री भूरे निवासी ग्वारऊ तहसील बिलारी जिला मुरादाबाद, 3. पंकज कुमार पुत्र रमेश कुमार निवासी मौहल्ला कटरा पूरन जाट मुरादाबाद, 4. श्रीमती शांति जैन पत्नी राजकुमार जैन निवासी 217 गुरूनानक दुर्गापुर-4 वेस्ट बंगाल, 5. नगर निगम मुरादाबाद द्वारा अपने मुख्य नगर अधिकारी मुरादाबाद। चूंकि उपरिनामांकित **प्रार्थी** के इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि **धारा**-116 उ0प्र0 रा0 संहिता करने हेतु अतएव आपका एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 2025 के माह 02 के 27 दिवस को 10:00 बजे पूर्वान्ह अथवा बन्धक रूपये अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 माह 02 के 19 दिवस को निकाली गई।

**न्यायालय**
**ए०सी०एम० द्वितीय/सहायक कलेक्टर प्रथम श्रेणी, मुरादाबाद।**

सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
**न्यायालय श्रीमान लघुवाद न्यायाधीश /अतिरिक्त सिविल जज ( सी०डि० ), महोदय जनपद-मुरादाबाद।**
**मूलवाद संख्या :**-330 सन् 2024
**तारीख पेशी:** 06.03. 2025
श्रीमती इला अग्रवाल पत्नी श्री मनोज कुमार लोहिया उर्फ अनन्त लोहिया पुत्री श्री विजय अग्रवाल वर्तमान निवासनी 007 पैसिफिक स्टार होम्स, निकट गौड़ ग्रेशियस, कांठ रोड, मुरादाबाद-**वादनी।**
**बनाम**
श्री मनोज कुमार लोहिया उर्फ अनन्त लोहिया पुत्र स्व. श्री राजेश कुमार लोहिया निवासी पचपेड़ा कटघर, मुरादाबाद कार्यालय स्थित मकान नम्बर-बी/100 लाजपत नगर, मुरादाबाद-**प्रतिवादी।** हरगाह **वादनी** ने आपके नाम एक एवं नालिश बावत **आज्ञात्मक निषेधाज्ञा** के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि तारीख 06 माह 03 सन् 2025 बवक्त 10 बजे दिन के असालतान या मार्फत के जो उमूर अहम मुताल्लिके मुकदमे का जवाब दे सके या जिसके पास कोई और शख्स जो जवाब ऐसे सवालात का दे सके, हाजिर हो और जवाब देही दावे की करे और आपको वाजिव है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन्हें अपनी जवाब देही में इस्तेमाल करना चाहते है।

आपको इत्तिला दी जाती है कि आप अगर बरोज मजकूर हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मन्सूख और फैसला होगा। दस्तख्त मेरे व मोहर आज बतारीख 21 के माह 02 सन् 2025 को जारी किया है।

**प्रबंधक/वाद लिपिक**
**न्यायालय लघुवाद न्यायाधीश जनपद-मुरादाबाद।**

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( जू० डि० ), फार्स्ट ट्रैक कोर्ट महोदय, जनपद-मुरादाबाद।**
**मूलवाद संख्या :** 824 सन् 2023
**तारीख पेशी:** 21.03.2025
**मेघराज बनाम हीरालाल आदि।**
मेघराज पुत्र भीमसेन निवासी मौहल्ला शिव मंदिर के पास लाईनपार कुन्दनपुर तहसील व जिला मुरादाबाद-**वादी।**
**बनाम**
1/2-श्रीमती शकुन्तला पत्नी हरस्वरूप निवासी पीतल बस्ती सूर्यनगर तहसील व जिला मुरादाबाद, 1/3-श्रीमती राजो पत्नी चेतराम निवासी लाईनपार रामलीला ग्राउंड कुन्दनपुर मुरादाबाद, 1/4- कान्ती पत्नी टीकाराम निवासी भोगपुर मिठौनी तहसील व जिला मुरादाबाद, 1/5-पप्पू पुत्र हीरालाल निवासी लाईनपार कन्या इण्टर कॉलिज टावर वाली गली मझोला, मुरादाबाद, 1/6 श्रीमती ललिता पत्नी अखिलेश निवासी ग्राम सिरसा गढ़ तहसील व जिला अमरोह-**प्रतिवादीगण।** चूंकि उपरिनामांकित **वादी** के इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि स्थायी निषेधाज्ञा अतएव आपको एतद्द्वारा दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिये 2025 के माह 03 के दिवस 21 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपये अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के माह 02 के दिवस 20 को निकाली गयी है।

**प्रबन्धक**
**न्यायालय सिविल जज ( जू०डि० ) फार्स्ट ट्रैक कोर्ट, मुरादाबाद।**

# समाचार एक नज़र में

## स्वच्छता अभियान के तहत त्रिवेणी चीनी मिल के कर्मचारियों ने ली स्वच्छता की शपथ

**ठाकुरद्वारा।** शुक्रवार को त्रिवेणी इन्जीनियरिंग एण्ड इण्डस्ट्रीज लि०, शुगर यूनिट-रानीनांगल में स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत उपाध्यक्ष वी०वेंकटारथनम् की अध्यक्षता में चलाया गया। इस अभियान में उनके साथ-साथ महप्रबन्धक-वित्त एवं लेखा, मृदुल कुमार माहेश्वरी, उपमहाप्रबन्धक मानव संसाधन एवं प्रशासन, अखिलेश्वर उपाध्याय एवं चीनी मिल के अन्य अधिकारियों कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष वी० वेंकटरथनम् ने बताया कि स्वच्छता अभियान के माध्यम से सार्वजनिक स्वास्थय और पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को बढ़ावा देना है तथा इसके साथ-साथ स्वच्छता से होने वाले लाभ के बारे में बताया। उपमहाप्रबन्धक, मानव संसाधन एवं प्रशासन, अखिलेश्वर उपाध्याय ने कार्यस्थल पर कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलवाई तथा कर्मचारियों को स्वच्छता के साथ-साथ पर्यावरण को संरक्षित रखने के उद्देश्य से दैनिक जीवन में निजी गतिविधियों में प्रयोग में लिये जाने वाले सभी प्रकार के एकल प्लास्टिक का उपयोग न करने की अपील की । प्रतिष्ठान में स्वच्छता जागरूकता से सम्बन्धित बैनर, पोस्टर्स का प्रदर्शन किया गया इस दौरान फैक्ट्री के कर्मचारियों का समूह फैक्ट्री परिसर के साथ आस-पास के क्षेत्रों में जाकर सफाई अभियान, स्वच्छता जागरूकता से सम्बन्धित बैनर, पोस्टर लगाकर प्रदर्शन किया।




## अधिवक्ताओं ने काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन करते हुए छह सूत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा

**ठाकुरद्वारा।** बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के आहवान पर अधिवक्ताओं ने काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन करते हुए एडवोकेट अमेंडमेंट बिल के विरोध में उपजिलाधिकारी को 6 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। शुक्रवार को सिविल बार एसोसिएशन व ठाकुरद्वारा बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने बार काउंसिल ऑफ उत्तरप्रदेश के आह्वान पर काली पट्टी बांधकर एडवोकेट अमेंडमेंट बिल 2025 का पुरजोर विरोध करते हुए उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह को 6 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा ज्ञापन में अधिवक्ता और उनके परिवार के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने,की मांग की गई है इसके अलावा परिषदों में निर्वाचित सदस्यों के अतिरिक्त किसी अन्य को समाहित न करने ,लोकतंत्र स्वरूप को यथावत रखने की मांग की गई है। परिषदों के सदस्यों या अस्तित्व पर सुझाये गए संशोधन को तत्काल समाप्त करने की बात कही गई है,पूरे प्रदेश के अधिवक्ताओं और बार काउंसिल ऑफ उत्तरप्रदेश के साथ साथ ठाकुरद्वारा बार व सिविल बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं का दस लाख रुपये का मेडिक्लेम व किसी अधिवक्ता की मौत पर दस लाख रुपये की बीमा धन राशि प्रदान की जाए,पंजीकरण के समय अधिवक्ताओं से ली गयी 5 सौ रुपये की धनराशि प्रादेशिक परिषदों को वापस की जाए, राज्य सरकार द्वारा स्टाम्प की बिक्री से दो प्रतिशत राशि अधिवक्ताओं की कल्याण कारी योजनाओं के लिए खर्च की जाए जैसा कि केरल में हो रहा है। नियम बनाने का जो अधिकार पूर्व में एडवोकेट एक्ट में है उसको उसी प्रकार रखा जाए,केंद्र सरकार द्वारा रेगुलेशन बनाने की जो बाते कही गई हैं उन्हें तुरंत समाप्त किया जाए और किसी प्रकार के संशोधन की आवश्यकता न होने के कारण अधिवक्ता अमेंडमेंट बिल 2025 को समाप्त किया जाए इस दौरान चौधरी योगेश सिंह हीरालाल अग्रवाल, नरेश कुमार, तकी सिद्की, अनुज कुमार,अशोक , शमशाद हुसैन, मयउद्दीन , अवनीश कुमार, मोहम्मद जाहिद,सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।



## फरार चल रहे दो वारंटियों को किया गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने वारंटियों के खिलाफ अभियान चलाकर फरार चल रहे दो वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। न्यायालय के आदेश पर वारंटी के खिलाफ अभियान चलाकर कोतवाली पुलिस ने अभियान चलाकर सुरजदीप पुत्र राम सिंह ,अनुज पुत्र नेतराम निवासी ग्राम सुरजननगर न्यायालय से गैर जमानती वारंट जारी करने के आदेश पर गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।


**कार्यालय-सचिव ग्राम पंचायत अटरिया**
**विकास खण्ड-भगतपुर टाण्डा ( मुरादाबाद )।**

पत्रांक: मीमो /मनरेगा/ग्राम पंचायत/निविदा/2024-25 दिनांक: 21.02.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत अटरिया, विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा, (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 02.10.2023 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष मनरेगा योजनान्तर्गत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत सामग्री आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार दिनांक: 08.03.2025 को 12.30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ/एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 08.03.2025 की अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | कार्य की ल० मी० में | सामग्री की अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा मूल्य | जमानत राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नईम के घर से लईक के घर तक नाली टाईल्स निर्माण कार्य। | 65 X 4 | 303509.00 | 100 | 2% | 3 माह |
| 2 | मैन रोड से नाजिम के घर तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 30 X 4.50 | 155334.00 | 100 | 2% | 3 माह |
| 3 | इतयाज के घर से मैन रोड तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 33X3.70 | 134743.00 | 100 | 2% | 3 माह |
| 4 | शाहिद के घर से यासीन के घर तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 53 X 3.50 | 246312.00 | 100 | 2% | 3 माह |

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत अटरिया**
**विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद**



**कार्यालय नगर पंचायत भोजपुर धर्मपुर ( मुरादाबाद )**

**पत्रांक:**-543/न०प०भो०धर्म०/2024-25 **दिनांक**-21.02.2025

**ई-निविदा सूचना**

समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत भोजपुर धर्मपुर जनपद मुरादाबाद को वर्ष 2024-25 में ''पं०दीन दयाल उपाध्याय नगर विकास'' योजना एवं ''शहरी क्षेत्रों में अन्त्येष्टि स्थल विकास योजना'' के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाइन निविदा वेबसाइट **https://etender.up.nic.in** पर दिनांक 23.02.2025 की दोपहर 12.00 बजे से दिनांक 23.03.2025 को दोपहर 04.00 बजे तक **Online**, डाउनलोड एवं अपलोड की जा सकती है। जो दिनांक-24.03.2025 को रोपहर 02.00 बजे तक अपर जिलाधिकारी प्रशासन महोदय मुरादाबाद के कार्यालय में रखे टैण्डर वॉक्स में डाली जायेगीं एवं उसी दिन अपरान्ह 02.15 बजे से अपर जिलाधिकारी प्रशासन महोदय मुरादाबाद के कार्यालय में उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष **Online** खोली जायेंगी। निविदादाता से अपेक्षा की जाती है कि निविदा डालने से पूर्व निविदा प्रपत्र/निविदा शर्तों का भली भाँति अध्ययन कर लें। अन्य शर्ते कार्यालय में एवं **https://etender.up.nic.in** पर देखी जा सकती है।

**( नीतू सिंह )**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत भोजपुर-धर्मपुर**
**मुरादाबाद**

**( फरखन्दा जबीं )**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत भोजपुर-धर्मपुर**
**मुरादाबाद**


### त्योहारों पर हल्का वसूली को लेकर किन्नरों के दो गुटों में जमकर मारपीट

## कोतवाली में पूरे दिन किन्नरों का हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** नगर में कोतवाली के पास ही किन्नरों के दो गुट होली पर हल्का वसूली को लेकर आमने सामने आ गए। किन्नरो में सरेराह बाजार में जमकर गाली गलौज कर मारपीट शुरू हो गई। मारपीट के दौरान अफरा तफरी मच गई। किन्नरों ने कोतवाली हंगामा करते हुए एक दूसरे पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की। पुलिस ने किन्नरो के पक्ष को हिरासत में ले लिया है। 14 मार्च को होली का पर्व मनाया जाना है। जहां शिव रात्रि और होली के उत्सव मनाने की तैयारी कर रह है तो वही किन्नर भी होली पर घर-घर और दुकान-दुकान होली पर अपना हक मांगते है। हल्का में दूसरे किन्नर होली पर की जाने वाली वसूली को लेकर शुक्रवार को किन्नरों के दो गुटो में कहासुनी के बाद शुरू हो गई। मारपीट के दोनो पक्ष के किन्नरों ने कोतवाली में पहुंचकर एक दूसरे पर मारपीट करने और हल्का में वसूली करने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। पुलिस ने किन्नरों के दोनो पक्षो को किसी तरह समझा बूझाकर शांत कर बिना कार्रवाई के भेज दिया था। कोतवाली परिसर से निकलते ही किन्नरो के दो पक्ष के लोग आपस में गाली गलौज करते हुए बाहर निकाले, तभी कोतवाली के निकट ही किन्नरों दोनों गुटो में कहासुनी के जमकर मारपीट हो गई। फिर से किन्नरों ने कोतवाली पहुंचकर हंगामा करते हुए कार्रवाई की मांग की। किन्नरों के हंगामा से परेशान कोतवाली प्रभारी विवेक कुमार शर्मा ने खुद कमान अपने हाथ ली और हंगामा कर रहे करीब दो महिला सहित 6 किन्नरों को हिरासत में ले लिया है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि पूरे दिन हंगामा कर रहे किन्नरों का शांति भंग में चालान किया जाएगा।

## पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में चले लाठी-डंडे, महिला सहित तीन घायल

**ठाकुरद्वारा।** पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षो में जम कर लाठी डंडे चले। जिसमें एक पक्ष की महिला सहित तीन लोग घायल हो गए । घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। कोतवाली क्षेत्र के गांव फसिया पूरा पदार्थ निवासी मोहम्मद जान अपने पुलिस को दी तहरीर मे कहा कि गांव का शरीफ अहमद उसका परिवार कई वर्षो से रंजीत रास्ता चल रहा है जिसके चलते शुक्रवार को दोपहर बाद वह अपने घर के सामने खड़ा था इसी दौरान शरीफ अहमद उसे पर लड़की जानवर का बोल दिया जब उसकी पत्नी नसीमा व भाई असलम उसे बचाने पहुंचा दो दवगो ने उन्हें भी लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया । सूचना पर पहुंची पुलिस को देखा आप जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गये । पुलिस की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से तीनों फाइलों को उपचार भी नहीं सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

## पुलिस ने अभियान चला कर आधा दर्जन वारंटियों को किया गिरफ्तार

**मुरादाबाद।** पुलिस द्वारा अभियान चला कर आधा दर्जन वारंटियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा गया है।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु की जा रही कार्यवाही के तहत जनपदीय पुलिस द्वारा अभियान चलाकर 6 वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। है।बता दें कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार, अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण, वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत जनपदीय पुलिस द्वारा अभियान चलाकर 06 वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।थाना ठाकुरद्वारा पुलिस द्वारा वारंटी सूरजदीप पुत्र राम सिंह निवसी ग्राम सुरजनगर थाना ठाकुरद्वारा, जनपद मुरादाबाद, अनुज पुत्र नेत. राम निवासी ग्राम सूरजनगर थाना ठाकुरद्वारा, जनपद मुरादाबाद। और थाना मैनाठेर पुलिस द्वारा रेहान पुत्र युसुफ उर्फ मुखिया निवासी ग्राम ललवारा थाना मैनाठेर जनपद मुरादाबाद,गुफरान पुत्र युसुफ निवासी ग्राम ललवारा थाना मैनाठेर जनपद मुरादाबाद,भूरे मिस्त्री पुत्र बख्तावर निवासी ग्राम ललवारा थाना मैनाठेर जनपद मुरादाबाद।वहीं थाना कटघर पुलिस द्वारा फिरोज पुत्र नक्शे अली निवासी ग्राम गोट थाना कटघर जनपद मुरादबाद को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।




## एकमुश्त समाधान योजना का आधिकारिक लाभ लें आम जनमानस

**मुरादाबाद।** महानिरीक्षक निबन्धन उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा स्टाम्प वादों की एकमुश्त समाधान योजना का दिनांक 31.03.2025 तक प्रभावी रहने के विषय में नागरिकों में व्यापक प्रचार-प्रसार किये जाने तथा लम्बित स्टाम्पवादों का अधिकाधिक निस्तारण किये जाने के निर्देश निर्गत किये गये हैं। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने बताया कि स्टाम्प समाधान योजना का अधिकाधिक लाभ आम जनमानस को उपलब्ध कराया जाना है। इसके साथ ही समस्त वादकारियों को पोर्टल पर पंजीकृत उनके मोबाईल /दूरभाष नम्बर पर न्यायालय के किसी एक कर्मी द्वारा तथा स्टाम्प निबन्धन विभाग के कर्मचारियों के द्वारा भी इस योजना के अन्तर्गत स्टाम्प कमी की धनराशि तथा ब्याज एवं मात्र रुपये 100 के टोकन अर्थदण्ड की धनराशि को कोषागार में जमा कर इसका लाभ उठाये जाने हेतु अवगत कराया जाना उचित है। उन्होंने संबंधित को निर्देशित किया कि एक मुश्त समाधान योजनान्तर्गत अधिकाधिक स्टाम्प वादों का निस्तारण एवं निर्णीत वादों में वसूल की गयी धनराशि को सम्बन्धित कोषागार में जमा कराई जाए।

## फर्जी फायरिंग प्रकरण में हो सकती है बड़ी कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** 27 जुलाई 2024 को हुए फर्जी फायरिंग प्रकरण में चन्दौसी के लोधियान मौहल्ले के तीन निर्दोषों को जेल भेजा गया था जिसमें काफी फजीहत हुयी क्योंकि वादी ने घटना के समय षडयंत्र के तहत ऐसे षडयंत्रकारी बयान दिये कि पुलिस के उच्चाधिकारी भी षडयंत्र नहीं समझा पाए कि राशन डीलर झूठ बोल रहा है। पुलिस उपाधीक्षक ने अपने उच्च अधिकारियों को वहीं घटना बयान कर दी जो राशन डीलर मिथ्या बोल रहा था। हो सकता है कि षडयंत्र में कुछ लोग भी शामिल हो परंतु पूरी घटना का मास्टरमाइंड जयवीर घटना के समय अस्पताल में साथ रहा। वादी ने दिलीप मौर्य, हेमंत मौर्य व श्यामलाल मौर्य जो बाद में धारा 169 की कार्यवाही करते हुए 40 दिनों तक जेल में रहने के बाद क्लीन चिट दी एवं पुलिस ने 29 जुलाई को तमंचा बरामद कर दिलीप को जेल भेज दिया। यातनाएं सहने के उपरांत निर्दोषों की मां त्रिवेणी देवी ने हार नहीं मानी। उच्च अधिकारियों के आदेश के बाद जब इंस्पेक्टर अतरसिंह ने जांच की। मामला पूरा प्लानिंग वाला निकला। मां त्रिवेणी की ओर से तत्कालीन सीओ एवं कुछ पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कार्यवाही के लिखा एवं षडयंत्र में शामिल दोषी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की। फिलहाल ऐसे संकेत मिल रहे हैं कि तीनों निर्दोषों को फंसाने वाले लोगों के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही की संभावना जताई जा रही है। इसमें सबसे बड़ी भूमिका तत्कालीन सीओ, चौकी इंचार्ज कैथल गेट रामकुमार एवं अन्य लोगों की मानी जा रही है। फिलहाल निर्दोषों की मां त्रिवेणी मौर्य न्याय की आस में है।



## अवैध शस्त्र के आरोप में अभियुक्त पर लगाया अर्थदंड

**चन्दौसी ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन कनविक्शन के दृष्टिगत संभल पुलिस के द्वारा गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा अभियोजन द्वारा अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम में शुक्रवार को मु0अ0सं0 702/2006 धारा 25 आर्म्स एक्ट थाना हजरतनगर गढ़ी जनपद सम्भल में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर सम्बन्धित अभियुक्त हरिराज पुत्र छिद्दा नि0 भीकनपुर थाना हजरतनगर गढ़ी जनपद मुरादाबाद को माननीय न्यायालय जे0एम0 सम्भल जनपद सम्भल द्वारा अभियुक्त हरिराज उपरोक्त को मुकदमा उपरोक्त में दोष सिद्ध करते हुए जेल में बितायी अवधि के कारावास (04 दिवस) व 1500 रु0 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। सजा कराये जाने में अभय साहू एपीओ, कोर्ट मोहर्रिर हे0का0 रामेन्द्र सिंह व पैरोकार आरक्षी सीता राम शर्मा थाना हजरतनगरगढ़ी का सहयोग रहा।

## महाशिवरात्रि पर्व पर धूमधाम से निकाली शोभायात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय बिलारी सेवा केन्द्र द्वारा महाशिवरात्रि पर्व पर धूमधाम से शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया । शोभा यात्रा में भाई बहनों के हाथ में सदवाक्य लिखे स्लोगन के बैनर थे।

शोभा यात्रा ग्रीन वुड फॉर्म हाउस पर पहुंच कर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केंद्र बिलारी द्वारा महाशिवरात्रि कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मथुरा से पधारे मुख्य वक्ता बीके राजू भाई ने कहा कि कलयुग के अंतिम चरण में जब मनुष्य धर्म भ्रष्ट और कर्म भ्रष्ट होकर तुच्छ बुद्धि बन जाता है। तब परमात्मा शिव संसार के कल्याण हेतु सभी मनुष्यों को दुख-दर्द ,अशांति एवं विकारों के चुंगल से छुडा कर ज्ञान की ज्योति और पवित्रता की किरण बिखेर कर सुख- शांति, आनंद, संपन्नता, मनुष्य में देवता की पुन: स्थापना करते हैं। उन्होंने एक गीत भी भोले बाबा का प्रस्तुत किया।इस अवसर पर राजयोगिनी बीके अलका बहन ने शिव और शंकर में अंतर बताते हुए कहा कि शिव परमात्मा निराकार ज्योति स्वरूप है जबकि शंकर सूक्ष्म देवधारी हैं। कार्यक्रम से पूर्व सेवा केंद्र पर शिव ध्वजारोहण कार्यक्रम भी किया गया। शिवध्वज के नीचे बीके भाई बहनों ने संकल्प लिया कि हम जीवन में बुराइयों को छोड़ अच्छाई के मार्ग पर चलेंगे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व चेयरमेन ज्योति सिंह, राजयोगिनी बीके अलका, बहन अनीता, प्रेमवती, विमला देवी, सीनू देवी, सर्वेश, हरप्यारी, मुन्नी देवी , देवेंद्र गांधी भाईजी ,चंद्रपाल सिंह, योगी कुमार प्रदीप, विजयपाल सिंह राघव, चौधरी विजयपाल सिंह,राजेंद्र सिंह, चौधरी सुधीर सिंह,राम अवतार , सुखबीर सिंह,डॉक्टर रघुनाथ ,नेम सिंह, रामेश्वर, चौधरी हरपाल सिंह गुड़ियाराजा,मेघराज सिंह, आदि सहित सैकड़ो भाई बहन मौजूद रहे। कार्यक्रम में शिव संदेश बच्चों द्वारा नाटक और गीत के माध्यम से भी दिया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता मुरादाबाद मेरठ मंडल की राजयोगिनी आशा दीदी ने की और बच्चों को पुरस्कृत भी किया।



# अवैध भट्ठियों पर की गई कार्रवाई से अवगत कराएं अधिकारी: मंडलायुक्त

● मण्डलीय उद्योग बन्धु समिति की बैठक हुई आयोजित, डियर पार्क में स्कूलों के बच्चों के लिए लर्निंग एक्सपीरियंस संबंधित चीजों को सम्मिलित किया जाए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मण्डलायुक्त सभागार में उद्योग बन्धु समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सर्वप्रथम संयुक्त आयुक्त उद्योग श्री योगेश कुमार द्वारा अवगत कराया गया कि योजनान्तर्गत दिनांक 27.02.2025 को मुरादाबाद मण्डल एवं बरेली मण्डल का संयुक्त केडिट कैम्प का आयोजन वृहद स्तर पर पंचायत भवन, सभागार मुरादाबाद में किया जाना प्रस्तावित है, जिसमें मण्डल से अधिक से अधिक स्वीकृति वितरण की कार्यवाही बैंकों द्वारा की जानी है। बैठक में मण्डलायुक्त द्वारा बैंकों में उपस्थित अधिकारियों को योजनान्तर्गत शतप्रतिशत पूर्ति कराये जाने हेतु निर्देश दिये गये। कमिश्नर ने मण्डल के सभी उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिये गये कि इस योजना में सही प्रकार से लाभार्थियों से समन्वय स्थापित करते हुए सही आवेदन बैंकों को अग्रसारित किये जाये तथा इस सम्बन्ध में तहसील एवं ब्लाक स्तर से उक्त योजना की जानकारी उपलब्ध कराकर प्रगति बढ़ाई जाये। बैंकों से उपस्थित आर०एम० एवं जिला समन्वयकों/ प्रतिनिधियों को निर्देश दिये कि मण्डल के अन्तर्गत 5500 आवेदन सम्बन्धित बैंकों पर लम्बित है, परन्तु वितरण की स्थिति अत्याधिक धीमी है, जिस पर वितरण की प्रगति में एक सप्ताह का समय प्रदान करते हुए स्वीकृति के सापेक्ष वितरण की प्रगति शतप्रतिशत पूर्ण कराए तथा दिनांक 27.02.2025 में क्रेडिट कैम्प के आयोजन से पूर्व अधिक से अधिक स्वीकृति/वितरण की कार्यवाही करते हुए प्रगति से अवगत कराये जाने के निर्देश दिये गये। मण्डल के जिला अग्रणी प्रबन्धकों को इसमें अपना विशेष ध्यान आकृष्ट करते हुए लक्ष्य पूर्ण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

डियर पार्क के संचालन हेतु वन विभाग से उपस्थित डी०एफ०ओ० मुरादाबाद द्वारा प्रस्तुत इकोटूरिज्म का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया जिस पर मण्डलायुक्त द्वारा इसमें नेचुरल चीजें जोड़कर एवं स्कूल के बच्चों के लिए लर्निंग एक्सपीरियंस संबंधित चीजों को सम्मिलित कर प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिये। गागन नदी के किनारे-किनारे कूड़ा-कचरा के सम्बन्ध में सिंचाई विभाग को कार्य करने एवं नदी का चिन्हांकन के सम्बन्ध में रिपोर्ट प्रस्तुत करने एवं इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी को रिपोर्ट उपलब्ध कराने एवं उसकी प्रतिलिपि उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। सिंचाई विभाग और नगर निगम को निर्देश दिये गये कि नदियों में जहां-जहां से गंदा पानी आ रहा है, उसकी एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करें और नदियों को साफ रखने हेतु उचित कार्यवाही करें।

क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड मुरादाबाद को निर्देश दिये गये वह अवैध भट्टियों पर क्या-क्या कार्यवाही की गयी है,उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करें। ई-वेस्ट रिसाइक्लिंग व कलेक्शन की वार्ड बार डिस्पोजल कराये जाने हेतु अपर नगर आयुक्त को निर्देश दिये गये कि इसे एक अभियान के तौर पर कार्यवाही की जाये । उन्होंने कहा कि नगर निगम लोगों को घरों में मौजूद ई वेस्ट के संबंध में जागरूक करें और ई-वेस्ट डिस्पोजल संबंधित कार्य एक अभियान के रूप में लॉन्च करें।मण्डलायुक्त ने निर्देश दिये गये कि जिन प्रकरणों का निस्तारण जनपद स्तर पर नहीं हो रहा है उसे मण्डल स्तर पर अग्रसारित किया जाये। इसके साथ ही बैठक में जनपद मुरादाबाद के प्लेज पार्क के सम्बन्ध में भी विशेष चर्चा की गई जिस पर मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारी को उचित कार्रवाई करने के निर्देश दीये। इसके साथ ही एम ओ यू में इन्वेस्टरों से प्रगति प्राप्त कर इसमें आ रही समस्याओं के संबंध में वाणिज्य उत्पादन प्रारंभ करते हुए प्रगति से अवगत कराया जाने के निर्देश मंडल के अंतर्गत सभी जनपदों के उपायुक्त उद्योग को दिए गए। बैठक में अपर नगर आयुक्त नगर निगम श्री अतुल कुमार, सचिव मुरादाबाद विकास प्राधिकरण श्रीमती अंजुलता, एस०पी० ट्रैफिक सुभाष चन्द्र गंगवार, जे०पी० सिंह यंग एन्टर प्रिन्योर सोसायटी, एस०सी० कौशिक, शैलेन्द्र अग्रवाल आई०आई०ए०, सूरज सिंह डी०एफ०ओ०, मनीष कुमार पाठक उपायुक्त उद्योग रामपुर, एस०पी० सिंह एसईपीडब्लूडी, शैलेन्द्र सिंह उपायुक्त उद्योग अमरोहा, एलडीएम, एवं सम्बन्धित बैंकों के बैंकर्स, आदि मण्डल स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित हुए। [7:00 चउ, 21/2/2025, +91 93685 10248: प्रधानाचार्य अटल आवासीय विद्यालय मुरादाबाद ने बताया कि भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित कर्मकार कल्याण बोर्ड के अन्तर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों एवं कोविड-19 से निराश्रित हुए बच्चों, के लिए अटल आवासीय विद्यालय पीपली बिलारी, मुरादाबाद में कक्षा-06 एवं कक्षा- 09 में नामांकन हेतु प्रवेश परीक्षा मण्डल के सभी जनपदों में निम्नवर्णित परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश दिनांक 23.02.2025 दिन रविवार (समय 10:00 पूर्वान्ह) में अयोजित होनी है।




## ऐतोल गांव में हाईवे के लिए मिट्टी उठाई जाने वाले खेत पर जांच करने पहुंचे कर्मचारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** ब्लाक बनियाखेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत गांव कैथल के मजरा ऐतोल के रकवे में बुद्धनगर खण्डुवा मार्ग पर खनन विभाग से अनुमति लेकर खनन किया जा रहा है। खेत की मिट्टी ट्रैक्टर-ट्रालियों व डंपरों में भरकर हाईवे निर्माण में ले जायी जा रही हैं। ग्रामीणों के अनुसार, चकरोड की जेस.िबी से समाप्त कर दिया है। 06 फीट मिट्टी खोदने का मानक है पर उससे अधिक मिट्टी जेसीबी से खोदकर ले जायी जा रही है।

ग्रामीणों की शिकायत उपजिलाधिकारी तहसीलदार धीरेन्द्र कुमार सिंह तक पहुंचायी गयी। वहीं खबर को अखबारों में प्रमुखता से प्रकाशित किया गया। समाचार पत्रों में प्रकाशित होते ही उसका असर साफ दिखायी दिया। उपजिलाधिकारी निधि पटेल ने मौके पर जांच के लिए सुरेन्द्र तिवारी को भेजा एवं खनन से सम्बन्धित शिकायत की। जानकारी ली तो मौके पर किसी ग्रामीण ने शिकायत नहीं की परंतु सुरेन्द्र तिवारी के अनुसार खनन बंद करा दिया गया है। लेखपाल मौके पर जाकर गहराई नापकर जांच प्रस्तुत करेंगे। यदि मानक से अनुरुप खुदायी मिली तो खनन करने वालों को नोटिस भेजा जायेगा। इधर उपजिलाधिकारी का मानना है कि यदि परमिट है। वो शासनादेश के अनुसार खनन होना चाहिए। तहसीलदार धीरेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि हाईवे बन रहा है, मिट्टी की आवश्यकता है परंतु मानक के अनुसार खनन हो। यदि प्रतिकूल किया तो कार्यवाही होगी।

## पुलिस प्रशासन समन्वय गोष्ठी का हुआ आयोजन

**चन्दौसी।** कलैक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डा0 राजेन्द्र पैंसिया व पुसि अधीक्षक कृष्ण कुमार द्वारा पुलिस प्रशासन समन्वय गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। साथ ही आगामी त्यौहारों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। गोष्ठी के दौरान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा गुंडा अधिनियम, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन संदर्भ, 14(1) गैंगस्टर अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई आदि बिंदुओं पर समीक्षा की गयी एवं आगामी त्यौहारों पर सुरक्षा व्यवस्था तथा उच्चाधिकारियों से प्राप्त आदेशों-निर्देशों से अवगत कराया गया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी सम्भल, अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारीगण (क्षेत्राधिकारीगण), प्रशासनिक अधिकारीगण तथा समस्त थाना प्रभारीगण मौजूद रहे।

## बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत हुआ हस्ताक्षर अभियान

**चन्दौसी।** जनपद न्यायालय में शुक्रवार को जिलाधिकारी डा0 राजेन्द्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक संभल ने पहुंचकर जनपद न्यायाधीश कमलेश कच्छल की मौजूदगी में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। यहां बताते चलें कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत बालिकाओं को स्वाबलंबी बनाने के लिए महत्वपूर्ण कार्य सरकार विभिन्न योजनाएं चलाकर कर रही है। जिलाधिकारी डा0 राजेन्द्र पैंसिया द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के हितार्थ चलाई जा रही योजनाएं की जानकारी देते हुए जनपद न्यायालय में हस्ताक्षर अभियान चलाये गये। वहीं जनपद न्यायाधीश से लेकर अधिवक्ताओं, पुलिसकर्मियों, मीडिया कर्मियों ने भी हस्ताक्षर किये। अभियान में जनपद न्यायालय के कर्मचारी एवं अधिवक्ता भी शामिल हुए। उनके द्वारा भी हस्ताक्षर किये। महिला कल्याण विभाग जनपद संभल द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजन में संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी डा0 राजेंद्र पैंसिया, पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई, पीआरओ संजीव बालियान, अजय सक्सैना आदि मौजूद रहे।





# द. अफ्रीका ने अफगानिस्तान को 107 रनों से हराया

● रायन रिकलटन ने 103 रनों की शतकीय पारी खेली, रबाडा ने तीन विकेट हासिल किए

**कराची, वार्ता।** रायन रिकलटन (103) की शतकीय, कप्तान तेम्बा बवूमा (58), एडन मारक्रम (नाबाद 52) रासी वान दर दुसें (52) की अर्द्धशतकीय पारियों के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने शुक्रवार को चैंपियंस ट्रॉफी के तीसरे मैच में अफगानिस्तान को 107 रनों से हरा दिया।

316 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 50 रन के स्कोर पर अपने चार विकेट गवां दिये। रहमानउल्लाह गुरबाज (10), इब्राहिम जदरान (17), सेदिकुल्लाह अटल (16) और हशमतउल्लाह शहीदी (शून्य) पर आउट हुए। इस दौरान रहमत शाह एक छोर थामे रन बनाते रहे। आलम यह रहा कि दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजी आक्रमण के आगे अफगानिस्तान के विकेट अंतराल पर गिरते रहे। अजमतउल्लाह ओमरजई (18) को कगिसो रबाड़ा ने आउट किया। मोहम्मद नबी (आठ) को यानसन ने अपना शिकार बनाया। गुलब. दीन नईब (13) और राशिद खान (18) रन बनाकर आउट हुए। 43 ओवर की तीसरी गेंद पर कगिसो रबाड़ा ने रहमत शाह को आउटकर अफगानिस्तान की पारी का 208 के स्कोर पर अंत कर दिया। रहमत शाह ने अफगानिस्तान के लिए 92 गेंदों में नौ चौके और एक छक्का लगाते हुए (90) की पारी खेली। दक्षिण अफ्रीका की ओर से कगिसो रबाडा ने तीन विकेट लिए। वियान मुल्डर और लुंगी एन्गिडी ने दो-दो विकेट लिए। यानसन, और केशव महाराज ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बवूमा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 28 के स्कोर पर टोनी डीजार्जी (11) का विकेट गवां दिया। उन्हें मोहम्मद नबी ने आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान बवूमा ने रायन के साथ पारी को संभाला।



खेल विशेष

## BSF ने बॉर्डरमेन 'मैराथन 2025' के चौथे संस्करण का किया आयोजन

**अमृतसर, वार्ता।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) आगामी 23 फरवरी को अमृतसर में 'बॉर्डरमेन मैराथन 2025' के चौथे संस्करण का आयोजन करने जा रही है। 'हैंड इन हैंड विद वॉर्डर पॉपुलेशन' थीम के आधार पर यह मैराथन न केवल एक खेल आयोजन है, बल्कि सीमावर्ती युवाओं को सशक्त बनाने और स्वस्थ भारत के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। बीएसएफ ने शुक्रवार को यहां जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि इस भव्य आयोजन की गरिमा को बढ़ाने के लिए भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) बीएसएफ के महानिदेशक दलजीत सिंह चौधरी मुख्य अतिथि होंगे। वर्ष 2022 से आरंभ हुई यह वार्षिक मैराथन, जो एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित की जाती है, हर वर्ष अपनी भव्यता और लोकप्रियता में वृद्धि कर रही है। इस वर्ष, यह आयोजन और भी विशाल होने जा रहा है, जिसमें 5200 से अधिक धावक भाग ले रहे हैं, जिनमें भारत के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय पेशेवर एथलीट भी शामिल हैं। पंजाब के छह सीमावर्ती जिलों के युवाओं की बढ़ती भागीदारी इस मैराथन की सफलता और महत्व को और भी मजबूत बनाती है। इस मैराथन में फुल मैराथन (42.195 किमी), हाफ मैराथन (21.097 किमी) और 10 किमी दौड़ जैसी प्रमुख श्रेणियां शामिल हैं, जो अनुभवी एथलीटों और शौकिया धावकों, दोनों के लिए एक बेहतरीन अवसर प्रदान करती हैं। इस वर्ष विशेष रूप से महिलाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए, बीएसएफ ने सभी श्रेणियों में महिलाओं के लिए निष्शुल्क पंजीकरण की घोषणा की है, जिससे उनकी भागीदारी को और अधिक बढ़ावा मिलेगा। एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा मान्यता प्राप्त यह मैराथन गोल्डन गेट, अमृतसर से जेसीपी अटारी तक के खूबसूरत और ऐतिहासिक मार्ग पर आयोजित की जाएगी। इसमें विभिन्न आयु वर्गों (पुरुष और महिला, 40 वर्ष से कम व अधिक) के प्रतिभागी शामिल होंगे, जिसमें प्रथम आने

भारत-पाक महामुकाबला

# हम भारत से कमजोर हैं: अफरीदी

● मैच से पहले बोले शाहिद अफरीदी, कहा: हमारे पास खिलाड़ी कंसिस्टेंट नहीं हैं



**दुबई, वार्ता।** भारत और पाकिस्तान के बीच 23 फरवरी को महामुकाबला खेला जाना है। इस मैच को लेकर फैंस बेहद उत्साहित हैं। मुकाबले से पहले ऑफिशियल ब्रॉडकास्टर ने एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें शाहिद अफरीदी, युवराज सिंह, इंजमाम उल हक और नवजोत सिंह सिद्धू जैसे दिग्गज शामिल हुए। इस दौरान अफरीदी ने भारत की तुलना में अपनी टीम को कमजोर बताया है। उन्होंने कहा है कि उनके खिलाड़ी कंसिस्टेंट नहीं हैं। अफरीदी ने कहा हा अगर हम मैच-विजेताओं के बारे में बात करते हैं, तो मैं कहूंगा कि भारत के पास पाकिस्तान की तुलना में अधिक मैच-विजेता हैं। एक मैच-विजेता वह है जो अकेले दम पर खेल जीतना जानता हो। अभी हमारे पास पाकिस्तान में ऐसे खिलाड़ी नहीं हैं। भारत की ताकत उसके मध्य और निचले क्रम के खिलाड़ी हैं, जो उन्हें मैच जिता रहे हैं। लंबे समय से हम खिलाड़ियों को मौके दे रहे हैं, लेकिन कोई भी लगातार आगे नहीं बढ़ पाया है। कुछ ने कुछ मैचों में अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन हमारे पास ऐसे खिलाड़ी नहीं हैं जो लगातार ऐसा कर सकें। उन्होंने अपने प्रदर्शन को एक या दो साल या 50-60 मैचों तक कायम रखा। यहीं पर हम भारत की तुलना में थोड़े कमजोर हैं, जो इस क्षेत्र में बहुत मजबूत है। लेकिन भारत के खिलाफ जीत की कुंजी सामूहिक प्रदर्शन है। चाहे वह बल्लेबाज हों, गेंदबाज हों या स्पिनर हों, हर किसी का योगदान महत्वपूर्ण है। अफरीदी ने कहा कि एक कप्तान के रूप में रिजवान को दूसरों के लिए एक उदाहरण स्थापित करना होगा। यह बहुत महत्वपूर्ण है। उन्हें हर मैच में प्रदर्शन करना होगा और उनका रवैया, शारीरिक भाषा और नेतृत्व बहुत मायने रखता है। एक कप्तान होने के नाते प्रशंसा और आलोचना समान मात्र में मिलती है। उनका प्रदर्शन महत्वपूर्ण होगा, क्योंकि वह टीम को एक साथ रखने वाले गोंद है। वह सभी के साथ समान व्यवहार करते हैं, वह एक जुझारू खिलाड़ी हैं और मैदान पर उनकी ऊर्जा शानदार है।

# केरल-विदर्भ रणजी के फाइनल में

● गुजरात पर दो रन की बढ़त के आधार पर केरल को व मुंबई को 80 रन से हराकर विदर्भ फाइनल में पहुंची

**अहमदाबाद, वार्ता।** आदित्य सरवटे और जलज सक्सेना (चार-चार विकेट) की शानदार गें. दबाजी की बदौलत केरल और गुजरात के बीच खेला गया पहला सेमीफाइनल मुकाबला शुक्रवार को ड्रा रहा और केरल ने पहली पारी में मिली दो रनों की मामूली बढ़त के आधार पर रणजी ट्रॉफी के फाइनल में जगह पक्की कर ली है।

गुजरात ने कल के सात विकेट पर 429 के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। आज सुबह के सत्र में सरवटे ने जयमीत पटेल (78) को मोहम्मद अजहरूद्दीन के हाथों स्टंप करवाकर केरल को 436 के स्कोर पर आठवीं सफलता दिलाई। इसके बाद सरवटे ने सिद्धार्थ देसाई (30) को पगबाधा आउट कर पवेलियन भेज दिया। अरजान नागवासवाला (10) भी सरवटे का शिकार बने। केरल के गेंदबाजों ने गुजरात की पूरी टीम 174-4 ओवर में 455 के स्कोर पर समेट कर दो रनों की बढ़त ले ली। केरल की ओर से आदित्य सरवटे और जलज सक्सेना (चार-चार विकेट) लिए।

एम डी निधीष और एनपी बासिल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी केरल ने अपने दो विकेट 32 के स्कोर पर गवां दिए। अक्षय चंद्रन (नौ), वरुण नयनार (एक) रन बनाकर आउट हुए। सिद्धार्थ देसाई ने रोहन कुन्नुमल (32) को आउटकर केरल को तीसरा झटका दिया। केरल का चौथा विकेट सचिन बेबी (10) रन के रूप में गिरा। मैच को ड्रा घोषित किये जाने के समय केरल का दूसरी पारी में स्कोर चार विकेट पर 114 रन था। गुजरात की ओर से सिद्धार्थ देसाई और मनन हिंगराजिया को दो-दो विकेट मिले। उल्लेखनीय है कि केरल ने पहली पारी में 457 का स्कोर खड़ा किया था। रणजी ट्रॉफी का फाइनल मैच केरल और विदर्भ के बीच होगा।

**विदर्भ**-हर्ष दुबे (पांच विकेट), यश ठाकुर और पार्थ रेखड़े (दो-दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत विदर्भ ने रणजी ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले के पांचवें दिन शुक्रवार को मुम्बई को 325 रन पर समेटकर 80 रनों की जीत के साथ टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बना ली हैं। मुम्बई ने कल के तीन विकेट पर 83 रन से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में यश ठाकुर ने शिवम दुबे (12) को आउट कर विदर्भ को पांचवीं सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये सूर्यकुमार यादव ने आकाश आनंद के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया।

हर्ष दुबे ने सूर्यकुमार यादव (23) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। हर्ष का अगला शिकार आकाश आनंद (39) रहे। इसके बाद शम्स मुलानी और शार्दुल ठाकुर मुम्बई की धूमिल होती उम्मीद को फिर से जगा दिया। शम्स मुलानी (46) के रनआउट होने पर मुम्बई को बड़ा झटका लगा। इसके बाद यश ठाकुर ने शार्दुल ठाकुर (66) को बोल्डकर पवेलियन भेज दिया। तनुष कोटियान (26) रन बनाकर आउट हुए। हर्ष दुबे ने मोहित अवस्थी (34) को पगबाधा आउटकर मुम्बई की दूसरी पारी का 97-5 ओवर में 325 रन पर समेटकर 80 रनों से जीत दर्ज कर टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। विदर्भ की ओर से हर्ष दुबे ने पांच विकेट लिए। यह ठाकुर और पार्थ रेखड़े को दो-दो विकेट मिले। विदर्भ ने पहली पारी में 383 रन का स्कोर बनाया था। उसके बाद मुम्बई की पहली पारी 270 के स्कोर पर सिमट गई थी। विदर्भ ने दूसरी पारी में 292 रन बनाए थे।

# गिल ने बनाया करियर का सबसे धीमा शतक



■ 2019 विश्व कप बाद यह किसी भी भारतीय बल्लेबाज के द्वारा वनडे में सबसे धीमा शतक है

**दुबई, वार्ता।** भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने गुरुवार को बांग्लादेश के खिलाफ परिस्थितियों के अनुसार अपने एकदिवसीय करियर का सबसे धीमा नाबाद शतक बनाया।

शुभमन गिल का यह शतक ऐसे समय में आया जब भारत विराट कोहली, श्रेयस अय्यर और अक्षर पटेल का विकेट गंवा कर मुश्किल में था। ऐसे कठिन समय में गिल समझदारी से बल्लेबाजी करते हुए भारत को जीत दिलाई। यह उनका आठवां एकदिवसीय शतक है। 2019 विश्व कप के बाद यह किसी भी भारतीय बल्लेबाज के द्वारा एकदिवसीय में सबसे धीमा शतक है। गिल ने उनकी विजयी शतकीय पारी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया। मैच के बाद गिल ने कहा कि यह निश्चित रूप से मेरे सबसे अच्छे शतकों में से एक था।आईसीसी टूर्नामेंट में यह मेरा पहला शतक है। मैं बेहद खुश हूं। पिच आसान नहीं था। शुरुआत में ऑफ स्टंप के बाहर की गेंद बल्ले पर ठीक से नहीं आ रही थी। इसलिए मैंने तेज गेंदबाजों के खिलाफ क्रीज का इस्तेमाल कर गेंद को सर्कल के ऊपर से खेलने का प्रयास किया। फिर जब स्पिनर्स आए, तो मैंने और कोहली ने इस बारे में बात की कि फंट फुट पर सिंगल लेना आसान नहीं हो रहा था, इसलिए मैंने बैक फुट पर खेलने पर ध्यान केंद्रित किया।

# ममता जी व प्रेक्षा जैन की जोड़ी ने जीता महिला युगल आईडीएएस खिताब

**लखनऊ, वार्ता।** पीसीडीए (ओ) पुणे की ममता जी और सीडीए आरटीसी एनएडीएफएम, पुणे की प्रेक्षा जैन की जोड़ी ने 11वां अखिल भारतीय डीएडी बैडलमटन टूर्नामेंट में महिला युगल आईडीएएस खिताब जीत लिया है। सूर्या खेल परिसर, करियप्पा रोड, कैंट, लखनऊ में आयोजित टूर्नामेंट के महिला युगल आईडीएएस फाइनल में ममता जी- व प्रेक्षा जैन की जोड़ी ने अभिनीत ढिल्लन व एस-संगीता को सीधे गेम में 21-11, 21-14 से हराया। वहीं पुरुष युगल खेल कोटा में पीसीडीए आर्मी लखनऊ के अजय कुमार व शैलेंद्र पावा और महिला युगल ओपन में पीसीडीए आर्मी लखनऊ की मधु ज्ञानचंदानी व पूनम यादव ने फाइनल में जगह पक्की की। पुरुष युगल आईडीएएस सेमीफाइनल में पीसीडीए आर्मी-पुणे के विक्रम ए-राजापुरे व सीडीए आरटीसी एनएडीएफएम, पुणे के आनंद अग्रवाल ने सीडीए सिकंदराबाद के डा-श्रीनिवास रेड्डी व टी-रामा मूर्ति को 21-13, 21-12 से हराया। पुरुष एकल आईडीएएस सेमीफाइनल में, पीसीडीए -आर्मी-पुणे के विक्रम ए-राजा. पुरे ने सीडीए आरटीसी एनएडीएफएम, पुणे

## ● हिन्दुस्तान की बड़ी जीत, तरुणसंघा को पूरे अंक

**नई दिल्ली, वार्ता।** डीएसए प्रीमियर लीग के एकतरफा मुकाबले में हिंदुस्तान फुटबाल क्लब ने यूनाइटेड भारत एफ सी को 4-1 से हरा कर पूरे अंक अर्जित किए। यहां नेहरू स्टेडियम परिसर में खेले गए मुकाबले में विजेता टीम हिन्दुस्तान के लिए किलोंग, प्लेयर ऑफ द मैच होकिप, आशिफ और मिसाओ ने गोल जमाए स पराजित टीम का इकलौता गोल घ्हॉन शपोर्जी ने किया। वहीं दिन के दूसरे मुकाबले में तरुण संघों ने नेशनल यूनाइटेड सपोर्टिंग क्लब को ओलेन सिँह के गोल से परास्त किया। आज के मुकाबले में यूनाइटेड भारत ने पहले खाता खोला लेकिन एक बार फार्म मे आने के बाद हिन्दुस्तान ने खेल पर पकड़ बना ली और पाला बदलते ही विजेता टीम के तेवर भी बदल गए। आशिफ, होकिप, सूरज मेटी ने बेहतर तालमेल के साथ प्रतिद्वन्दवी पर दबाव बनाया और दर्शनीय गोल जमाए। हिंदुस्तान के 17 मैचों में 20 अंक हो गए हैं। अंक तालिका में सबसे नीचे चल रहे यूनाइटेड भारत के बचने के मौके बहुत

## भारत का 49 सदस्यीय दल स्पेशल ओलंपिक वर्ल्ड विंटर गेम्स में शिरकत करेगा

**नई दिल्ली, वार्ता।** इटली के ट्यूरिन में आठ मार्च से शुरु होने वाले स्पेशल ओलंपिक वर्ल्ड विंटर गेम्स 2025 में भारत का 49 सदस्यीय दल शिरकत करेगा। इटली के ट्यूरिन में आठ से 15 मार्च होने वाली इस प्रतियोगिता में भारत के 30 एथलीट और 19 लोगों का सपोर्ट स्टाफ शामिल हैं।

# विराट कोहली ने कैच पकड़ने के अजहर के रिकॉर्ड की बराबरी की



**दुबई, वार्ता।** भारत के स्टार बल्लेबाज और चुस्त क्षेत्ररक्षक विराट कोहली ने एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैचों में सबसे अधिक कैच पकड़ने के पूर्व भारतीय कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन के लंबे समय से चले आ रहे रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। कोहली ने गुरुवार को दुबई में बांग्लादेश के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी मैच में यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने आज के मैच में नजमुल शान्तो और जाकेर अली के कैच पकड़े। कोहली और अजहरुद्दीन अब 156 कैच लेकर संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। उन्होंने एकदिवसीय मैचों में 140 कैच पकड़ने वाले महान सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ दिया है। इसके अलावा राहुल द्रविड़ 124 कैच के साथ चौथे स्थान पर हैं। शानदार क्षेत्ररक्षण करने वाले सुरेश रैना 102 कैच के साथ शीर्ष पांच में शामिल हैं। इस बीच, भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने 200 एकदिवसीय विकेट लेने वाले संयुक्त दूसरे सबसे तेज गेंदबाज बनकर इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया है।उन्होंने पाकिस्तान के सकलैन मुश्ताक की बराबरी करते हुए महज 104 मैचों में यह उपलब्धि हासिल की। मोहम्मद शमी ने आज बांग्लादेश के पांच बल्लेबाजों को आउट किया।

# चहल-धनश्री का हुआ तलाक



■ 18 महीने से अलग रह रहे थे दोनों, दिसम्बर 2020 में हुई थी शादी

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और उनकी पत्नी धनश्री वर्मा का तलाक हो गया है। कानूनी कार्यवाही पूरी करने के बाद दोनों ने आधिकारिक तौर पर अलग होने का फैसला किया है। एक मीडिया हाउस की रिपोर्ट के अनुसार, मामले से परिचित एक वकील ने बताया गुरुवार को बांद्रा फैमिली कोर्ट में अंतिम सुनवाई और सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी हुई, जिसमें दोनों सुबह 11:00 बजे से मौजूद थे। रिपोर्ट के अनुसार, सुनवाई के दौरान जज ने इस कपल को काउंस. लिंग सेशन में शामिल होने का निर्देश दिया, जो करीब 45 मिनट तक चला। जज के पूछे जाने पर चहल और धनश्री दोनों ने पुष्टि की कि वे आपसी सहमति से तलाक चाहते हैं। बांद्रा फैमिली कोर्ट में चर्चा के बाद जज ने शाम 4:30 बजे आधिकारिक तौर पर तलाक को मंजूरी दे दी। युजवेंद्र और धनश्री की शादी 11 दिसम्बर 2020 को हुई थी। दोनों 18 महीने से अलग रह रहे थे वकील ने यह भी खुलासा किया कि अंतिम फैसला लेने से पहले दोनों पिछले 18 महीनों से अलग रह रहे थे। चहल और उनकी पत्नी धनश्री के तलाक की अफवाहें काफी समय से सोशल मीडिया पर चल रही थीं। हालांकि, चहल और धनश्री का अभी तक अऑफिशियल बयान सामने नहीं आया है। झलक दिखला जा-11 शो में लव स्टोरी सुनाई थी धनश्री वर्मा ने झलक दिखला जा-11 के एक एपिसोड के दौरान युजवेंद्र चहल के साथ अपनी लव स्टोरी के बारे में खुलासा किया था।

# कोहली को खुद पर दबाव बनाने से फार्म में लौटने में आ रही दिक्कत : कुंबले



**दुबई, वार्ता।** भारत के पूर्व कप्तान व कोच अनिल कुंबले का मानना है कि विराट कोहली खुद पर जरुरत से ज्यादा दवाब बना रहे है इस वजह से उन्हें फॉर्म में लौटने में दिक्कत आ रही है। बांग्लादेश के खिलाफ मैच जीतने के बाद कोहली के प्रदर्शन को लेकर कुंबले ने कहा कि खराब फॉर्म से गुजरते हुए विशेषकर सफेद गेंद की क्रिकेट में कोहली को इतने लंबे समय तक ऐसी मुश्किलों का सामना नहीं करना पड़ा। मुझे लगता है कि वह अपने ऊपर जरुरत से ज्यादा दवाब बना रहे हैं।

आपके पास ऐसे खिलाड़ी हैं जो पहले भी ऐसा कर चुके हैं और हर कोई आपसे उम्मीद रखता है कि यह वो व्यक्ति है जो खेल को हमसे दूर ले जाएगा और ये टीम में महत्वपूर्ण है। जब आपके ऊपर इस तरह का दबाव हो और आपसे इस तरह की उम्मीदें होती हैं तो अचानक आप और कई सारी चीजो को अहमियत देने लगते हैं और बहुत अधिक प्रयास करने लगते हैं। जब आप ऐसा करते हैं तो आप तनावमुक्त नहीं होते हैं। मेरा मानना है कि वह अपनी सर्वश्रेष्ठ पारी और सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन के बारे में नहीं सोच रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि वह बहुत अधिक प्रयास कर रहा है। आप देख सकते हैं कि वह अपनी पारी किस तरह से खेल रहा है। उसे बस इसके बारे में चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। रोहित शर्मा वहां आता है, उसे आजादी मिलती है क्योंकि बहुत सारी बल्लेबाजी होती है और वे सभी शानदार फॉर्म में हैं। इसी तरह विराट के लिए, उसे बस मैदान में आने के बाद किसी और चीज़ के बारे में चिंता करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि जब वह फार्म में होता है, जब वह सिर्फ़ सिंगल लेना चाहता है और स्ट्राइक रोटेट करता रहता है, तो वह स्पिन को बहुत अच्छी तरह से खेलने वाला खिलाड़ी है। अब वह केवल नियंत्रण करने के बजाय रन बनाने के लिए बहुत अधिक प्रयास कर रहा है, और यही उसका गेम प्लान रहा है।

# बिल्डिंग की छत पर चढ़ी आईएफटीएम यूनिवर्सिटी की छात्रा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के पाकबड़ा थाना क्षेत्र दिल्ली हाईवे पर स्थित यूनिवर्सिटी में उस समय हड़कंप मच गया जब आईएफटीएम यूनिवर्सिटी की एक छात्रा बिल्डिंग की छत पर चढ़ गई और वहां से कूदने की धमकी देने लगी।छात्रा के बिल्डिंग की छत पर चढ़ने और वहां से कूदने की धमकी देने की इस घटना से आईएफटीएम यूनिवर्सिटी में अफरा तफरी का माहौल बन गया। यूनिवर्सिटी प्रशासन ने छात्रा के परिजनों को सूचना देने के साथ ही पुलिस को भी सूचना दी, किसी तरह छात्रा को सकुशल बचाया गया। बता दे कि शुक्रवार को आईएफटीएम यूनिवर्सिटी में उस समय हड़कंप मच गया जब एक छात्रा अचानक बिल्डिंग की छत पर चढ़ गई। जैसे ही इस घटना की सूचना यूनिवर्सिटी के शिक्षको और सुरक्षा कर्मियों को लगी तो वह तुरंत मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभालने में जुट गए।सुरक्षा कर्मियों और शिक्षकों ने सूझबूझ दिखाते हुए छात्रा को सुरक्षित नीचे उतार लिया। वही



यूनिवर्सिटी प्रशासन के द्वारा छात्रा के परिजनों और पुलिस को भी सूचना दी गई।पूछताछ के दौरान पता चला कि छात्रा की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है और उसका निजी डॉक्टर से इलाज भी चल रहा है। घटना के बाद छात्रा के परिजनों को सूचित किया गया, जिन्होंने यूनिवर्सिटी प्रशासन का आभार व्यक्त किया। यूनिवर्सिटी प्रशासन की त्वरित कार्रवाई और सुरक्षा कर्मियों की मुस्तैदी से एक बड़ी अनहोनी टल गई। आईएफटीएम यूनिवर्सिटी के अधिकारियों ने कहा कि छात्र-छात्राओं की सुरक्षा, उनकी प्राथमिकता है और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

# उपभोक्ता आयोग ने फाइनेंस कंपनी पर लगाया 50 हजार रुपये का जुर्माना

**चन्दौसी/बनियाठेर।** थाना बनियाठेर के अशोक नगर नि0 राजबाला पत्नी मनोज सिंह ने फाईनेंस कंपनी के खिलाफ वाद दायर कर कार्यवाही की मांग की गई थी जिसमें जिला उपभोक्ता आयोग ने फाईनेंस कंपनी पर 50 हजार रु0 जुर्माना लगाया है। बता दें कि राजबाला पत्नी मनोज सिंह नि0 अशोक नगर थाना बनियाठेर जिला संभल द्वारा 14 नवंबर 2018 को महिन्द्रा फाइनेंस कंपनी से टाटा टियागो कार फाईनेंस कराने के लिए 1,90,000 रु0 का अग्रिम भुगतान अदा करते हुए 3,60,000 रु0 का कार फाइनेंस कराया था। वादिनी द्वारा ऋण राशि को 48 मासिक किस्तों में अदा किया जाना था। फाइनेंस कंपनी ने वादिनी राजबाला से ऋण अदायगी राशि की दो अग्रिम किस्त काट ली थी। वर्ष 2021 की कोरोना काल बाधित अवधि से ग्रस्त होने के कारण वादिनी राजबाला अपनी तीन किस्त का भुगतान नहीं कर पाई थी जिस कारण फाइनेंस कंपनी ने 26 मार्च 2021 को कार उठवा ली। वादिनी ने फाइनेंस कंपनी से अपनी कार को वापिस करने को कहा परंतु कंपनी ने कार वापिस नहीं की। तब वादिनी ने फाईनेंस कंपनी के विरुद्ध जिला उपभोक्ता आयोग संभल में अपना वाद दायर किया। वादिनी की ओर से मुकदमा की पैरवी बी.एल. सागर एड0 द्वारा की गई। जिला उपभोक्ता आयोग ने पक्षकारों को सुनने के बाद 24 जनवरी 2025 को विपक्षी फाईनेंस कम्पनी के विरुद्द आदेशित किया कि विपक्षी फाईनेंस कम्पनी परिवादिनी राजबाला को परिवाद संस्थन की तिथि से 7 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित 1,90,000 रु. दो माह में अदा करें।

इसके अलावा विपक्षी फाईनेंस कम्पनी परिवादी को मुबलिग 50,000 रूपये मानसिक कष्ट एवं आर्थिक हानि के मद में तथा 10,000 रु वाद व्यय के मद में अदा करने के आदेश किये गये। नियत अवधि धनराशि अदा न किये जानें की दशा में ब्याज 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से देय होगा।

## समाचार एक नज़र में

# दो दिवसीय ऑल इंडिया वॉलीबॉल टूर्नामेंट में संभल ने जीती ट्राफी



**भोजपुर।** नगर पंचायत भोजपुर धर्मपुर में दो दिवसीय डे- नाईट परवेज अख्तर मेमोरियल ऑल इंडिया वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ नवाब प्रधान व चेयरमैन पुत्र अर्शमान ने फीता काटकर किया तथा वॉलीबाल प्रतियोगिता का संचालन मोहम्मद इदरीश ने किया प्रतियोगिता में भोजपुर, आजमगढ़, संभल, बनारस, गोरखपुर, हरिद्वार, मुजफ्फरनगर की टीमों ने प्रतिभाग किया जिसमें जिसमें मुजफ्फरनगर और संभल के बीच फाइनल खेला गया फाइनल में संभल ने विजय हासिल की स्टेडियम में दर्शकों की भारी संख्या में भीड़ रही डे- नाईट प्रतियोगिता का दर्शकों ने जमकर मजा लिया इस मौके पर सभासद ताहिर हुसैन, तौकीर कुरैशी, सभासद यासीन,मोहम्मद शाहिद, इरफान, मोहम्मद इरशाद, नदीम, मोहसिन, मोहम्मद असलम व भारी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

# सिरसा ठाठ से पूजा और खतापुर से सुरेखा बनी गांव की प्रधान

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** मतगणना के उपरांत आज सिरसा ठाठ से पूजा और खतापुर से सुरेखा को ग्राम प्रधान घोषित कर दिया गया बतादें कि सिरसा ठाठ पंचायत में कुल 763 लोगों ने अपने मत का इस्तेमाल किया था। जिसमें 20 मत निरस्त होने के बाद 743 मत पाए गए इनमें पूजा पत्नी विजेंद्र को 251 और शीला पत्नी नरेश को 240 वोट मिले सोनी कुमारी पुत्री झबरे



को 208 और दूसरी सोनी पत्नी सुरेश कुमार को 44 मत मिले इस तरह से पूजा को 11 मतों से विजयी घोषित कर दिया गया। खतापुर पंचायत में कुल 790 लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया इनमें 19 मत निरस्त होने के बाद 771 बोट बैध पाए गए। इसमें सुरेखा पत्नी उर्वेश को 310 कुमारी मोंटी पुत्री विवेक को 219 सुंदरी पत्नी राजेंद्र को 150 और रजिया सुल्तान पुत्री मेहरबान को छप्पन वोट मिले इस तरह से सुरेखा को 91 मतों से विजयी घोषित कर दिया गया। शांति पूर्वक हुई मतगणना के बाद अधिकारियों ने राहत की सांस ली और निर्वाचित ग्राम प्रधानो को प्रमाण पत्र जारी कर दिए। ग्राम प्रधान निर्वाचित होने पर दोनों ग्राम पंचायतो में हर्ष का माहौल है।

# खून सनी ईंट फेंकने का कारण पूछने पर दी गाली मामला दर्ज


**कांठ ( शाह टाइम्स )** थाना छजलेट के गांव शेरपुर एत्मादपुर निवासी चमन का कहना था कि उसका भाई विवेक पुत्र सीताराम अपनी बहनों को घर के लिए अलीपुरा खालसा से लेकर जा रहा था जिसका एक्सीडेंट अलीपुरा खालसा गन्ना सेटर पर अज्ञात ट्रेक्टर जिसमें ग्म नाम की ईंट भरी हुई थी उससे हो गया विवेक की मोके पर ही मोत हो गई व दोनो बहने गम्भीर रूप से घायल हो गई बहनों का उपचार जिला अस्पताल मे चल रहा है। गांव के लोगों ने फोन पर बताया की अलीपुरा निवासी खलील अहमद ट्रेक्टर से बिखरी हुई खून लगी ईटे सरसों के खेत मे फेक रहा है मौके पर पहुंचकर खलील से पुछा कि तुम खून लगी ईटे सरसों के खेत मे क्यो फेक रहे हो तो इस बात पर वह नाराज हो गया और गाली गाली देता हुआ चला गया। पीड़ित ने खलील पर ट्रैक्टर उसके संपर्क का होने की आशंका व्यक्त करते हुए थाने में तहरीर दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

# ठेला आगे करने को कहने पर मारपीट पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** मोडी हजरतपुर निवासी गंगाराम पुत्र कल्लू का कहना था कि 19 फरबरी को दोपहर 11:30 बजे मोढी चौराहे पर उसने गन्ने के जूस का ठेला लगाया था। पास में ही सोनू पुत्र रामकुमार व मोनू पुत्र रामकुमार व जितेंद्र पुत्र रामकुमार का भी पकौड़ी का ठेला लगा था । गंगाराम ने उनसे ठेला आगे करने को कहा तो वह नाराज होकर गाली गलौच करने लगे। विरोध किया तो मारपीट की और सोनू ने मेरे ठेले से लोहे का कडछा उठाकर सिर में मार दिया जिससे सिर में काफी चोट आई। वहां भीड़ इकट्ठा हुई तो यह लोग जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए । पीड़ित थाने पहुंचा और आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

# ग्राम प्रधान और सेकेट्री को पता तक नहीं, ठेकेदार ने खुद ही तैयार कर लगा दिया अनापत्ति प्रमाण पत्र

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** सलेमपुर गांव में करोड़ों की लागत से बनी पानी की टंकी सफेद हाथी हो गई है पानी की पाइपलाइन सूखी है लोग इस पाइप लाइन में पानी चलाने की मांग कर रहे हैं लेकिन संबंधित ठेकेदार ने ग्राम प्रधान और सचिव के हस्ताक्षर करके अनापत्ति प्रमाण पत्र लगाते हुए जल आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित किए जाने की सूचना उच्च अधिकारियों को दे दी है। अब ग्राम प्रधान और सचिव ने इस मामले की जांच कराए जाने की बात कही है। ब्लॉक छजलेट की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत में सलेमपुर खास का नाम सर्वप्रथम लिया जाता है। सरकार की योजना के अनुरूप इस गांव में भी करोड़ों की लागत से पानी की टंकी का निर्माण हुआ था जिसके लिए सड़के खोदकर पाइपलाइन डाली गई लोगों के घरों तक पानी पहुंचाये जाने के लिए कनेक्शन लगाए गए लेकिन ना तो आज तक सड़के ठीक हुई और ना ही इन पाइप लाइन में पानी चालू किया गया। जलापूर्ति के लिए लगाए गए ट्यूबवेल पर भी विद्युत कनेक्शन जारी हो गया मगर ट्यूबवेल ने पानी चालू नही किया। लोगों ने जलापूर्ति किए जाने की मांग उठाई संबंधित वेबसाइट पर जाकर जागरूक लोगों ने जानकारी की तो पता लगा कि ग्राम प्रधान सचिन चौधरी और ग्राम पंचायत सेकेट्री सौरभ राणा ने गांव की सड़क ठीक होने और गांव में निर्विघ्न जला पूर्ति किए जाने का



प्रमाण पत्र जारी किया है। बताया गया कि इस प्रमाण पत्र के साथ-साथ संबंधित ठेकेदार ने एक वीडियो भी अपलोड की जिसमें गांव वालों को जलापूर्ति सुचारू रूप से किए जाने की बात की जा रही है। वेबसाइट पर वीडियो देखते ही ग्रामीण चौंक गए और बताया कि संबंधित वीडियो उनके गांव का नहीं है ग्राम प्रधान सचिन चौधरी का कहना था कि वह तो सड़के खराब किए जाने को लेकर पहले से ही नाराज थे इसलिए उन्होंने ठेकेदार को कोई प्रमाण पत्र नहीं दिया और यदि विभाग में इस तरह का कोई प्रमाण पत्र अपलोड किया गया है तो उस पर उनके हस्ताक्षर नहीं है यही जवाब तत्कालीन ग्राम पंचायत विकास अधिकारी सौरभ राणा का भी था ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव ने इस मामले की शिकायत एक-दो दिन में जिला अधिकारी को कर इस पूरे प्रकरण की जांच कराई जाने की बात कही है। इस घटना से ब्लॉक की अन्य पंचायतो में भी बिना पानी दिए ही जलआपूर्ति सिर्फ कागजो में ही किए जाने की संभावना भी बढ़ गई है। जानकारी मिलने पर अन्य प्रधानों ने भी अपने-अपने स्तर से संबंधित वेबसाइट पर जाकर जांच कराए जाने का मन बना लिया है।

कुल मिलाकर विभागीय ठेकेदार की इस हरकत से गांव को मिलने वाली हर घर जल की योजना को पलीता लगता दिखाई दे रहा है।

# तहसील में एसडीएम रहे शैलेन्द्र कुमार की आत्म शांति को दो मिनट का मौन

**कांठ ( शाह टाइम्स )** तहसील कांठ में एसडीएम रहे शैलेंद्र कुमार की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई मौत की सूचना मिलने पर शोक छा गया भीकनपुर गांव में बृजेश चौधरी के आवास पर उनकी आत्मा शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया। बतादे की कुछ साल पहले कांठ तहसील के एसडीएम बनके आए शैलेंद्र कुमार ने लोगों का अपने स्वभाव से मन मोह लिया था।मुरादाबाद जनपद के बाद उनका तबादला बिजनौर जनपद में हुआ जहां नगीना आदि कई तहसीलों में उन्होंने एसडीएम की जिम्मेदारी का निर्वाह करते हुए अपना कार्यकाल पूरा किया। कुछ समय पहले ही उन्हें सेवा निवृत्ति प्रदान की गई इसके बाद वह अपने आवास बुलंदशहर में रहने लगे लेकिन कल अचानक हृदय गति रुक जाने से उनका देहांत हो गया क्षेत्र में इसकी सूचना मिली तो शौक की लहर छा गई बृजेश चौधरी के आवास पर शोक सभा आयोजित हुई। इस अवसर पर बृजेश चौधरी प्रदेश सचिव राशन डीलर हरपाल सिंह फौजी पूर्व प्रधान बबलू उर्फ कमल वीर मोहम्मद रफी आदि मौजूद रहे।



# अधिवक्ता संशोधन विधेयक के विरोध में अधिवक्ताओं ने काली पट्टी बांधकर किया प्रदर्शन

**कांठ ( शाह टाइम्स )** अधिवक्ता संशोधन विधेयक के विरोध में आज तहसील कांठ के अधिवक्ताओं ने हाथों पर काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया बताया गया कि सरकार अधिवक्ता संशोधन विधेयक लाई है इसके बारे में लोगों से रायशुमारी की जा रही है। लेकिन इस विधेयक से अधिवक्ता नाराज है अधिवक्ताओं का कहना है कि उक्त विधेयक अधिवक्ताओं के अधिकारों पर कुठारा घात कर रहा है। इसलिए आज सभी अधिवक्ता लामबंद होकर हाथों में काली पट्टी बांधकर तहसील पहुंचे और एसडीएम को ज्ञापन देना चाहा लेकिन उनके मतगणना में रहने के कारण उस समय ज्ञापन नहीं दिया जा सका। इस अवसर पर बार के अध्यक्ष मोहम्मद अयूब नन्हे खां सुगम पवार सीपी सिंह प्रदीप कुमार संजीव कुमार दीपक बिश्नोई आदि काफी अधिवक्ता मौजूद रहे।



# जिला मुख्यालय बहजोई में स्थापित कराने को अनशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** जिला मुख्यालय बहजोई केन्दु बिंदु है। उसे स्थापित करने के उपरांत हटाने का प्रयास किया जा रहा है। यहां बताते चलें कि बसपा सरकार द्वारा वर्ष 2011 में बहजोई को केन्द्र बिंदु माना एवं संभल, चन्दौसी व गुन्नौर तहसील को जोड़कर नये जिले का सृजन किया गया क्योंकि गुन्नौर से बदायूं की काफी दूरी है। गवां रजपुरा तक बदायूं जनपद में था। आखिर जिला बन गया। भीमनगर के नाम से सपा सरकार आते ही नाम बदलकर संभल कर दिया। जिला बने लगभग 14 वर्ष होने जा रहे हैं परंतु अभी तक स्थायी कार्यालय को लेकर संशय है। कुछ कार्यालय बहजोई तो कुछ संभल में संचालित हैं। साथ ही जिला न्यायालय चन्दौसी में संचा. लित है। बता दें कि नये जिले का सृजन कराने में अग्रणी भूमिका निभाने वाले चन्दौसी को सबसे



अधिक हानि हुयी। यहां से कई महत्वपूर्ण कार्यालय सुरक्षा की दृष्टि से संचालित थे, वह बहजोई एवं संभल चले गये जिसमें कोषागार सन् 1976 से स्थापित कोतवाली में कंट्रोल रुम था। दोनों ऑफिस चले। चन्दैसीवासियों ने इस पर सब्र किया, अब बहजोई से मुख्यालय हटाने की बात से लोग नाराज हैं। शुक्रवार को जिला मुख्यालय केन्द्र बिंदु बहजोई व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष विनोद कुमार वार्ष्णेय के समर्थन एवं जनसहयोग की घोषणा की गयी।

वहीं क्रमिक अनशन जनपद संभल का जिला मुख्यालय केन्द्र बिन्दु बहजोई स्थायी रुप से स्थापित करने के लिए 21 फरवरी से अनशन पर साथी अधिवक्ताओं के साथ बैठ गये।

# विकलांग बोगी में बैठने पर रिटायर्ड फौजी से हुई गार्ड की नोकझोंक

**चन्दौसी।** बरेली से चन्दौसी आ रही पेसेंजर ट्रेन में बरेली से विकलांग डिब्बे में एक व्यक्ति बैठ गया। जिससे दिव्यांग लोगों को परेशानी हुयी। गाड़ी संख्या 54354 बरेली से चन्दौसी आ रही थी, उसमें मानवेन्द्र पुत्र प्रेमसिंह भी बैठ गया जो अपने को अधिवक्ता व से0नि0 फौजी बता रहा था। दिव्यांग बोगी में अमित मिश्रा गार्ड ने पहुंचकर मानवेन्द्र सिंह से दिव्यांग बोगी से उतरने को कहा परंतु मानवेन्द्र पुत्र प्रेमवीर जाट ने गार्ड का कहना नहीं माना और नोंकझोंक करने लगा। गार्ड द्वारा मैमो डालकर आरपीएफ को सूचना दी गई। जैसे ही ट्रेन चन्दौसी पहुंची तो मानवेन्द्र को रेलवे स्टेशन पर उतार लिया गया। बताया गया कि मानवेन्द्र फौज से रिटायर्ड होकर वकालत करने लगा है।

# पुलिस ने बॉर्डर पर लगाया कॉवड़ियों के लिए कैंप

**कांठ ( शाह टाइम्स )** पुलिस कांबड़ यात्रा संपन्न कराने के लिए चुस्त हो गई है। कांवड़ियों की सेवा के लिए पुलिस ने बॉर्डर पर कैंप लगाया है बतादे की 26 को महा शिवरात्रि पर कांबडियो द्वारा भगवान शंकर का जलाभिषेक किया जाना है जिसके लिए कांवरिया हरिद्वार को रवाना होने लगे हैं बड़ी संख्या में कावड़िया कांठ से गुजरते हैं जिसके लिए सहसपुर बॉर्डर स्थित पुलिस चौकी पर ही पुलिस ने कॉबडीयों की सेवा के लिए एक शिविर आयोजित किया है।

जहां पर उनके रुकने और आराम करने की व्यवस्था की गई है। थाना प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र सिंह ने भी शिविर का भ्रमण कर कांबडियो की सुरक्षा व्यवस्था के लिए जरूरी दिशा निर्देश दिए है।



# विधायक कमाल अख्तर ने विधान सभा में उठाया बिगड़ी हुई स्वास्थ्य सेवाओं का मुद्दा

**कांठ ( शाह टाइम्स )** विधानसभा में चर्चा के दौरान विधायक काँठ कमाल अखघ्तर ने स्वास्थ जैसे गंभीर मुद्दे पर सरकार को जमकर घेरा उन्होंने कहा यह तो एक कहावत भी है के "तंदुरुस्ती हजार नेमत है" लेकिन भाजपा की सरकार इस बात को समझने में नाकाम रही है, सरकार ने पिछले साल के मुकाबले स्वास्थ विभाग का बजट तो बढ़ाने का काम किया लेकिन यह बात अलग है कि पिछला वाला पूरा बजट भी सरकार ने उत्तर प्रदेश में स्वास्थ संबंधी सुविधाओं पर खर्च नहीं किया उन्होंने कहा कि बजट



बढ़ाते रहो और उसका इस्तेमाल मत करो, उन्होंने सरकार को आयुष्मान कार्ड को लेकर कठघरे में खड़ा किया कहा कि आयुष्मान कार्ड मरीजों के साथ एक धोखा है जो सरकार दे रही है , बहुत से अस्पताल तो आयुष्मान कार्ड से इलाज करने को मना कर देते हैं , और बहुत से अस्पताल यह कहते हैं कि यह इलाज हम नहीं करेंगे , और इस कार्ड के अंदर बहुत सी बीमारी या तो कवर नहीं हैं या फिर बहुत कम अमाउंट के साथ कवर हैं , जिससे मरीज ठगा हुआ महसूस करते हैं। कहीं अस्पताल है तो मरीज नहीं , मरीज है तो डॉक्टर नहीं और अगर मरीज और डॉक्टर दोनों हैं तो दवाएँ नहीं , मशीन नहीं हैं, हमारे यहाँ काँठ विधान सभा में अगवानपुर, उमरी कला, पाकबड़ा प्राथमिक स्वास्थ केंद्र हैं , इन सब केंदों पर कहीं डॉक्टर नहीं तो कहीं दवाएँ नहीं तो कहीं फार्मेसिस्ट ही मरीजों को देख रहा है। उन्होंने प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएं दुरुस्त किए जाने की मांग उठाई।

# राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक हुई संपन्न

## लक्ष्यों के सापेक्ष वसूली सुनिश्चित करवाएं अधिकारी: डीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व कार्यो, न्यायिक कार्य, कर-करेत्तर, विभागीय कार्यवाही, न्यायिक पत्रावलियों का दाखिल की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा सभी उपजिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों को पुराने वादों को जल्द से जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए गये। धारा 24, धारा 80, धारा 116, धारा 34 के लम्बित वादों के निस्तारण संबंधी तहसीलवार चर्चा करके जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को वादों पर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने पैमाइश पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। सभी उपजिलाधिकारी अपने दिए गए आद. ेशों का सही से अनुपालन हो रहा है कि नहीं इसको अच्छे से सुनिश्चित करवाए। आईजी आरएस के संबंध में जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतों का समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाये और शिकायतकर्ता से वार्ता कर फीडबैक भी लिया जाए और फीडबैक के संबंध में स्थलीय निरीक्षण भी करें। बैठक में रियल टाइम खतौनी, अविवादित विरासत, ई-परवाना पर लम्बित आवेदनों, मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना योजना के अन्तर्गत पुराने प्रकरणों के निस्तारण संबंधी इत्यादि विषयों पर विस्तार से चर्चा की गयी, जिस पर जिलाधिकारी ने लम्बित आवेदन/ प्रकरणों पर संबंधित अधिकारियों को यथोचित कार्यवाही कर निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने उपजिलाधिकारियों से कहा कि तालाबों के आवंटन की फीडिंग सही से सुनिश्चित करवाए और फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति भी सही से सुनिश्चित करवाए। मुख्यमंत्री कृषि दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत लम्बित आवेदनों के संबंध में जिलाधिकारी ने कहा कि पेंडेसियो के निस्तारण में एकरूपता की नीति को अपनाकर कार्य करें।इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आय, जाति, निवास के लम्बित आवेदनों को भी जल्द से जल्द निपटाया जाये।

बैठक में स्टाम्प, आबकारी, जीएसटी, परिवहन, खनन, विद्युत, मण्डी, सहित अन्य विभागों की राजस्व वसूली संबंधी समीक्षा की गयी। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी



ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली की प्रगति बढ़ाने हेतु यथोचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में डिप्टी कमिश्नर जीएसटी श्री आर0एन0 त्रिपाठी ने जीएसटी एमनेस्टी स्कीम के बारे में बताया कि जीएसटी विभाग में एमनेस्टी स्कीम वर्ष 2017-18, 2018-19 एवं 2019-20 में धारा 73 के अन्तर्गत पारित आदेशों के अन्तर्गत लाया गया है, जिन फर्मो के विरुद्ध इन वर्षो में कर, ब्याज, अर्थदण्ड की देयता निर्धारित की गयी है, उनमें केवल कर की धनराशि मार्च 2025 तक जमा करने पर ब्याज एवं अर्थदण्ड माफ हो जाएगा। इसके लिए जीएसटी फार्म एसपीएल 02 लाया गया है, जिसे आनलाइन जीएसटी पोर्टल पर भरना है। यदि कोई व्यापारी उक्त वर्षो में धारा 73 में पारित आदेशों के विरुद्ध अपील में है, वह अपील वापस लेकर केवल कर जमा करके उक्त स्कीम का लाभ ले सकता है।



# सम्पादकीय

शनिवार, 22 फरवरी 2025

## रेखा की लक्ष्मण रेखाएं

सियासी परम्परों पर चलते हुए दिल्ली में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के एक दिन बाद सीएम रेखा गुप्ता ने पूर्व सीएम आतिशी और उनके मंत्रियों के पर्सनल स्टाफ को हटा दिया है। इतना ही नहीं आतिशी सरकार ने जिन अधिकारियों- कर्मचारियों को दूसरी जगह नियुक्त किया था, उन्हें फौरन अपने मूल विभाग में रिपोर्ट करने का आदेश दिया गया है। राजनीति में सब कुछ जायाज वाली कहावत पर गौर करते हुए इस पर ज्यादा टीकर-टिप्पणी ठीक नहीं, यह भी ठीक है कि दिल्ली को संपन्न, विकसित, आत्मनिर्भर बनाकर राज्य की जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने का संकल्प जताया। वे सुषमा स्वराज, शीला दीक्षित व आतिशी के बाद चौथी महिला मुख्यमंत्री बनी हैं। निस्संदेह, हाल के वर्षों में महिला वोटरों ने राजनीतिक परिदृश्य बदलने में निर्णायक भूमिका निभाई है। फलत: राजनीतिक दलों ने महिला मतदाताओं को लुभाने के लिये लुभावनी योजनाएं घोषित की हैं। ऐसी योजनाओं का असर मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र व झारखंड के हालिया चुनावों में देखने को भी मिला है। ऐसे में रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाकर भाजपा ने महिला मतदाताओं को यह संदेश देने का प्रयास भी किया है कि महिलाएं उसकी राजनीतिक प्राथमिकताओं में शामिल हैं। विधानसभा चुनाव में भी भाजपा ने महिलाओं को हर माह पच्चीस सौ रुपये देने का वायदा इसी मकसद से किया था। वैसे ऐसी ही घोषणाएं कांग्रेस व आप ने भी की थी। उल्लेखनीय तथ्य है कि भाजपा शासित राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों में रेखा गुप्ता पहली महिला मुख्यमंत्री हैं। वहीं दूसरी ओर एक बार उनके चयन से भाजपा ने फिर साबित किया कि संघ व उसके आनुषंगिक संगठनों से आए नेताओं को ही शीर्ष पदों के चयन में वरीयता दी जाती है। वहीं रेखा गुप्ता इस मायने में भाग्यशाली हैं कि वे पहली बार विधायक बनने के बावजूद मुख्यमंत्री का ताज हासिल करने में सफल रही हैं। हालांकि, वह भाजपा के विभिन्न संगठनों में पिछले तीन दशकों से सक्रिय रही हैं और तीन बार दिल्ली नगर निगम पार्षद भी रही हैं। हालांकि, इससे पहले दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा के पुत्र प्रवेश वर्मा को मुख्यमंत्री बनाए जाने को लेकर खूब चर्चा रही। इसकी वजह उनकी राजनीतिक विरासत के अलावा, उनका आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल को हराना भी था। जनता ने भी उन्हें पूर्व मुख्यमंत्री की टक्कर का मानकर जिताया। कयास लगाये जा रहे थे कि कई कारणों से नाराज जाट समुदाय को मनाने की कोशिश में उन्हें यह पद मिल सकता है। लेकिन जैसा कि भाजपा की रणनीति रही है, वह राजनीति में परिवारवाद के तमगे से बचने का प्रयास करती रही है। राष्ट्रीय स्तर पर परिवारवाद का विरोध भाजपा का मुख्य एजेंडा भी रहा है। कुछ विवाद भी प्रवेश वर्मा की बयानबाजी को लेकर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर राजनीतिक मर्यादा को लांघने वाले रेखा गुप्ता के पुराने ट्वीट भी सोशल मीडिया पर खासे वायरल हो रहे हैं। वैसे तो भाजपा कह सकती है कि डबल इंजन की सरकार दिल्ली के विकास को नई दिशा देगी, लेकिन नई मुख्यमंत्री को आप सरकार के शैक्षिक सुधारों, मुफ्त बिजली-पानी, मोहल्ला क्लीनिक व अन्य लोककल्याण के कार्यक्रमों के बड़े विकल्प देने होंगे। दिल्ली की जनता लगातार प्रदूषण, जल भराव, विकास, कूड़े के ढेरों तथा ट्रैफिक जाम की समस्या से जूझ रही है। पूर्व मुख्य मंत्रियों व एलजी से टकराव के चलते दिल्ली के विकास की गति थम सी गई थी। एक महिला मुख्यमंत्री होने के नाते उन्हें बेटियों की सुरक्षा की अतिरिक्त जिम्मेदारी निभानी होगी, ताकि फिर दिल्ली में निर्भया कांड जैसे हादसे न हों। वहीं चुनाव के दौरान भाजपा के प्रमुख एजेंडे में शामिल रही यमुना की सफाई को भी उन्हें अपनी प्राथमिकता बनानी होगी। वहीं उन्हें ध्यान रखना होगा कि भले की आम आदमी पार्टी सत्ता से बाहर हुई हो,लेकिन अच्छे-खासे विधायकों के साथ वह एक मजबूत प्रतिरोधी विपक्ष के रूप में विधानसभा में मौजूद है। दिल्ली के सियासी तापमान के दृष्टिगत सीएम रेखा गुप्ता को भी अपनी सीमाएं/ लक्ष्मण रेखाएं तय करनी होंगी। विपक्ष उनके अनुभव हीन होने का फायदा उठाने की फिराक में लगा रहेगा।

## कांग्रेस की बदौलत दिल्ली में भाजपा सत्ता में आई



कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गाधी को बसपा पर उंगुली उठाने से पहले अपने गिरेबान में झांक कर देख लेना चाहिए था, दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस भाजपा की बी टीम बन कर चुनाव मैदान पर उतरी, जिसके कारण भाजपा को दिल्ली की सत्ता में आने का मौका मिला, यह आम चर्चा है, जिसके कारण यहां बीजेपी सत्ता में आ गई है, वरना इस चुनाव में कांग्रेस का इतना बुरा हाल नहीं होता, यह पार्टी अपने ज्यादातर उम्मीदवारों की जमानत भी न बचा पाए, राहुल गांधी को किसी भी मामले में दूसरों पर व खासकर बीएसपी की प्रमुख पर उंगली उठाने से पहले अपने गिरेबान में भी जरूर झांक कर देखना चाहिए, यह बेहतर होगा।

**मायावती**
**अध्यक्ष, बसपा**

# सर्वसमावेशी संस्कृति का प्रतीक महाकुंभ



गजेंद्र सिंह शेखावत

यदि आप भारत के गांव-कस्बों से गुजरें तो ऐसे असंख्य लोग मिल जाएंगे, जो प्रात: स्नान करते समय 'गंगे च यमुने चौव गोदावरी सरस्वती। नर्मदे सिंधु कावेरी जले स्मिन संनिधि कुरु।। का मंत्रोच्चार कर रहे होंगे। इस मंत्र का अर्थ है-हे यमुना, गोदावरी, सरस्वती, नर्मदा, सिंधु, और कावेरी हमारे जल में उपस्थित होकर इसे पवित्र करो। स्नान के नित्यकर्म में राष्ट्र की सभी पवित्र नदियों का आह्वान यह बताता है कि भारतभूमि के लोगों की नदियों के प्रति कितनी गहरी श्रद्धा है।

विश्व की लगभग सभी सभ्यताओं का जन्म नदी तटों पर हुआ है, लेकिन भारत तो नदी संस्कृति का ही देश है। उत्तर में सिंधु से लेकर दक्षिण में कृष्णा-कावेरी तक और पूर्व में ब्रहमपुत्र से लेकर पश्चिम में नर्मदा तक भारत की ये पुण्य सलिलाएं अनंतकाल से कोटि-कोटि भारतवासियों के जीवन का उद्धार करती रही हैं। ये नदियां मां की तरह ही हमारा भरण-पोषण करती हैं। हम जब भी समस्याओं में उलझे होते हैं तो इन नदी रूपी माताओं के निकट आकर शांति की तलाश करते हैं और अपनी इहलौकिक यात्रा को समाप्त कर पारलौकिक यात्रा के लिए भी इन्हीं नदियों की गोद में पहुंचते हैं। इन नदियों का न केवल हमारे धार्मिक-आध्यात्मिक जीवन में विलक्षण महत्व है, अपितु ये सामाजिक, आर्थिक, वैज्ञानिक तथा अन्य कई रूप से भी सहायक मानी जाती हैं।

यही कारण है कि हमारे धार्मिक ग्रंथों में नदियों को माता का दर्जा दिया गया है। ऋग्वेद के नदी सूक्त से लेकर आधुनिक साहित्य तक, नदियों की महिमा को व्यापक रूप से दर्शाया गया है। महाभारत, मत्स्य पुराण, ब्रह्म पुराण और कालिदास के ग्रंथों में भी नदियों की पवित्रता को रेखांकित किया गया है। कुंभ महापर्व, नदियों के महात्म्य का ही महापर्व है, जो विविधतता में एकता प्रदर्शित करने में केंद्रीय भूमिका निभाता है। कुंभ मेला भारत की सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक परंपराओं का सबसे बड़ा पर्व है। यह महापर्व खगोल विज्ञान, आध्यात्मिकता, कर्मकांड की परंपराओं और सामाजिक तथा सांस्कृतिक ज्ञान-विज्ञान की बहुवर्णीयता से सभी को आकर्षित करता है।

अथर्ववेद में उल्लेख मिलता है कि भगवान ब्रह्मा ने हरिद्वार, प्रयागराज, उज्जैन और नासिक चार कुंभ स्थापित किए, जिससे यह आयोजन पवित्र माना जाता है। स्कंद पुराण में कुंभ योग बताते हुए कहा गया है 'मेषराशिंगते जीवे मकरे चन्द्र भास्करी। अमावास्या त द ा योग: कुम्भाख्यस्तीर्थनायके।। 'अर्थात' जिस समय बृहस्पति मेष राशि पर स्थित हो तथा चंद्रमा और सूर्य मकर राशि पर हों तो उस समय तीर्थराज प्रयाग में कुंभ-योग होता है।

> **विश्व की लगभग सभी सभ्यताओं का जन्म नदी तटों पर हुआ है, लेकिन भारत तो नदी संस्कृति का ही देश है, उत्तर में सिंधु से लेकर दक्षिण में कृष्णा-कावेरी तक और पूर्व में ब्रहमपुत्र से लेकर पश्चिम में नर्मदा तक भारत की ये पुण्य सलिलाएं अनंतकाल से कोटि-कोटि भारतवासियों के जीवन का उद्धार करती रही हैं ये नदियां मां की तरह ही हमारा भरण-पोषण करती हैं**



कुंभ का आयोजन समाज, धर्म और संस्कृति के समन्वय का प्रतीक है। इसमें प्रमुख अखाड़ों के संत, महात्मा और नागा संन्यासी संसार के संपूर्ण कष्टों के निवारण हेतु तथा समाज, राष्ट्र, और धर्म आदि के कल्याण के लिए अमूल्य दिव्य उपदेश प्रदान करते हैं। प्रयाग में कुंभ के तीन प्रमुख स्नान होते हैं। मकर संक्रांति, मौनी अमावस्या और वसंत पंचमी पर। इन तीनों स्नानों में सर्वप्रथम स्नान निर्वाणी अखाड़े का, द्वितीय स्नान निरंजनी अखाडे का और तृतीय स्नान जूना अखाड़े का होता है। इसके पश्चात् समस्त संप्रदाय के लोगों का होता है। कुंभ-पर्व की प्राचीनता के संबंध में तो किसी संदेह कीआवश्यकता ही नहीं, किंतु यह बात अवश्य महत्त्वपूर्ण है कि कुंभ मेले का धार्मिक रूप में श्रीगणेश किसने किया ? विद्वानों ने यह सिद्ध किया है कि कुंभ मेले के प्रवर्तक आदि शंकराचार्य हैं। उन्होंने कुंभ-पर्व के प्रचार की व्यवस्था धार्मिक संस्कृति को सुदृढ़ रखने के लिए तथा जगत कल्याण की दृष्टि से की थी। उन्हीं के आदर्शानुसार आज भी कुंभपर्व के चारों सुप्रसिद्ध तीर्थों में सभी संप्रदाय के साधु-महात्मागण देश-काल-परिस्थिति अनुरूप लोककल्याण की दृष्टि से धर्म-रक्षार्थ धर्म का प्रचार करते हैं, जिससे सर्वजन कल्याण होता है।

कुंभ का इतिहास कान्यकुब्ज के शासक सम्राट हर्षवर्धन के साथ भी जुड़ा है। हर्षवर्धन कुंभ के अवसर पर प्रयाग में ही रहकर सर्वधर्म सम्मेलन का आयोजन करते और सभी मतावलंबियों के विचार सुनते थे। धार्मिक सहिष्णुता के साथ-साथ महाराज हर्षवर्धन इस अवसर पर अपनी दानशीलता का भी परिचय देते थे। चीनी यात्री वेनसांग के यात्रा विवरण के अनुसार कुंभ में वह अपना सर्वस्व मुक्तहस्त से दान कर देते थे। सम्राट हर्षवर्धन ने अपना समूचा कोष प्रयाग कुंभ के अवसर पर दान कर दिया। जब दान के लिए कुछ और शेष नहीं रहा, तब उन्होंने अपने वस्त्राभूषण तथा मुकुट तक उतार कर दे दिए। जब शरीर पर वस्त्र भी नहीं बचे तो उनकी बहन राज्यश्री ने उन्हें पहनने के लिए वस्त्र दिए। महाराज हर्षवर्धन के त्याग और दान की यह प्रेरक परंपरा कुंभ में अब तक अक्षुण्ण चली आ रही है।

कुंभ केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि इसका वैज्ञानिक और ज्योतिषीय पक्ष भी महत्त्वपूर्ण है। जब सूर्य मकर राशि में और गुरु कुंभ राशि में होते हैं, तब स्नान करने से व्यक्ति के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। संगम के जल में प्राकृतिक खनिज और औषधीय गुण होते हैं, जिससे यह स्नान शरीर की शुद्धि का माध्यम बनता है।

करोड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं के आने के बावजूद यहां आधुनिक तकनीक के प्रयोग और कुशल प्रबंधन ने कुंभ मेले को विश्व का सबसे बड़ा और व्यवस्थित आयोजन बना दिया है। स्वच्छता, सुरक्षा और सुविधा का ऐसा संगम शायद ही कहीं और देखने को मिले। सरकार और प्रशासन ने इसे पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए विशेष प्रयास किए हैं, जिससे यह आयोजन न केवल धार्मिक, बल्कि सामाजिक और पर्यावरणीय संदेश भी देता है।

# हाई बीपी की समस्या को कंट्रोल करने के लिए करें ये वर्कआउट

हार्ट हेल्थ



आज के समय में ज्यादातर लोगों को हाई बीपी की समस्या रहती है। इसलिए ऐसे लोगों को अपनी दवा के साथ खानपान और फिजिकल फिटनेस पर भी उतना ही ध्यान देते हैं। ऐसे में आप बीपी को कंट्रोल करने के लिए डेली रूटीन में कुछ छोटे-छोटे बदलाव करते हैं। साथ ही एक्सरसाइज को रूटीन का हिस्सा बनाने से आपको बीपी कंट्रोल करने में काफी फायदा मिलता है। एक्सरसाइज से आपका दिल मजबूत होता है और ब्लड सर्कुलेशन भी इंप्रूव होता है। साथ ही एक्सरसाइज करने से तनाव कम करने में सहायता मिलती है। आप डेली रूटीन में सिंपल वॉक से लेकर लाइट स्ट्रेच तक कुछ भी कर सकते हैं।

हालांकि इस बात में कोई दोराय नहीं है कि हाई बीपी की समस्या से जूझ रहे लोगों के लिए वर्कआउट बेहद फायदेमंद है। इसलिए आपको कुछ बातों का खास ख्याल रखना चाहिए। हाई बीपी के मरीजों को वर्कआउट रूटीन में कुछ बदलाव करने की जरूरत हो सकती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों को वर्कआउट करते समय किन बातों का खास ख्याल रखना चाहिए।

### कोर्डियो वर्कआउट...

अगर किसी व्यक्ति को हाई बीपी की समस्या है, तो आपको कार्डियो वर्कआउट करना चाहिए। इस दौरान इंटेसिटी को मॉडरेट ही रखें। आप स्विमिंग से लेकर ब्रिक्स वॉकिंग और साइकिलिंग आदि कर सकते हैं। वहीं अगर आप कार्डियो एक्सरसाइज करते हैं, तो इससे आपका ब्लड सर्कुलेशन इंप्रूव होता है और एक्स्ट्रा कैलोरी बर्न होती है। इससे आपको हेल्दी वजन बनाए रखने में सहायता मिलती है। इससे आपका ब्लड प्रेशर भी कंट्रोल में रहता है।

### लाइटवेट करें स्ट्रेंथ ट्रेनिंग

बता दें कि हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों को स्ट्रेंथ ट्रेनिंग कभी मिस नहीं करना चाहिए। इसलिए सप्ताह में 2-3 बार आप लाइटवेट के साथ स्ट्रेंथ ट्रेनिंग करनी चाहिए। आप चाहें तो इसके लिए रेसिस्टेंस बैंड का इस्तेमाल कर सकते हैं। क्योंकि जब आप स्ट्रेंथ ट्रेनिंग करते हैं, तो इससे मसल्स बिल्डअप में सहायता मिलती है। साथ ही इससे मेटाबॉलिज्म बूस्ट होता है और ब्लड सर्कुलेशन में सुधार होता है। वहीं ब्लड प्रेशर को भी कंट्रोल करना आसान हो जाता है।

### हाइड्रेशन का रखें ख्याल

वैसे तो हर किसी को वर्कआउट करते हुए अपने शरीर के हाइड्रेशन लेवल का ख्याल रखना चाहिए। लेकिन अगर आपको हाई बीपी की समस्या है, तो यह अधिक जरूरी हो जाता है। दरअसल, डिहाइड्रेशन से आपके दिल पर एक्स्ट्रा दबाव पड़ता है। इससे ब्लड प्रेशर बढ़ सकता है।

# खरपतवारनाशी ग्लायफोसेट से शिशुओं के स्वास्थ्य को खतरा

स्रोत फीसर्च

एक हालिया अध्ययन में खरपतवारनाशी ग्लायफोसेट के बढ़ते उपयोग का सम्बंध नवजात शिशुओं के जन्म के समय कम वजन और गर्भावस्था के छोटा होने से देखा गया है। इस रसायन का खेती में खूब उपयोग होता है, खासकर अमेरिका में। यह अध्ययन ओरेगन विश्वविद्यालय के एडवर्ड रुबिन और एमेट रेनियर द्वारा प्रोसीडिंग्स ऑफ दी नेशनल एकेडमी ऑफ साइन्सेज में प्रकाशित किया गया है।

शोधकर्ताओं ने 1990 से 2013 के बीच जन्मे एक करोड़ से अधिक नवजात शिशुओं के डैटा का विश्लेषण किया और अलग-अलग जिलों में ग्लायफोसेट के इस्तेमाल की मात्रा का सम्बंध गर्भावस्था अवधि और जन्म के समय वजन से किया। पाया गया कि जिन जिलों में सोयाबीन, मक्का और कपास की जेनेटिकली मॉडिफाइड (जीएम) फसलें उगाई जाती हैं और भारी मात्रा में ग्लायफोसेट छिड़का जाता है, वहां 2005 तक नवजात शिशुओं का औसत वजन 30 ग्राम कम और गर्भावस्था की अवधि 1.5 दिन कम हो गई थी। ये प्रभाव 1996 से पहले नहीं दिखाई दिए थे क्योंकि तब जीएम फसलों का खूब उपयोग शुरू नहीं हुआ था। ग्लायफोसेट-सह फसलें आने के बाद ग्लायफोसेट का अत्यधिक उपयोग शुरू हुआ था। महज अमेरिका में हर साल यह 127000 टन से अधिक छिड़का जाता है। अमेरिकी पर्यावरण सुरक्षा एजेंसी के अनुसार ग्लायफोसेट का सावधानियों के साथ उपयोग सुरक्षित है, लेकिन कुछ शोध में इसका सम्बंध प्रजनन हार्मोन असंतुलन और अल्प गर्भावधि से देखा गया है।

शोधकर्ताओं के मुताबिक इसके आर्थिक प्रभाव भी गंभीर हैं। जन्म के समय कम वजन और छोटी गर्भावधि का सम्बंध दीर्घकालिक स्वास्थ्य समस्याओं से है, जैसे संज्ञानात्मक विकास में देरी, कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली, मधुमेह व हृदय रोग। और शोधकर्ताओं का अनुमान है गर्भावधि में मामूली कमी से नवजात की देखभाल, विशेष शिक्षा, कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली के कारण बीमारी पर खर्च, और प्रभावित व्यक्तियों की कमाई में कमी जैसी समस्याओं से हर साल 1.1 अरब डॉलर से अधिक की हानि होती है।



# साहित्यकार जब चाहता है तो सत्ताएं बदल जाती हैं



पवन सिंह

ये हेडलाइन भी लिफाफा पकड़ कवियों की जो भरी कविता जैसे लगी... चीन की चड्डी खैंच देंगे पाकिस्तान की पों निकाल देंगे। अमे. रिका भरेगा पानी अगर हम नदी नहा लेंगे। हमारे देश में कभी एक मौसम हुआ करता था जब साहित्यकार और कवि सत्ताओं के सामने अडिग और निडर होकर कलम के जरिए बात किया करते थे। अब कलम में 'राग तेलाही' की स्याही भरते हैं और सत्ता के कपाल पर कंपकंपी करते हैं। आज के साहित्यकारों और कवियों ने कलम, शब्द और आवाजों को बत्ती बनाकर उसके तैलीयपन से अपने तथाकथित ओज को जलाए रखने में महारथ हासिल कर रखी है। रही बात हेडिंग चेपने की तो इसमें कौन सी जीएसटी लगती है। दरअसल हकीकत तो ये है कि जब सत्ता चाहती है तो साहित्यकार की कलम बदल जाती है। शब्द बदल जाते हैं। शब्दावली बदल जाती है। शब्दार्थ बदल जाते हैं। भाव और अलंकार बदल जाते हैं। कलम रिरियाने लगती है। वह राग दरबारी गाने और लिखने लगती है। इसलिए सत्ताएं जब चाहती हैं तो सुर-ताल-तबला-सरंगी। सब कुछ उसके मुता. बिक ही बदल जाता है।

कौन साहित्यकार है और कौन नहीं पहले समाज तय करता था। अब साहित्यिक ठेकेदार तय करते हैं। नोएडा मीडिया के तथाकथित साहित्यिक सम्मेलन तय करते हैं। सत्ता के साथ गलबहियों का स्तर और सत्ता के साथ गांठ कितनी सालिड जुड़ी है। यह तय करता है। इसलिए मैं अपने विश्वविद्यालय के पुराने दोस्त और मौजूदा उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक के उक्त कथन से कदापि सहमति व्यक्त नहीं कर सकता कि साहित्यकार जब चाहता है तो सत्ताएं बदल जाया करती हैं। वर्तमान संदर्भ में यह कथन पूर्णतया अतिशयोक्ति अलंकार से भरा हुआ है। क्योंकि अब साहित्यकार और उसकी कलम मलाई की चाल चलती है। वह मलाई निकालने के खांचे खोदती है और फिर पद, पैसा, प्रतिष्ठान और मंचीय सम्मान से सुशोभित होती है। दरअसल यही आज का सच है। इसे स्वीकार करें न करें। कहते हैं साहित्य समाज का दर्पण होता है लेकिन यह दर्पण कभी हुआ करता था अब तो सब कुछ अर्पण करके साहित्यकार भजन गा रहा है। सब कुछ तुझको अर्पण बस इसी अर्पण और 'कलमीय समर्पण' के भव सागर के संगम में गोता लगा रहा है साहित्यकार! कितने स्वनामधन्य साहित्यकार हैं जो मौजूदा सामा. जिक, आर्थिक, राजनीतिक, सामरिक विषयों पर कलम को बंदूक बनायें हुए हैं। किसी की हिम्मत नहीं है जो आज के परिवेश का दर्पण बन सके। अब तो दर्पण बने साहित्यकारों को कहीं भी किसी पन्ने पर न तो जगह मिलती है और न ही तथाकथित साहित्यिक सम्मेलनों में मंच क्योंकि आइना दिखाने वाले साहित्यकारों की श्रेणी में नहीं आते। अब साहित्यकार और साहित्यिक मंच सम्मान और पुरस्कार आदान-प्रदान का शानदार गिव एंड टेक का माधयम हैं। इस बार तू मुझको दे अगली बार मैं तुझको दूंगा। वैसे अब तो सम्मानोध पुरस्कारों का बाकायदा एक शानदार बिजनेस है। पैइसा दे पुरस्कृत हो ले। दुबई से अमेरिका तक पुरस्कार ले। सब कुछ झोलझाल चल रहा है। जब चहुंओर पतन सम्मानित हो रही हो रहा हो तो आवाजों को कौन सुने। आवाजें अब नक्कार खाने की तूतियां हैं और ये तूतियां एक ही गीत गा रही है। तू तक तू तक तूतियां हई जमालो फिलहाल तूतियां शहतूत के फल का पंजाबी नाम है, जो मोरस के पेड़ पर उगता है।



# शिक्षा में स्मार्टफोन के प्रचलन से एकाग्रता व हेल्थ खतरे में

शिक्षा में तेजी से बढ़ते स्मार्टफोन के उपयोग और उसके घातक प्रभावों को लेकर दुनियाभर में हलचल है, बड़े शोध एवं अनुसंधान हो रहे हैं, जिनके निष्कर्षों एवं परिणाम को देखते हुए कड़े कदम भी उठाए जा रहे हैं। शोध एवं अध्ययनों के तथ्यों ने चौंकाया भी है एवं चिन्ता में भी डाला है। पाया गया कि जो छात्र अपने फोन के करीब रहकर पढ़ाई करते हैं, उन्हें ध्यान केंद्रित करने में बहुत मुश्किल होती है, भले ही वे इसका उपयोग न कर रहे हों। स्मार्टफोन के उपयोग से नींद की गुणवत्ता कम होने, तनाव बढ़ने, एकाग्रता बाधित होने, स्मृति लोप होने, अवांछित सामग्री का अधिक उपयोग करने, मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव पड़ने जैसे खतरे उभरें हैं।

इन बढ़ते खतरों को देखते हुए दुनियाभर में कम से कम 79 शिक्षा प्रणालियों ने स्कूलों में स्मार्टफोन पर प्रतिबंध लगा दिया है। जिसे लेकर, कई देशों में बच्चों की शिक्षा और निजता पर इसके प्रभाव को लेकर बहस जारी है। 'संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन' (यूनेस्को) की वैश्विक शिक्षा निगरानी (जीईएम) टीम के अनुसार, 60 शिक्षा प्रणालियों या वैश्विक स्तर पर पंजीकृत कुल शिक्षा प्रणालियों का 30 प्रतिशत ने विशेष कानूनों या नीतियों के माध्यम से 2023 के अंत तक स्कूलों में स्मार्टफोन पर प्रतिबंध लगा दिया है। भारत में अभी इस ओर कोई कदम नहीं उठाया गया है। सर्वेक्षण के आंकड़े यह संकेत देते हैं कि डिजिटल शिक्षा और स्मार्टफोन के इस्तेमाल में बच्चों की भागीदारी तेजी से बढ़ रही है। यह बदलाव शिक्षा के क्षेत्र में नए अवसर पैदा कर रहा है, लेकिन साथ ही इसके साथ कई चुनौतियां भी हैं, डिजिटल शिक्षा को संतुलित और सुरक्षित बनाना आने वाले समय में एक प्रमुख चुनौती है। डिजिटल शिक्षा के बढ़ते प्रभाव के साथ, यह आवश्यक हो गया है कि स्मार्टफोन और इंटरनेट का सही, संयमपूर्ण और सुरक्षित उपयोग सुनिश्चित किया जाए ताकि बच्चों का विकास सही दिशा में एवं समग्रता से हो। निस्संदेह, शिक्षा के बाजारीकरण और नए शैक्षिक प्रयोगों में मोबाइल की अपेक्षाओं को महंगे स्कूलों ने स्टेटस सिंबल बना दिया है। लेकिन हालिया वैश्विक सर्वेक्षण बता रहे हैं कि पढ़ाई में अत्यधिक मोबाइल का प्रयोग विद्यार्थियों के लिये मान. सिक व शारीरिक समस्याएं पैदा कर रहा है। सर्वविदित है कि विभिन्न ऑनलाइन शैक्षिक कार्यक्रमों के चलते छात्र-छात्राओं में मोबाइल फोन का इस्तेमाल तेजी से बढ़ा है।





शाह टाइम्स

# एक बयान और हड़कंप

शनिवार, 22 फरवरी 2025





## USAID

### कैसे काम करता है




यह संस्था देशों की सरकारों, एनजीओ, प्राइवेट सेक्टर और लोकल समुदायों के साथ काम करती है

इसे अमेरिकी संसद से पैसा मिलता है, जिसे यह अलग प्रोग्राम के लिए इस्तेमाल करती है।



यह हेल्थ, एजुकेशन, आर्थिक विकास, लोकतंत्र और गवर्नेंस और डिजास्टर मैनेजमेंट में मदद करती है।

**100** देशों में लगभग यह संस्था काम करती है, जिनमें अफ्रीका, एशिया, लैटिन अमेरिका और मिडिल ईस्ट प्रमुख हैं।

इसका मकसद अमेरिकी विदेश नीति को आगे बढ़ाना और दुनियाभर के अलग-अलग संकट से जूझना है।

# बाइडेन बदलना चाहते थे मोदी की सरकार!

**नई दिल्ली।** गुरुवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से एक बयान दिया गया। इस बयान के मायने साफ हैं कि कहीं ना कहीं अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन भारत की मोदी सरकार को गिराना चाहते थे। इस बयान से अमेरिका तो अमेरिका यहां भारत के राजनीतिक गलियारों में हलचल बढ़ गई है। ऐसे में अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर JIO POLITICS में बाइडन भारत को किस रूप में देखते थे क्योंकि अक्सर मीडिया में इस तरह की बातें सामने आती रही हैं कि बाइडन कहीं ना कहीं अंदरखाने पाकिस्तान का समर्थन करते थे।

## 21 मिलियन डॉलर का है मामला

भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए US एड की तरफ से 21 मिलियन डॉलर लगभग 182 करोड़ रुपये खर्च होने थे। इस मामले पर ट्रम्प ने एक बार फिर से सवाल उठाया है और भारतीय चुनावों में संभावित हस्तक्षेप का संकेत दिया है। ट्रम्प ने बुधवार को बड़ा दावा करते हुए सवाल उठाया कि भारत में मतदान बढ़ाने के लिए अमेरिका को 21 मिलियन डॉलर खर्च करने की क्या जरूरत है। उन्होंने अनुमान लगाया कि पिछली बाइडन सरकार की ओर से किसी और को जिताने की कोशिश की जा रही थी। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिकी सरकार इस मुद्दे पर मोदी सरकार से बातचीत करेगी।

## मोदी के दौर से पहले आया बयान

यह बयान तब आया हैजब एलन मस्क के नेतृत्व वाले सरकारी दक्षता विभाग DOGE ने 16 फरवरी को खुलासा किया कि USAID के तहत भारत में मतदाता टर्नआउट के नाम पर 21 मिलियन डॉलर आवंटित किए थे। साल 2024 के आम चुनावों में, मोदी सरकार पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में नहीं आ सकी। उसे सरकार बनाने के लिए अपने एनडीए सहयोगियों का सहारा लेना पड़ा। ज्यादातर एग्जिट पोल बीजेपी को लोकसभा चुनाव में जीतता हुआ दिखा रहे थे। लेकिन 4 जून को आए परिणाम में एक अलग तस्वीर देखने को मिली।

## कोई बाहरी खर्च किसलिए करता है

ट्रम्प ने FII प्रायोरिटी समिट में कहा, हमें भारत में मतदाता टर्नआउट पर +21 मिलियन खर्च करने की आवश्यकता क्यों है? मुझे लगता है कि वे किसी और को जिताने की कोशिश कर रहे थे। हमें भारतीय सरकार को बताना होगा। यह एक पूरी तरह से नया खुलासा है। हमें भारत सरकार को बताना होगा। क्योंकि जब हम सुनते हैं कि रूस ने हमारे देश में दो हजार डॉलर खर्च किया है तो यह हमारे लिए बड़ा मुद्दा बन जाता है।



## पहले भी उठ चुके हैं सवाल

डोनाल्ड ट्रंप ने इससे पहले भी 21 मिलियन डॉलर खर्च करने पर सवाल उठाया था। उन्होंने इस मुद्दे के जरिए भारत के टैरिफ पर निशाना भी साधा था।

मंगलवार को ट्रंप ने कहा, 'हम भारत को 21 मिलियन डॉलर क्यों दे रहे हैं? उनके पास बहुत ज्यादा पैसा है। वे दुनिया के सबसे ज्यादा टैरिफ लगाने वाले देशों में से एक हैं। हम वहां मुश्किल से ही घुस पाते हैं, क्योंकि उनके टैरिफ बहुत ज्यादा है।

# भारत में बयानबाजियों का दौर शुरू



भारत में इस खुलासे के बाद राजनीतिक दलों में बयानबाजी शुरू हो गई है। भाजपा ने इसे भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था में बाहरी हस्तक्षेप करार दिया और कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि यह विदेशी ताकतों द्वारा भारत की चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करने की कोशिश थी। भाजपा नेता अमित मालवीय ने कहा कि विदेशी संस्थाओं द्वारा भारतीय संस्थानों में व्यवस्थित घुसपैठ की जा रही है।

**राहुल पर क्या बोली कांग्रेस?**

इसके अलावा, कांग्रेस के नेताओं ने भाजपा पर यह आरोप लगाया कि वह इस मुद्दे को राजनीतिक हथियार बना रही है। कांग्रेस का कहना है कि अगर विदेशों से कोई मदद दी भी गई है, तो इसकी जांच होनी चाहिए, लेकिन भाजपा इसे राहुल गांधी पर निशाना साधने के लिए इस्तेमाल कर रही है। गौरतलब है कि राहुल गांधी पहले भी कई बार विदेशों में जाकर भारत के लोकतंत्र को मजबूत करने की अपील कर चुके हैं, जिस पर भाजपा ने उन्हें घेरने की कोशिश की थी।

# चुनावी प्रक्रिया में हस्तक्षेप का आरोप



इस मामले में भारत सरकार की प्रतिक्रिया आनी बाकी है। हालांकि, भाजपा इस मुद्दे को बड़े पैमाने पर उठा रही है और इसे राष्ट्रीय सुरक्षा और संप्रभुता से जोड़ रही है। अब देखना होगा कि मोदी सरकार इस मामले को लेकर अमेरिका से क्या जवाब मांगती है और क्या इसे लेकर कोई औपचारिक कार्रवाई होती है।

**यह हैं कुछ बड़े आंकड़े**

मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए भारत को 2.1 करोड़ डॉलर प्रदान करने के उद्देश्य पर सवाल उठाया था। ट्रम्प ने दर्शकों को कुछ उदाहरण दिए कि राष्ट्रपति बनने से पहले उनका पैसा कहां जा रहा था। सूची में भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए 2.1 करोड़ डॉलर शामिल थे। यूएसएड ने भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए निर्वाचन आयोग को दी थी यह राशि 16 फरवरी को ट्रंप ने जारी किया था डोजियर। भारत में चुनावी हस्तक्षेप का आरोप भी लगाया।

# अमेरिकी सरकारी दक्षता विभाग ने दी थी जानकारी

मुझे भारत और उसके पीएम का बहुत सम्मान है। DOGE, जो बाइडेन प्रशासन के दौरान अमेरिकी मानवीय फंडिंग में अनियमितताओं की जांच के लिए जिम्मेदार है। उनसे घोषणा की कि उसने विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय परियोजनाओं के लिए आवंटित फंड को रद्द कर दिया है। पीएम नरेंद्र मोदी के सलाहकार संजीव सान्याल ने पहले USAID के खुलासे पर प्रतिक्रिया दी थी और इसे मानव इतिहास का सबसे बड़ा घोटाला बताया था।

**बीजेपी ने उठाए थे सवाल**

बीजेपी आईटी सेलप्रमुख अमित मालवीय ने इस मामले में सोशल मीडिया पर लिखा था, यह तेजी से साफ होता जा रहा है कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए ने देश के हितों के विरोधी ताकतों को भारत के संस्थानों में घुसपैठ करने में व्यवस्थित रूप से सक्षम बनाया है, जो हर मौके पर भारत को कमजोर करने की कोशिश करते हैं।

**इस विभाग ने किया खुलासा**

दरअसल, ट्रंप की यह टिप्पणी उस समय आई जब अमेरिकी सरकारी दक्षता विभागने हाल ही में खुलासा किया कि यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट ने भारत में वोटिंग टर्नआउट बढ़ाने के लिए 21 मिलियन डॉलर का अनुदान दिया था।

**बांग्लादेश को भी जारी की थी ऐड**

इसी रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि बांग्लादेश में राजनीतिक हालात मजबूत करने के लिए 29 मिलियन डॉलर खर्च किए गए। बांग्लादेश में हाल ही में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को सत्ता से हटाने की साजिश के आरोप लग चुके हैं, जिससे इस रिपोर्ट की गंभीरता और बढ़ जाती है।



# यूक्रेन को भी जारी की गई थी भारी-भरकम राशि

बुधवार को यूक्रेन में चल रहे युद्ध की ओर मुड़ते हुए, ट्रम्प ने यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की की आलोचना की और उन पर संयुक्त राज्य अमेरिका को एक ऐसे युद्ध में अरबों डॉलर निवेश करने के लिए राजी करने का आरोप लगाया, जिसे वे जीत नहीं सकते। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका ने यूरोप की तुलना में काफी अधिक खर्च किया है, लेकिन कोई वित्तीय लाभ नहीं हुआ है।

**ट्रंप ने जारी किया पूरा बयान**

हमें भारत सरकार को बताना होगा, क्योंकि जब हम सुनते हैं कि रूस ने हमारे देश में लगभग दो हजार डॉलर खर्च किए हैं, तो यह एक बड़ी बात है। उन्होंने दो हजार डॉलर के लिए कुछ इंटरनेट विज्ञापन लिए। यह पूरी तरह से एक बड़ी सफलता है।



झाईयाँ व दाग-धब्बों के लिए अचूक उपाय
असर केवल 7 दिनों में
गोरेपन की क्रीम
Fair Snow™
Cream & Soap
For Men & Women
फेयर स्नो क्रीम व साबुन की विशेषताएँ
• चेहरे का सांवलापन • आँखों के काले घेरे
• काले रंग के निशान • झाँईयां या झुर्रियाँ
• चोट/जले का निशान • मुहाँसों के निशान
अधिक गोरापन पाने के लिए दिन में दो बार फेयर स्नो स्क्रब सोप व माश्चराईजर सोप से चेहरा वॉश करें व रात में क्रीम का प्रयोग करें।
Customer Care No. +91-9756686426

साल बचाएं, डायरेक्ट करे, सीधे प्रवेश
CMS & ED
करें स्थानीय CMO के यहाँ रजिस्ट्रेशन करायें।
(एलोपैथिक मे सम्मानित चिकित्सक बनें)
जो चिकित्सक सेवाएं दे रहे है वो भी मेडिकल कोर्स करें।
DPT, BPT, MPT, DMLT, BMLT
X-RAY Tech, Ultra Sound Technician
OT, Lab Tech, DNYS, BNYS YOGA
Dental Machenic, Dental Hygiene
BA, MA, BSc, MSc, B.Com, M.Com, BBA, MBA
BCA, MCA, B.Ed, BPEd, MPEd, LLB, BSW, MSWE
ANM, GNM, BSc Nursing & Many More Courses..
सम्पर्क करें।
डा० सम्राट क्लीनिक
नावल्टी सिनेमा चौक, मुजफ्फरनगर
M.: 9412211108, 9359406499

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

स्पेशल देशी दवाईयों द्वारा पक्का इलाज
भयंकर बवासीर भयानक से भयानक है, काफी इलाज करा चुके हैं परेशान है। फौरन सम्पर्क करें बवासीर जड़ से खत्म। डिश खिसक चुकी है दर्द व नसें सुन्न हो चुकी हैं। चलने फिरने में परेशानी है बिना ऑपरेशन अचूक इलाज। घुटनों का दर्द पम्प के जरिए नसों को खोल. कर पक्का इलाज लाइलाज गठिया 100% पक्का इलाज। पथरी रेत बनकर बाहर, गुप्त रोगों का जादुई इलाज, शुगर रोगी एक बार जरूर मिले, शरीर में कहीं भी गांठ पक्का इलाज, जिनके बच्चे नही होते 100 साल पुराना नुस्खा।
फोन न0- 9756686426